डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

₹71900 10 ग्राम
₹91000 01 किलो
सेंसेक्स 78,699.07 +226.59 | डॉलर 85.388 +0.112

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर



पौष कृष्ण पक्ष 30, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), सोमवार, 30 दिसंबर 2024, वर्ष-31, अंक-76, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

पेज-10 333 रनों की हुई ऑस्ट्रेलिया की...

# मुख्यमंत्री के निर्देश पर कैमरून में फंसे झारखंड के 47 प्रवासी श्रमिकों में से 11 की हुई वापसी

**बाकी बचे 36 श्रमिकों की वापसी भी सुनिश्चित की जा रही है**

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के निर्देश पर कैमरून में फंसे झारखण्ड के 47 प्रवासी श्रमिकों में से 11 श्रमिकों की सुरक्षित वापसी हो गई। सभी श्रमिकों को श्रम विभाग ने उनके गंतव्य स्थान तक पहुंचाया गया। बाकी बचे 36 श्रमिकों की वापसी भी सुनिश्चित की जा रही है।

### यह है मामला

मालूम हो कि सेंट्रल अफ्रीका के कैमरून के मेसर्स ट्रांसरेल लाइटिंग लिमिटेड में कार्यरत झारखण्ड के हजारीबाग, बोकारो एवं गिरिडीह जिला के 47 श्रमिकों के वेतन भुगतान और कंपनी द्वारा अच्छा व्यवहार नहीं किए जाने की जानकारी मुख्यमंत्री को प्राप्त हुई थी। इसके बाद मुख्यमंत्री ने राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष को त्वरित कार्रवाई का निर्देश दिया था।राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष ने त्वरित कार्रवाई करते हुए श्रमिकों और संबंधित कंपनी से संपर्क कर मामले का सत्यापन किया। मामले के सत्यापन के उपरांत श्रम सचिव मुकेश कुमार एवं कमिश्नर संजीव कुमार बेसरा के निदेशानुसार संबंधित जिलों के श्रम अधीक्षकों ने नियोजकों/नियोक्ताओं और बिचौलियों (मिडिलमैन) के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज कराया और फंसे हुए श्रमिकों को सुरक्षित वापस लाने की प्रक्रिया शुरू की गई। शेष पेज 11 पर



### श्रमिकों के पारिश्रमिक का भुगतान हुआ

कंट्रोल रूम की टीम लगातार ई-मेल और फोन के माध्यम से अधिकारियों, कंपनी एवं श्रमिकों से संपर्क करते हुए श्रमिकों का कुल 39,77,743 बकाया रुपये का भुगतान कराया गया है। इसके बाद 27 दिसंबर 2024 को 47 श्रमिकों में से 11 श्रमिकों का पहला समूह कैमरून से भारत के लिए सुरक्षित वापसी कर हुई। झारखण्ड पहुँचने पर श्रम विभाग के अधिकारियों ने श्रमिकों का स्वागत बिरसा हवाई अड्डे पर किया।

### श्रमिकों ने सीएम का जताया आभार

सकुशल अपने राज्य लौटे सभी श्रमिकों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का आभार व्यक्त किया है। श्रमिकों ने कहा कि मुख्यमंत्री के त्वरित कार्रवाई एवं सतत प्रयास से वे लोग अपने घर सकुशल लौटे हैं।

## एक नजर

### भाजपा नेता रमेश सिंह से पीएलएफआई ने मांगी रंगदारी, मामला दर्ज

**रांची।** भाजपा नेता रमेश सिंह से उग्रवादी संगठन पीएलएफआई ने रंगदारी मांगी है। इसको लेकर रांची के सुखदेवनगर थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई है। भाजपा नेता रमेश सिंह की ओर दिए गए आवेदन में कहा गया है कि शनिवार को एक व्यक्ति ने फोन पर खुद को पीएलएफआई से जुड़े होने की बात कही। कहा कि संगठन को सहयोग करें, संगठन भी आपका सहयोग करेगा। संगठन के कमांडर सहित सदस्यों की भी नजर आप पर है। अगर संगठन को सहयोग नहीं किया गया तो आपके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। एफआईआर दर्ज होने के बाद पुलिस छानबीन में जुट गई है। पुलिस फोन करने वाले व्यक्ति का लोकेशन ट्रेस कर रही है। इसके लिए तकनीकी सेल से भी मदद ली जा रही है।

### पूजा सिंघल का निलंबन जल्द होगा वापस



**रांची।** निलंबित आईएएस पूजा सिंघल का निलंबन जल्द वापस (सस्पेंशन रिवोक) लिया जायेगा। इसके लिए कार्मिक विभाग ने फाइल आगे बढ़ा दी है। चीफ सेक्रेट्री की अध्यक्षता में बनी कमेटी इस पर विचार कर रही है। कमेटी की अनुशंसा के आलोक में निलंबन वापस लिया जा सकता है। जानकारी के मुताबिक, पूजा सिंघल का निलंबन खत्म करने के लिए कानूनी जानकारों से राय ली गयी है।

**7 दिसंबर को जेल से रिहा हुई हैं पूजा सिंघल :** बता दें कि मनरेगा घोटाला मामले में पूजा सिंघल को ईडी ने 11 मई को गिरफ्तार किया था। ईडी ने पांच मई 2022 को पूजा सिंघल के 25 ठिकानों पर छापेमारी की थी। छापेमारी के दौरान पूजा सिंघल के सीए सुमन सिंह के आवास और कार्यालय से 19.31 करोड़ रुपये की नकदी बरामद हुई थी। पूजा सिंघल को इसी महीने की 7 दिसंबर को बीएनएस कानून के तहत जेल से रिहा किया गया है।

### मन की बात में बोले पीएम मोदी

# संविधान हमारे लिए गाइडिंग लाइट



**कुंभ में भाग लें, तो समाज में विभाजन और नफरत की भावना को खत्म करें**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को इस साल की आखिरी मन की बात की। इस दौरान पीएम मोदी ने मन की बात के 117वें संबोधन में संविधान को देश का पथ प्रदर्शक बताया। पीएम मोदी ने महाकुंभ की भव्यता का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि 2025 में 26 जनवरी को हमारे संविधान को लागू हुए 75 वर्ष होने जा रहे हैं। हम सभी के लिए बहुत गौरव की बात है।हमारे संविधान निमाताओं ने हमें जो संविधान सौंपा है, वो समय की हर कसौटी पर खरा उतरा है। संविधान हमारे लिए गाइडिंग लाइट और मार्गदर्शक है। संविधान की वजह से ही आज में आपसे बात कर पा रहा हूं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'मन की बात' के 117वें एपिसोड में कहा, 13 जनवरी से प्रयागराज में महाकुंभ का आयोजन होने जा रहा है। इस समय संगम तट पर भव्य तैयारियां चल रही हैं। जब हम कुंभ में भाग लें, तो समाज में विभाजन और नफरत की भावना को खत्म करने का संकल्प लें। कुंभ आयोजन में पहली बार एआई चैटबॉट का इस्तेमाल किया जाएगा। एआई चैटबॉट के जरिए कुंभ से जुड़ी सभी तरह की जानकारी 11 भारतीय भाषाओं में उपलब्ध होगी। कहीं कोई भेदभाव नहीं है, कोई बड़ा नहीं है, कोई छोटा नहीं है। इसलिए हमारा कुंभ एकता का महाकुंभ भी है। श्रद्धालुओं को उनके मोबाइल फोन पर सरकार द्वारा स्वीकृत टूर पैकेज, आवास और होमस्टे की जानकारी दी जाएगी। पीएम मोदी ने आगे कहा कि महाकुंभ की विशेषता केवल इसकी विशालता में ही नहीं है, कुंभ की विशेषता इसकी विविधता में भी है।इस आयोजन में करोड़ों लोग एक साथ एकत्रित होते हैं। लाखों संत, हजारों परम्पराएं, सैकड़ों संप्रदाय, अनेकों अखाड़े, हर कोई इस आयोजन का हिस्सा बनता है। कहीं कोई भेदभाव नहीं दिखता है, कोई बड़ा नहीं होता है, कोई छोटा नहीं होता है। अनेकता में एकता का ऐसा दृश्य विश्व में कहीं और देखने को नहीं मिलेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, डिजिटल नेविगेशन की शेष पेज 11 पर

# हाथियों के झुंड ने बुजुर्ग महिला की ली जान

**नवीन मेल संवाददाता**



**भंडरिया।** पलामू प्रमंडल अंतर्गत गढ़वा जिले के दक्षिणी वन क्षेत्र वाले इलाकों में कोहराम मचा रहे गजराजों के झुंड ने शनिवार की रात एक महिला को कुचल दिया। इससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गयी। मृतक की पहचान भंडरिया के कोरहटी निवासी भगमनिया कोरइन (65) के रूप में की गयी। सूचना के बाद रविवार को वन विभाग के अधिकारियों ने घटनास्थल पर पहुंच कर मामले की जानकारी ली। ग्रामीण बताते हैं कि भंडरिया बाजार से लौटने के बाद उक्त महिला देर रात तक घर नही पहुंची, जंगल किनारे अपने रिश्तेदार के यहां चली गयी। इसी बीच घर जाने के दौरान हाथियों के झुंड ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। भंडरिया मुख्यालय में हुई घटना से पहले शनिवार की देर शाम हाथियों के झुंड का भंडरिया के जंगलों में होने की जानकारी के बाद वन विभाग ने रेड अलर्ट जारी किया था। इसके अलावे सायरन बजाकर वन विभाग ने भंडरिया के लोगों को जागरूक किया, लेकिन महिला की जान चली गयी। इस तरह शनिवार की रात हुई मौत शेष पेज 11 पर

### अब लातेहार जिले से होकर गुजरेगी कुंभ स्पेशल ट्रेन

लातेहार। रेलवे के हाजीपुर जोन ने चार कुंभ स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है, जिसमें से एक ट्रेन लातेहार जिले से होकर गुजरेगी। दरअसल, प्रयागराज में लगने वाला कुंभ को लेकर लोगों में उत्साह चरम पर पहुंचने लगा है। हर कोई प्रयागराज पहुंचने के लिए ट्रेनों पर सीट आरक्षित कराने की जुगत में है। इस बीच रेलवे के हाजीपुर जोन ने चार कुंभ स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। चार स्पेशल ट्रेन में से एक ट्रेन लातेहार जिले से होकर गुजरेगी। बताया जा रहा है कि तितलागढ़-टूंडला-तितलागढ़ 08314 और 083813 लातेहार इलाके से होकर गुजरेगी। तितलागढ़-टूंडला कुंभ स्पेशल ट्रेन 09, 16, जनवरी, 06, 20 एवं 27 फरवरी तितलागढ़ से शाम पांच बजे खुलेगी और पलामू, प्रयागराज से होते हुए टूंडला तक जाएगी। वहीं टुंडला से प्रयागराज, पलामू होते हुए तितलागढ़ 08313 11,18, 25 जनवरी ,08, 22 फरवरी और 01 मार्च को टुंडला जक्शन से शाम पांच बजे खुलेगी और रात 11 बजे तितलागढ़ पहुंचेगी। ट्रेन राउरकेला, हटिया, रांची, मुरी, बरकाकाना, टोरी, बरवाडीह, डाल्टनगंज, गढ़वा रोड, जपला, डेहरी ऑन सोन, शेष पेज 11 पर

# रांची के तमाड़ में सड़क हादसा, तीन युवकों की मौत, एक गंभीर

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** जिले के तमाड़ थाना क्षेत्र में सड़क हादसे में तीन युवकों की मौत हो गयी, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है। उसे बेहतर इलाज के लिए रिम्स भेजा गया है। हादसे के बाद आवागमन कुछ देर के लिए बाधित हुआ था। एक घंटे के बाद प्रशासन की पहल पर हाईवे पर आवागमन सामान्य हुआ। तमाड़ के थाना प्रभारी रौशन कुमार झा ने बताया कि परिजनों को सड़क हादसे की जानकारी दी जा चुकी है। वे तमाड़ के लिए निकल चुके हैं।

**रांची-टाटा-राजमार्ग पर सड़क हादसा :** रांची-टाटा-राजमार्ग पर कांची नदी के समीप रविवार को एक ट्रक की चपेट में दो बाइक आ गयी। इससे एक बाइक पर सवार तीन युवकों की मौके पर ही मौत हो गयी, जबकि दूसरी बाइक पर सवार एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय प्रशासन की मदद से घायल को बेहतर इलाज के लिए रिम्स भेजा गया।

**दो बाइक से जा रहे थे पिकनिक मनाने :** बाइक सवार दोस्तों का ग्रुप जमशेदपुर से रांची के जोन्हा फॉल के लिए निकला था। वे पिकनिक मनाने जा रहे थे। इसी बीच तमाड़ थाना क्षेत्र की कांची नदी के समीप डायवर्सन में एक ट्रक ने दोनों मोटरसाइकिल सवारों को पीछे से टक्कर मार दी। इससे ये हादसा हुआ है। घटना के बाद हाईवे पर कुछ देर के लिए आवागमन बाधित रहा। प्रशासन की मदद से एक घंटे के बाद हाईवे पर आवागमन सामान्य हुआ।

**परिजनों को दे दी गयी है हादसे की सूचना :** तमाड़ के थाना प्रभारी रौशन कुमार झा ने बताया कि पांच दोस्त बाइक से शेष पेज 11 पर

## आज कल




# महावीर मंदिर न्यास के सचिव आचार्य किशोर कुणाल का हार्ट अटैक से निधन



**पटना (एजेंसी)।** पटना के महावीर मंदिर न्यास के सचिव किशोर कुणाल का निधन हो गया है। वे 74 वर्ष के थे और उन्होंने महावीर वात्सल्य अस्पताल में अंतिम सांस ली। जानकारी के अनुसार आचार्य किशोर कुणाल का निधन दिल का दौरा पड़ने के कारण हुआ। हार्ट अटैक के बाद उन्हें तुरंत पटना के महावीर वत्सला अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका निधन हो गया। किशोर कुणाल ने महावीर मंदिर न्यास के संचालन में महत्वपूर्ण योगदान दिया और मंदिर के विकास में उनकी भूमिका अहम रही। उनके निधन से समाज और धार्मिक क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। पूर्व आईपीएस आचार्य किशोर कुणाल ने सामाजिक कार्यों में सक्रिय रूप शेष पेज 11 पर

# दक्षिण कोरिया विमान हादसे में 179 यात्रियों की मौत



**मुआन (एजेंसी)।** रविवार को दक्षिण कोरिया में एक दर्दनाक विमान हादसा हुआ, जब जेजू एयर का बोइंग 737-800 विमान रनवे पर उतरते समय दुर्घटनाग्रस्त हो गया। यह विमान बैंकॉक से लौट रहा था और उसमें 181 लोग सवार थे। स्थानीय समयानुसार सुबह 9:07 बजे, मुआन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर लैंडिंग के दौरान, लैंडिंग गियर में खराबी के कारण विमान रनवे से फिसलकर बाड़ से जा टकराया। इस हादसे में 179 लोगों की मौत हो गई, जबकि केवल दो लोग जीवित बचे हैं। न्यूज एजेंसी के अनुसार, अब तक बचाव कर्मियों ने 120 शव बरामद किए हैं। विमान में 175 यात्री और 6 चालक दल के सदस्य सवार थे। इनमें से 173 यात्री दक्षिण कोरियाई नागरिक थे, जबकि 2 अन्य यात्रियों के पास थाई पासपोर्ट था। अधिकारियों का कहना है कि विमान पक्षियों के झुंड से टकरा गया था, जिससे लैंडिंग गियर में खराबी आ गई। सोशल मीडिया पर सामने आए वीडियो में विमान को रनवे पर फिसलते और आग की लपटों में घिरते हुए देखा जा सकता है। यह भी बताया गया कि विमान ने एक बार लैंडिंग की कोशिश की थी, लेकिन असफल शेष पेज 11 पर

# राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी कुमुदनी कुल्लू शादी के बंधन में बंधी



**सिमडेगा।** जिले के केरसई प्रखंड अंतर्गत बासेन कुम्हार टोली वासी राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी कुमुदनी कुल्लू सिमडेगा जिला के ही तामड़ा निवासी अमित सोरेंग के साथ शादी के बंधन में बंधी। कई राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में झारखंड टीम का शेष पेज 11 पर

## इंडिया

# विकसित भारत के लिए कम करनी होंगी छुट्टियां



**सुनील बादल**
कार्यकारी संपादक

छुट्टियां सभी को अच्छी लगती हैं पर देश के लिए इसे बढ़ाने पर नहीं कम करने पर सहमति हो। दो दिनों बाद नया साल आनेवाला है और भारत के अधिकांश पढ़े लिखे लोग एक जनवरी को काम नहीं करेंगे। कुछ तो साल के अंतिम दिनों से लगातार छुट्टी मना रहे हैं। उत्सवप्रिय देश भारत में बात बात पर छुट्टी की प्रवृति बढ़ती हुई गांवों से लेकर उस वर्ग तक पहुंच गई है जो हर दिन कमाकर खाने वाले निम्न वर्ग के हैं और पहले खाने पीने के नाम पर काम नहीं छोडते थे। इस उत्सव के माहौल में प्रश्न यह है कि यदि सभी लोग ऐसा करने लगें तो क्या होगा? यह ठीक है कि उत्सव मनाने पर किसी को रोक नहीं है पर टीवी चैनलों से प्रेरणा लेकर या देखा देखी शराब पीना और पिकनिक के नाम पर हुड़दंग मचाना आम बात है और इसी कारण बहुत से लोग घरों से बाहर तक नहीं निकलते। नया साल सभी के लिए है क्या अमीर क्या गरीब पर विकसित देशों की तरह हम भारतीयों में खाओ पियो और मौज करो की प्रवृति बढ़ती जा रही है जबकि उन विदेशियों से हमने यह नहीं सीखा कि वे शेष दिनों में काम से कोई समझौता नहीं करते और उनके सप्ताह या महीने से लेकर साल भर के काम के अनिवार्य घंटे निर्धारित हैं जबकि भारत में सरकारी कार्यालयों में बायोमेट्रिक प्रणाली से हाजरी की बाध्यता के बीच भी कुछ लोगों ने रास्ता निकाल लिया कि समय पर हाजरी लगाकर बाहर घूमने फिरने या घरों में सोने तक से बाज नहीं आते जबकि वे भी सेवाओं में देरी के शिकार भी होते हैं। कर्मचारियों के दबाव से अधिक जातीय आधार पर गोलबंद लोगों का वोट लेने के लिए विभिन्न राज्य सरकारें बात बात पर छुट्टी घोषित करती हैं। सबसे अधिक छुट्टियां गर्मी छुट्टी के नाम मोटे तौर पर परंपरिक रूप से शिक्षा विभाग और न्यायालयों में होती है जबकि दोनों के पास बड़ी चुनौतियां हैं । बहुत पहले जब गर्मी या ठंढक को नियंत्रित करने के साधन नहीं थे तब अंग्रेजों ने गर्मी या शीतकालीन छुट्टियों का प्रावधान किया था पर अब देशहित में वातानुकूलित कार्यालयों या पंखे लगे स्कूलों में छुट्टियों की समीक्षा की जानी चाहिए। कर्मचारियों को आराम देने के लिए दुनिया भर की कंपनियों में छुट्टी के अलग-अलग नियम हैं। कर्मचारी अक्सर खुद को लंबे समय तक काम करते हुए ज्यादा मेलजोल नहीं रख पाते हैं। इसका उनके मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। ताजगी भरी छुट्टियां उन सभी नकारात्मक दुष्प्रभावों को दूर करने में चमत्कार कर सकती हैं। दुनिया में सबसे




अधिक छुट्टी नेपाल और ईरान में 34 दिनों की होती हैं। श्रीलंका और बांग्लादेश में 33 छुट्टियां दी जाती हैं। भारत में औसतन लगभग 21 सार्वजनिक छुट्टियां दी जाती हैं। सचिवालय में पांच दिवसीय कार्यालय व्यवस्था के साथ झारखंड में 22 राजपत्रित और 16 कार्यपालक आदेश वाली कुल 38 अवकाश 2025 में घोषित हैं जो रविवार या अन्य अवकाश को छोड़कर हैं। सार्वजनिक छुट्टियां बढ़ाने का सीधा असर उत्पादकता पर पड़ता है और बैंकों में अवकाश से व्यवसाय संचालन धीमा हो सकता है। इसका प्रभाव विनिर्माण या खुदरा कारोबार पर बहुत अधिक पड़ता है और जो सार्वजनिक छुट्टियों पर खुले रहते हैं उन्हें अतिरिक्त स्टाफिंग और ओवरटाइम लागत से परिचालन व्यय बढ़ जाता है। इसका एक अच्छा पहलू भी है सार्वजनिक छुट्टियों के समय पर्यटन और आतिथ्य उद्योगों में में वृद्धि होती है पर इसका लाभ निम्न मध्यमवर्गीय परिवारों तक कम पहुंचता है। कुछ व्यवसायों के लिए यह अवसर भी होता है। कंपनियां ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए छुट्टी-थीम वाले प्रचार और विज्ञापन अभियान बनाती हैं जैसे छूट, पुराने ग्राहकों या नए उत्पाद। प्रति दिन लगभग पांच करोड़ ऑनलाइन ऑर्डर करने वाला भारत विश्व का अग्रणी देश है पर जो व्यवसाय वस्तुओं और सेवाओं की डिलीवरी पर निर्भर हैं, वे बाधित होती हैं। शिपिंग और लॉजिस्टिक्स सहित कई परिवहन सेवाओं की सार्वजनिक छुट्टियों के दौरान उपलब्धता कम हो सकती है या लागत बढ़ सकती है। वैश्विक सोच के साथ चल रही बहुराष्ट्रीय कंपनियां भारत में नकारात्मक प्रभाव को कम करने के लिए उपाय करेंगी ही क्योंकि इससे उनका भी हित जुड़ा है। सर्वाधिक विदेशी कंपनियों से सजे बेंगलुरु ने इसकी अगुवाई भी कर दी है वहां बात बात पर बंदी नहीं होती और किसी कार्यदिवस में छुट्टी होने पर दूसरे दिन उसकी भरपाई की जाती है इन्फोसिस के संस्थापक नारायण मूर्ति सप्ताह में 70 घंटे काम करने की बात करते हैं। उन्होंने इंडिया के वर्क कल्चर की तुलना चीन से करते हुए कहा कि चीन के नागरिक भारत की तुलना में 3.5 गुना ज्यादा उत्पादक हैं। भारत में 80 करोड़ नागरिक को मुफ्त राशन मिलता है। ऐसे में देश के विकास के लिए हमें ही कड़ी मेहनत करनी होगी। अगर हम कड़ी मेहनत नहीं करेंगे तो कौन करेगा। वह कहते हैं कि अगर भारतीय कर्मचारी अपने काम के प्रति समर्पण नहीं करते हैं तब तक देश में गरीब और अल्पविकास का जोखिम बना रहेगा। चीन में लागू वर्क कल्चर को लेकर कानून चीन में काम के लिए नियम लागू है जिसमें सप्ताह में 40 घंटे काम करना होता है। इस कानून के बावजूद कर्मचारी हफ्ते में 72 घंटे काम करते हैं। चीन का बहिष्कार करने के बजाय हमें अपने में सुधार लाना चाहिए।

# पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की अस्थियां यमुना घाट पर विसर्जित की गईं



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की अस्थियां रविवार को गुरुद्वारा मजनू का टीला साहिब के पास यमुना घाट पर विसर्जित कर दी गईं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के पार्थिव देह का अंतिम संस्कार शनिवार को दिल्ली के कश्मीरी गेट स्थित निगमबोध घाट पर पूरे राजकीय सम्मान के साथ किया गया था। राज्यसभा सांसद विक्रमजीत सिंह साहनी ने कहा कि बहुत सम्मान के साथ पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की अस्थियों को गुरुद्वारा मजनू का टीला के अस्थि घाट पर यमुना नदी में विसर्जित किया गया। यह बहुत भावुक क्षण था। दिवंगत डॉ मनमोहन सिंह के परिवार ने गुरुद्वारे में शब्द कीर्तन (गुरु ग्रंथ साहिब का संगीतमय पाठ), पाठ (गुरबानी का पाठ) और अरदास कराए हैं। इस बीच, पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की पत्नी गुरशरण कौर भी कीर्तन और गुरु पाठ के लिए गुरुद्वारा मजनू का टीला पहुंची थीं।

## एक नजर

### त्रिशूल दीक्षा समारोह का आयोजन



**विश्रामपुर।** नगर परिषद मुख्यालय स्थित ऐतिहासिक पंचमुखी मंदिर प्रांगण में विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल द्वारा रविवार को त्रिशूल दीक्षा समारोह का आयोजन किया गया। त्रिशूल दीक्षा के तहत विश्व हिंदू संगठनों के सदस्यों के बीच संगठन द्वारा धर्म रक्षा त्रिशूल प्रदान किया गया।साथ ही धर्म की रक्षा करने के प्रति सभी को शपथ भी दिलाई गयी।हिंदूवादी संगठन के पदाधिकारियों ने बताया कि एकजुट होकर हिंदू धर्म की रक्षा के लिए त्रिशूल धर्म शस्त्र धारण किया है। यह त्रिशूल हथियार नहीं,बल्कि धर्म का प्रतीक है। कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड अध्यक्ष मुन्नू बक्सराय,मंत्री राजकुमार मेहता,पलामू जिला सुरक्षा प्रमुख विकाश गुप्ता उर्फ मोनू बाबू,बजरंग दल प्रखंड संयोजक अंश सोनी,रौशन सोनी,दीपक सोनी,अभिषेक मेहता,सत्येंद्र कुशवाहा,खुटुल ठाकुर,नागेंद्र कुमार,पप्पू कुमार सहित हिंदूवादी संगठन के कई सदस्य मौजूद रहे।

# रेलवे क्रॉसिंग पर अंडरपास और ओवरब्रिज निर्माण की मांग को लेकर ग्रामीणों ने सांसद को ज्ञापन सौंपा

नवीन मेल संवाददाता

**हैदरनगर।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय रेलमंडल के बीडी रेलखंड पर हैदरनगर व कोसीआरा रेलवे स्टेशन के बीच हैदरनगर बस स्टैंड स्थित रेलवे क्रॉसिंग 50 सी पर ओवर ब्रिज या अंडर पास के निर्माण यथाशीघ्र कराने की मांग को लेकर सांसद प्रतिनिधि नरेन्द्र कुमार सिंह के नेतृत्व में ग्रामीणों ने रविवार को पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम को ज्ञापन दिया है। उन्होंने कहा है कि रेलवे क्रॉसिंग 50 सी पर दिन रात जाम की स्थिति बने रहने से सड़क मार्ग भी घंटों अवरुद्ध होने के अलावा आपात स्थिति में



अस्पताल, थाना व ब्लॉक परिसर तक लोगों को ससमय पहुंचना कष्टदायक बना है। इस रेलखंड पर थर्ड रेल लाइन के चालू होने से रेलवे क्रॉसिंग हर 10 मिनट पर बंद होने के बाद आधे घंटे फाटक नहीं खुल पाता। जबकि दंगवार-मोहम्मदगंज वाया जपला मुख्य पथ होने की वजह वाहनों का यहां पर तांता लगा रहता है। उक्त मुख्य पथ झारखंड के विभिन्न हिस्सों के अलावा तीन राज्यों बिहार, उत्तर प्रदेश व छत्तीसगढ़ को जोड़ती है। साथ ही रेलवे क्रॉसिंग के एक ओर थाना, अस्पताल व प्रखंड कार्यालय है, तो दूसरी ओर बाजार व रेलवे स्टेशन भी है। जिससे आम लोगों को एक तरफ से दूसरी तरफ आने जाने में काफी दिक्कत होती है। सांसद विष्णु दयाल राम ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि उनकी इस समस्या का वह शीघ्र निदान कराने की दिशा में हर संभव प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही इस समस्या का निदान करा दिया जायेगा।

# पुलिस की तत्परता से एक माह से लापता व्यक्ति परिजनों से मिला

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** शनिवार की रात्रि 9 बजे हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के देवरी ओपी अंतर्गत देवरी कला निवासी अंशु कुमार चौधरी व विशाल कुमार चौधरी द्वारा संदिग्ध अवस्था में घूम रहे एक व्यक्ति को पकड़ कर देवरी ओपी को सौंपा। देवरी ओपी प्रभारी बबलू कुमार ने बताया कि पकड़ कर लाए गए व्यक्ति से नाम पता पूछने पर उसने



अपना नाम बीरेंद्र कुमार सिंह उर्फ शैलेश पिता टेंगर सिंह यादव ग्राम कमहारी थाना भगवानपुर जिला कैमूर (बिहार) बताया। बिहार के भगवानपुर थाना को सूचित करने पर ज्ञात हुआ कि उक्त व्यक्ति एक माह से लापता था। उक्त व्यक्ति के भाई राजेश कुमार को देवरी ओपी बुलाकर सौंप दिया गया। बबलू कुमार ने बताया कि भगवानपुर थाना से पूरी तरह जांच पड़ताल के बाद उसे सौंपा गया है।

### किशोर कुणाल का निधन, शोक

**नीलांबर पीतांबरपुर।** प्रखंड क्षेत्र के अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के कार्यालय में महावीर मंदिर पटना न्यास के सचिव व राम मंदिर ट्रस्ट के सदस्य आचार्य किशोर कुणाल का रविवार की निधन हो जाने पर शोक सभा कर श्रद्धांजलि दी। उनके निधन पर शोक व्यक्त हुए डॉ.कृष्णकांत दुबे ने कहा कि किशोर कुणाल ने समाज सेवा, धर्म, संस्कृति के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया था। शोकसभा में सब्यसाची धनंजय, अक्षय तिवारी ,राम स्वरूप पांडेय ,राजीव रंजन शुक्ला,सुनील तिवारी , विनय तिवारी, मुरारी पांडेय, राजेन्द्र राय, नरेन्द्र मिश्रा, संजय तिवारी, सोनू पांडेय, व्यास अंकु राय सहित कई लोग शामिल थे।

# फसल बीमा को लेकर मुखिया ने किसानों को किया जागरूक



नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत महुअरी के मुखिया सरिता कुमारी ने झरहा गांव में किसानों के साथ बैठक कर फसल बीमा कराने के लिए जागरूक किया। उन्होंने बताया कि खरीफ व रवि फसल के लिए बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। इससे किसानों को फसल क्षतिग्रस्त होने पर उचित मुआवजा का प्रावधान है। फसल बीमा कराने से किसानों को लाभ होगा। उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार द्वारा किसानों के हित मे कई लाभकारी योजनाएं चलाई जा रही है। किसानों को जागरूक होकर उन योजनाओं से लाभान्वित होने की जरूरत है। मौके पर प्रखंड कर्मी गौतम कुमार मेहता ,पैक्स अध्यक्ष विमलेश पासवान ,कृषि मित्र सुदर्शन सिंह, युगेश कुमार सिंह, बृज बिहारी सिंह, अनिल कुमार सिंह, जितेंद्र कुमार सिंह ,राजू बैठा, भोला सिंह, गोलू कुमार सिंह, छोटू कुमार सिंह, सुनील कुमार सिंह ,जनेश्वर सिंह, धर्मेंद्र मेहता समेत कई अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

# एसडीपीओ ने नाउ योर फ्रेंड्स नाउ योर इनमीज की दी जानकारी

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद थाना परिसर में रविवार को बैठक आयोजित की गई। बैठक में हुसैनाबाद, महिला थाना, देवरी ओपी, दंगवार ओपी के पुलिस पदाधिकारी, मुखिया, और चौकीदार शामिल हुए। बैठक में एसडीपीओ एस मोहम्मद याकूब ने नाउ योर फ्रेंड्स नाउ योर इनमीज पर लोगों को जानकारी देते हुए कहा कि एक दोस्त हमेशा आपके साथ रहेगा और अपना अनुभव ज्ञान आपके साथ साझा करेगा। वैसे कई मामलों में समान विचारधारा वाले लोग भी दोस्त बन जाते है,उनके बीच कोई मतभेद नहीं होता। अगर हम दुश्मन को ले लें तो अलग राय होने की संभावना अधिक होगी, उससे फायदा उठा सकते है । अगर उससे करीबी रिश्ते है, तो उसकी हर गतिविधियों पर नजर रख सकते हैं। इसलिए अपने दोस्तों के करीब रखें और अपने दुश्मनों को और भी करीब रखें। साथ ही उन्होंने विस्तृत रूप से इस टॉपिक पर लोगों को जानकारी दी। इस मौके पर महिला थाना प्रभारी पार्वती कुमारी, देवरी ओपी प्रभारी बबलू कुमार,दंगवार



ओपी प्रभारी सोनू गुप्ता, एएसआई अखिलेश यादव, सुरेश पासवान, रविरंजन सिंह, मुखिया सुदामा यादव, मनोज भारती, ममता देवी, आत्मेश कुमार सिंह, सरिता देवी, सुषमा देवी, नरेश पासवान, चौकीदार सैयद मोहम्मद हुसैन, शिव पासवान, दिलीप पासवान, रमेश राम, दिलीप पासवान, समाजसेवी विमलेश पासवान, रामलखन यादव, प्रशांत कुमार सिंह उर्फ गुड्डू सिंह समेत कई लोग मौजूद थे।

## न्यूज बॉक्स

### जिला पैक्स अध्यक्ष संघ का प्रतिनिधि मंडल ने वित्त मंत्री को सौंपा ज्ञापन




**हुसैनाबाद।** पलामू जिला पैक्स अध्यक्ष संघ का प्रतिनिधिमंडल रविवार को झारखंड सरकार के वित्त मंत्री सह संसदीय कार्य मंत्री राधाकृष्ण किशोर को ज्ञापन सौंपा। संघ के जिला अध्यक्ष कृष्णा बैठा के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में प्रतिनिधि मंडल ने बताया कि हम लोगों ने मंत्री को किसानों से संबंधित समस्याओं के निदान को लेकर ज्ञापन सौपा है। इसमें लिखा है कि सभी पैक्सों को सुदृढ़ करने के लिए आर्थिक सहायता व पैक्स में कार्यरत ऑपरेटर, लेखपाल, अध्यक्षों का मानदेय लागू की जाए, पैक्स द्वारा धान अधिप्राप्ति कार्य के लिए कमीशन कम से कम 50 रुपये किवंटल किया जाए,धान अधिप्राप्ति में पूरे पलामू में एक चावल मिल होने के चलते धान उठाव कराना असंभव है। मिल की संख्या बढ़ाने की जरूरत है। किसानों को पर्याप्त मात्रा में पूरे जिले में बीज उपलब्ध कराई जाए, पलामू जिला में बरसों से झारखंड कोऑपरेटिव बैंक बंद हो जाने के कारण किसानों व पैक्स को बहुत कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। पलामू में कोऑपरेटिव बैंक की स्थापना और शुरू करना हम सभी की प्रमुख मांग है। इन सभी बिंदुओं पर मंत्री से प्रतिनिधि मंडल ने पैक्स अध्यक्षों व किसानों की समस्या का समाधान करने का आग्रह किया। प्रतिनिधि मंडल में अरविंद कुमार सिंह ,अजय कुमार सिंह, सूरज दुबे, कृष्णा गिरी ,बीरबल पांडेय, राजू रंजन सिंह ,शैलेंद्र चौधरी, अभिमन्यु सिंह सहित अन्य कई लोग शामिल थे।

### मां तारा शक्ति दुर्गा मंदिर महायज्ञ कमेटी गठित

**हुसैनाबाद।** मां तारा शक्ति दुर्गा मंदिर में मां दुर्गा की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पांच दिवसीय महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। प्राण प्रतिष्ठा व महायज्ञ को सफल बनाने को लेकर मां तारा शक्ति मंदिर महायज्ञ कमेटी का गठन किया गया। कमेटी में संरक्षक पूर्व मंत्री कमलेश कुमार सिंह,पूर्व मुखिया राम प्रवेश सिंह, विनय कुमार सिंह उर्फ बिनु सिंह, मिथलेश पाठक, संयोजक सूर्या सिंह,अध्यक्ष प्रकाश लाल अग्रवाल, सचिव चंदन सिंह, कोषाध्यक्ष पवन अग्रवाल एवं रतन लाल, मीडिया प्रभारी प्रिंस शर्मा, उपाध्यक्ष राम प्रवेश सिंह, रणजीत पासवान, संजय सिंह, रामराज मेहता, विमलेश सिंह, सह सचिव अजय गुप्ता, मनु सिंह, विनय पासवान, व्यवस्थापक, सुधीर सिंह, बलराम मेहता, बसंत चौहान, दुर्गा शर्मा, लल्लू, सीबी रमन सिंह, हंसराज सिंह, चिराग पासवान, व्यवस्थापक उदय विश्वकर्मा, जल यात्रा प्रमुख रविन्द्र कांस्यकर, पूजा प्रमुख, बीटू बाबा, विपुल बाबा, अखिलेश बाबा, केएन गिरी, जयप्रकाश आदि चुने गए हैं। बैठक में महायज्ञ की रूप रेखा तय की गई। साथ ही यह निर्णय लिया गया कि 15 जनवरी 2025 को अनुमंडल मैदान हुसैनाबाद स्थित मां तारा शक्ति मंदिर परिसर से जल यात्रा निकली जाएगी। जल यात्रा जपला शहर में भ्रमण करते हुए देवरी स्थित सोन नदी से वैदिक मंत्रोचारण के साथ जल उठाएंगे। जल उठाने के बाद पुनः मां तारा शक्ति मंदिर हुसैनाबाद पहुंचेंगे। पांच दिवसीय महायज्ञ की शुरूआत भी 15 जनवरी से होगी, जो 19 जनवरी पूर्णाहूति व भंडारा के बाद संपन्न होगा। इस कार्यक्रम का संचालन योगेंद्र कुमार सिंह उर्फ गुड्डू सिंह ने किया।

# नये साल के अगाज में रंग रोगन के साथ तैयार हैदरनगर के कई देव स्थल



नवीन मेल संवाददाता

**हैदरनगर।** नये साल आगमन पर भक्तों का पुराना वर्ष खत्म होने की बेचैनी बढ़ जाती है। उनका मानना है कि नये साल की शुरूआत भी सर्वप्रथम स्नान व देवों के ध्यान के साथ सुखमय व पारिवारिक शांति के लिये पूजा पाठ करना जरुरी है। क्षेत्र के प्रसिद्ध सिद्धपीठ देवी मंदिर, पुरातात्विक स्थल कबरा कला गांव स्थित सोन नदी के तट पर प्राचीन शिव मंदिर, बाजार क्षेत्र के बड़ा शिवालय, ब्रह्मस्थान, शीतला माता मंदिर सहित कई देवस्थलों को संबधित मंदिर प्रबंध समिति की ओर से साफ सफाई के अलावा रंग रोगन कराकर भक्तों के लिये तैयार किया जाता है। वरिष्ठ समाजसेवी रामप्रवेश सिंह ने बताया कि कबरा कला में नये साल में सैकड़ों प्रबुद्ध लोगों का जमावड़ा पुरातात्विक स्थल देखने को लेकर आगमन होता आया है। उनके यहां आने पर सोन नदी के तट स्थित विशाल टिले पर अवस्थित प्राचीन शिव मंदिर में भक्तों व पर्यटकों की ओर से पूजा अर्चना की जाती है। इसके बाद सोन नदी के बीचो बीच दसशीशा नाथ महादेव का दर्शन भी सुलभ हो जाता है। देवस्थलों के भ्रमण उपरांत सोन नदी के विशालकाय बालू के रेत पर पूरे दिन पिकनिक मनाने का आनंद भी सैलानी लेते हैं। नये साल का अगाज बुधवार को आगमन पर सुबह से स्थानीय प्रसिद्ध देवी मंदिर में दर्शन पूजन को लेकर भक्तों की भीड़ कतारबद्ध होने लगती है। साफ सफाई कराने में जुटे देवी मंदिर प्रबंध समिति के अधक्ष गुरु प्रताप साहिदेव, सचिव रामाश्रय सिंह, कोषाध्यक्ष रविन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि इस मंदिर नये साल शुरू होने के बाद लगातार एक सप्ताह तक भक्तों की भीड़ दर्शन पूजन को लगती है। इस दौरान माता के के मुख्य द्वार पर कई मन्नतें के साथ परिवारों की सुख शांति की कामना करते हैं। इनके स्वागत में मुख्य मंदिर के रंगरोगन व परिसर के साफ सफाई का कार्य पूरा कर लिया गया है।

# श्री सर्वेश्वरी समूह का लगा स्वास्थ्य शिविर



### 4735 मरीजों का इलाज मुफ्त में दिया गया दवा

नवीन मेल संवाददाता

**विश्रामपुर।** नप मुख्यालय स्थित जनता उच्च विधालय के खेल मैदान में रविवार को श्री सर्वेश्वरी समूह के वाराणसी प्रधान कार्यालय व समूह के प्रयागराज शाखा द्वारा मेगा स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। जांच व उपचार के लिए शिविर में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। शिविर में 25 से ज्यादा विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने एलोपैथ,होमियोपैथ व प्राकृतिक पद्धति से 4735 मरीजों का जांचोपरांत मुफ्त उपचार किया। मरीजों को दवा भी निःशुल्क दिया गया। शिविर में पैथलोजी सेंटर भी लगाया गया था, जिसमे जांच के बाद चिकित्सकों द्वारा मरीजों को मुफ्त परामर्श भी दिया गया। इससे पहले शिविर का उद्घाटन गुरुपद संभव राम जी ने परम पूज्य अवधूत भगवान राम जी की पूजा अर्चना के उपरांत दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद गुरूपद संभव राम जी ने शिविर में लगाये गये सभी स्टाल का खुद अवलोकन भी किया। इस दौरान गुरुपद संभव राम जी के दर्शन और आशीर्वाद के लिए पूर्व स्वास्थ्य मंत्री रामचंद्र चंद्रवंशी,बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय के कुलाधिपति दिनेश सिंह सहित कई नामचीन हस्ती भी शिविर में पहुंचे। शिविर के आयोजन में प्रमुख भूमिका विश्रामपुर राज परिवार की बहू सह समूह के मेदिनीनगर शाखा उपाध्यक्ष रागिनी राय का रहा। शिविर की सफलता में राज परिवार के रंजित सिंह राय उर्फ मुन्ना सरकार,समूह के विश्रामपुर शाखा मंत्री नागेंद्र प्रसाद पांडेय,ब्राइट लैंड स्कूल के प्राचार्य राहुल सिंह,चिंसू सिंह व रेड रोज के निदेशक राजन पांडेय का अहम योगदान रहा। मौके पर डॉ. अरुण कुमार,प्रसनजीत बैरल,अजय बक्सराय,ब्राइटलैंड पब्लिक स्कूल की शिक्षक उषा सिंह,इलाहाबाद शाखा के श्रवण सिंह,अनुराग सिंह,सुधीर सिंह,रणधीर सिंह,विजय कुमार रवि,सुनील कुमार चौधरी,राहुल कुमार, दीपक कुमार,चंदन कुमार,विनय कुमार पांडेय,अर्चितानंद पांडेय,गोपाल पांडेय,पिंटू पांडेय,राजू पांडेय,मुकेश कुमार,बबन बक्सराय,सुमन बक्सराय, अजय बक्सराय,रामचंद्र यादव,तीर्थराज सिंह,सोनू पाठक,अजय सिंह, संजय पांडेय सहित कई लोग मौजूद थे।

### रजक समाज की बैठक में संत गाडगे महाराज की जयंती मनाने का निर्णय

**हुसैनाबाद।** रविवार को हुसैनाबाद व्यापार मंडल अध्यक्ष कृष्णा बैठा के जपला धरहरा स्थित आवास पर हुसैनाबाद प्रखंड के रजक समाज के प्रबुद्ध लोगों की बैठक हुई। अध्यक्षता सेवानिवृत्त शिक्षक जगदीश बैठा ने की। संचालन हुसैनाबाद व्यापार मंडल अध्यक्ष कृष्णा बैठा ने की। बैठक में मुख्य रूप से समाज सुधारक, स्वच्छता अभियान के जनक संत गाडगे जी महाराज की जयंती समारोह आयोजित करने पर विचार विमर्श किया गया। उपस्थित सभी लोगों ने जोर देकर कहा कि आगामी 23 फरवरी को हुसैनाबाद के कर्पूरी मैदान में धूमधाम से जयंती मनायी जाएगी। व्यापार मंडल अध्यक्ष कृष्णा बैठा ने कहा कि गाडगे जी कोई व्यक्ति नहीं, बल्कि विचार थे। उनके अधूरे सपने को पूरा करने की जरूरत है। इसकी तैयारी को लेकर सभी लोग अभी से ही इसकी सफलता में लग जाये। मौके पर कोशी पंचायत के प्रमोद कुमार रजक ,मुख्तार बैठा ,मुरारी बैठा ,उमेश बैठा ,गुड्डू रजक ,जनेश्वर बैठा के अलावा समाज के कई लोग मौजूद थे।

## पर्यटन

### पिकनिक मनाने की मनपसंद स्थल है, भौंराहा पर्वतीय निरीक्षण भवन

# संरक्षण के अभाव में खंडहर में परिवर्तित हुआ



नवीन मेल संवाददाता

**मोहम्मदगंज।** सैलानियों के पिकनिक स्पॉट के रूप में पर्यटक स्थल भीमचूल्हा और काशीसोत डैम के अलावा कोई और पसंदीदा जगह है, तो वह भौंराहा पर्वतीय निरीक्षण भवन। भौंराहा पर्वत के मध्य में तब बनाया गया था, जब भीमबराज और मुख्य नहर के निर्माण का प्रारंभिक दौर शुरू हुआ था। तब मंत्री, विधायक और शीर्ष स्तर के अभियंताओं के विश्राम की यह पसंदीदा जगह थी। इसका निर्माण शमीम हैदर नामक ठेकेदार ने 7 लाख के टेंडर में सीमेंट से बनी ईंटों से करवाया था। पहुंच पथ के घुमावदार बनने से वाहनों या पांव पैदल वहां तक पहुंचना रोमांचक लगता था। प्राकृतिक की हरीभरी वादियों में स्थित इस भवन में विश्राम करने का अलग ही आनंद मिलता था। मगर अब संरक्षण के अभाव में सारी सुविधाएं चोर उठा ले गए और बाकी रह गया है तो इसकी 10 कमरों की खंडहरनुमा बिल्डिंग। इसे देखने यह कहावत चरितार्थ होती है कि खंडहर बताती है कि इमारत कितना बुलंद थी। इसके बावजूद सैलानियों के मन में यह स्थान सदैव भाता है। नववर्ष पर तो सैलानियों से पूरा ही गुलजार रहता है। इस स्थल पर पलामू से ट्रांसफर से पहले पूर्व के उपायुक्त शशिरंजन ने पैदल चलकर इसका मुआयना किया था। तब उनके साथ मौजूद फोटोग्राफर सैकत ने बताया था कि उपायुक्त ने नया कैमरा लिया था। जिससे उन्होंने पर्यटक स्थल भीमचूल्हा और पर्वतीय निरीक्षण भवन पर पहुंचकर फोटोग्राफी की शुरूआत की थी। बताया जाता है कि अब भी सिंचाई विभाग का कोई बड़ा अभियंता पहली बार यहां पहुंचते हैं, तो पर्वत के मध्य इसकी भव्यता को दूर से देखने पर नजदीक जाकर इसका मुआयना करने के साथ ही 3 हजार फीट की ऊंचाई से नयनाभिराम नजारा देख आह्लादित होते हैं। उपमुखिया रविरंजन सिंह ने ऊंचे पर्वत के मध्य से नयनाभिराम दृश्यों को निहारते हुए कहा था कि इस धरोहर को संरक्षित नहीं किया गया, तो आने वाले समय में अन्य भवनों की तरह इसका भी नामोनिशान मिट जाएगा।

### पिकनिक स्पॉट पर मजिस्ट्रेटों की प्रतिनियुक्ति

पिकनिक स्पॉट की वजह से अन्य के अलावा इस जगह पर भी पहले मजिस्ट्रेट की प्रतिनियुक्ति की जाती थी। इसके अलावा पंसा सोन-कोयल संगम और काशीसोत डैम स्थल पर भी मजिस्ट्रेटों की प्रतिनियुक्ति की जाती थी। मगर इस बार भीमचूल्हा और भीमबराज गेट दो ही पिकनिक स्पॉट पर मजिस्ट्रेटों की प्रतिनियुक्ति का आदेश जारी किया गया है। प्रखंड कार्यालय से 28 दिसंबर को जारी आदेश के तहत उपरोक्त जगहों पर क्रमशः प्रभंजन कुमार जेई और अविनाश कुमार एई (दोनों मनरेगा) की प्रतिनियुक्ति की गई है। आदेश में कहा गया है कि वर्तमान वर्ष की समाप्ति और नववर्ष के आगमन पर विभिन्न पर्यटक स्थलों,जलाशयों और नदियों के किनारे लोग परिवार और दोस्तों के साथ वनभोज/पिकनिक मनाने पहुंचते हैं। ऐसे में अत्यधिक भीड़ की संभावना बनती है। इसी के लिए दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की जाती है।

# शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा सह यज्ञ को लेकर बैठक



नवीन मेल संवाददाता

**सतबरवा।** प्रखंड क्षेत्र के लोहरा पोखरी स्थित शिव मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा सह यज्ञ को सफल बनाने को लेकर मंदिर के प्रांगण में रविवार को बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता सुरेंद्र पाठक ने की। संचालन करमचंद ने किया। प्राण प्रतिष्ठा सह यज्ञ कार्यक्रम का सुचारू संचालन के लिए कमेटी का गठन किया गया। उपस्थित ग्रामीणों ने सर्वसम्मति से सत्य प्रकाश साव को अध्यक्ष,उदय साव, राजेंद्र शर्मा व सुरेंद्र साव को उपाध्यक्ष, करमचंद साव को सचिव, कुश कुमार को कोषाध्यक्ष, आशीष कुमार सिन्हा को सह संरक्षक तथा सुधीर कुमार, मुधीर साहू,अरुण कुमार, धर्मेंद्र कुमार, सत्येंद्र कुमार, धर्मचंद कुमार, उपेंद्र साव को सदस्य बनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत आगामी 21 फरवरी से हनुमत पूजा, सुंदरकांड पाठ के साथ होगी। 22 फरवरी को जलयात्रा, पंचांग पूजन, मंडप प्रवेश तथा रात्रि में प्रवचन का कार्यक्रम होगा। 23, 24 फरवरी को मूर्ति अधिवास निर्धारित है। 25 फरवरी को नगर भ्रमण होगा। 26 फरवरी को प्राण प्रतिष्ठा, हवन तथा भंडारा का आयोजन होगा। रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ कार्यक्रम की समाप्ति होगी। प्रवचन अयोध्या निवासी समीक्षा पांडेय करेंगी। यज्ञाचार्य अखिलेश पाठक यज्ञ का संचालन करेंगे। बैठक में लोहरा पोखरी,लोहड़ी, नवरंगा सहित कई गावों के दर्जनों लोग मौजूद थे।

## मलय डैम : सैलानियों का नया आकर्षण

# मनोरम वादियों में नौका विहार का आनंद



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नये साल में सैलानियों के लिए मलय डैम आकर्षण का केंद्र बन चुका है। यह डैम प्राकृतिक सुंदरता का अद्भुत उदाहरण है। आसपास की पर्वतीय श्रृंखलाओं और घने जंगलों से घिरा यह स्थान नये साल में पिकनिक मनाने वालों को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। अब मलय डैम में बोटिंग की सुविधाएं उपलब्ध होने से इसकी लोकप्रियता और बढ़ गई है। सतबरवा प्रखंड स्थित यह स्थल कठौतिया मुरमा मलय परियोजना का हिस्सा है, जिसकी शुरूआत सिंचाई के उद्देश्य से की गई थी। परियोजना का मकसद किसानों के खेतों में हरियाली और घरों में खुशहाली लाना था। लेकिन अब डैम की सुंदरता और सैलानियों की बढ़ती दिलचस्पी को देखते हुए इसे एक प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जा रहा है।

**पर्यटकों को मिल रही आधुनिक सुविधाएं :** पर्यटन विभाग और जिला प्रशासन ने डैम स्थल पर शौचालय, बैठने की कुर्सियां, स्ट्रीट लाइट, सड़कों का निर्माण और बोटिंग सुविधाओं का विस्तार किया है। अब यहां मोटर बोट, स्पीड बोट, क्वॉड बोट और पैंडल बोट जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं। सुरक्षा के लिए लाइफ जैकेट्स की भी व्यवस्था की गई है। मलय डैम लगभग तीन से चार किलोमीटर के क्षेत्र में फैला है। चारों ओर फैले पहाड़ और जलाशय सैलानियों को आकर्षित करते हैं। पर्यटक यहां नौका विहार के साथ सुंदर नजारों का आनंद लेते हैं और अपनी यादें सोशल मीडिया पर साझा करना नहीं भूलते। मलय डैम कलाकारों के लिए भी आकर्षण का केंद्र है। नागपुरी और भोजपुरी कलाकार यहां अपने एल्बम की शूटिंग के लिए आते रहते हैं। विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर पलामू डीसी शशि रंजन और अन्य अधिकारियों ने भी डैम का दौरा कर इसे पतरातू डैम की तरह विकसित करने का आश्वासन दिया था।

**मोटर बोट का बढ़ता आकर्षण**

2020 से यहां बोटिंग की शुरूआत हुई, और अब मोटर बोट की संख्या बढ़कर 15 हो गई है, जबकि पैडल बोट की संख्या 10 है। मोटर बोट पर प्रति व्यक्ति किराया 150 रुपये है, और पैडल बोट का किराया 150 रुपये में 30 मिनट का है। बेहतर सड़कों और होटलों की व्यवस्था ने सैलानियों के अनुभव को और सुखद बना दिया है। हालांकि, डैम पर सुविधाओं के विस्तार के बावजूद शौचालय के उपयोग में समस्याएं बनी हुई हैं। पर्यटकों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि दो वर्ष पूर्व निर्मित शौचालय अभी तक खुला नहीं है। पर्यटक चंदन तिवारी ने बताया कि प्रकृति की गोद में बसा यह डैम बेहद खूबसूरत है। यहां बोटिंग का आनंद लेने का अनुभव अनोखा है, और यह स्थान शांत और स्वच्छ है। मुकेश साव ने बताया कि परिवार के साथ समय बिताने के लिए यह एक आदर्श स्थान है। पिकनिक के लिए यह खुला और शांत क्षेत्र है।


# मौसम के दिखे दो रूप : सुबह घना कोहरा व दिन भर खिली रही धूप



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पश्चिमी विक्षोभ के कारण पलामू में शनिवार को मौसम का मिजाज बदला था। इस दौरान पलामू में शनिवार की रात में बूंदाबांदी होती रही। हालांकि मौसम विभाग में रविवार को भी बारिश होने के आसार जताया था। परंतु रविवार की सुबह जहां एक और कोहरे ने सुबह के नौ बजे तक अपना साया बनाए रखा। वहीं पूरे दिन दोपहर के बाद धूप खिली रही। इस दौरान न्यूनतम तापमान घटने की बजाय बढ़ गया। जिससे लोगों पर इसका असर नहीं हुआ। छुट्टियों के दिन तथा रविवार होने की वजह से लोग पिकनिक आदि का आनंद उठाने घरों से निकले। बताते चलें कि मौसम विभाग के द्वारा राज्य के कई जिलों में 28 और 29 दिसंबर की बारिश की संभावना जतायी गयी थी। शनिवार को दोपहर के बाद मौसम ने अपना रंग बदलना शुरू कर दिया है। मौसम विभाग के अनुसार सोमवार से जिले में तापमान में कमी आएगी जिस कारण ठंड बढ़ सकती है। लोगों को इस दौरान शीतलहर का भी सामना करना पड़ सकता है। शनिवार को अधिकतम तापमान 29 डिग्री व न्यूनतम तापमान 14.5 डिग्री सेसि रहा। वहीं रविवार को अधिकतम तापमान घटकर 27.3 डिग्री सेसि और न्यूनतम तापमान बढ़कर 15.3 डिग्री सेसि रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग के अनुसार सोमवार से अधिकतम और न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री तक गिरावट आ सकती है। जिससे ठंड बढ़ने के आसार हैं।

# वित्त मंत्री से मिला ऑटो चालक महासंघ का प्रतिनिधिमंडल



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** रविवार को झारखंड राज्य ऑटो चालक महासंघ मजदूर नेता राकेश कुमार सिंह के नेतृत्व तथा जिलाध्यक्ष रामाकांत दुबे के संचालन में एक प्रतिनिधि मंडल झारखंड सरकार के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर से उनके आवास पर मुलाकात की। इस दौरान वित्त मंत्री को संघ के लोगों ने शॉल ओढ़ा कर तथा पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। मौके पर मजदूर नेता राकेश कुमार सिंह ने कहा कि पिछले दिनों पलामू जिले के तमाम ऑटो चालक जिला प्रशासन के फरमान एवं ट्रैफिक इंचार्ज की मनमानी के खिलाफ कड़ाके की ठंड में लगातार छः दिनों तक आंदोलनरत थे। ऑटो चालक महासंघ के द्वारा न्याय की गुहार वित्त मंत्री से लगाई थी। जिसके बाद तत्परता पूर्वक वित्त मंत्री ने पूरे मामले पर बारीकी से जनहित में जिला प्रशासन से वार्ता कर ठोस पहल किया। जिसे ऑटो चालक महासंघ कभी भुला नहीं सकता। मौके पर ऑटो चालकों ने ट्रैफिक इंचार्ज से मुक्ति दिलाने की गुहार लगाई जिस पर मंत्री ने आश्वासन दिया कि उनके कार्यकाल में पलामू जिला सहित पूरे झारखंड में आम जनता,मजदूर किसान,ऑटो चालको के मान सम्मान एवं स्वाभिमान के साथ ही कानूनी अधिकार का हनन नहीं करने दिया जाएगा। मौके पर अनुज मिश्रा, अरविंद राम, सुमंत गुप्ता, नागेंद्र गुप्ता, रणजीत सिंह, शंभू प्रसाद, सहित अन्य पदाधिकारी महासंघ की ओर से उपस्थित थे।

# मसाले की कीमत में बढ़ोतरी से व्यंजनों का स्वाद फीका

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** महंगाई को हवा देने में मसाले भी पीछे नहीं हैं। कीमत बढ़ने से व्यंजनों का स्वाद तो फीका हुआ है। मसाले के दाम में बढ़ोतरी से मेदिनीनगर का बाजार भी अछूता नहीं है। इनके दाम बढ़ने के कारण घरेलू बजट भी बिगड़ने लगा है। मिर्च, जीरा से लेकर अन्य मसालों की कीमत में राहत मिलने की उम्मीद भी कम है। पलामू में विभिन्न प्रकार के खाने में अलग-अलग तरह के मसाले का बड़े पैमाने पर प्रयोग किया जाता है। साथ ही इनके दाम में बढ़ोतरी होने पर लोगों के जेब पर भी भार बढ़ता है। हालांकि इस बीच लहसुन के दाम में आई कमी के कारण लोगों को थोड़ी राहत मिली है। पूर्व में 400 रुपए प्रति किलो बिक रहा लहसुन ढाई सौ से 350 प्रति किलो बिक रहा है।

**क्यों बढ़ रही है कीमत :** जानकारी के मुताबिक बाजार में विभिन्न क्षेत्रों के विभिन्न राज्यों से आने वाले मसाले की कीमतों में इजाफा होने के कई कारण है। हालांकि तेजी से बढ़ रही महंगाई भी इसका प्रमुख कारण है। वहीं दूसरी ओर फसलों के बारिश तथा अन्य मौसमी परिवर्तनों से नुकसान होने एवं पर्याप्त मात्रा में उपज नहीं होने के कारण भी मसालों के दाम में बढ़ोतरी हुई है।




**मसाले का खुदरा मूल्य**

**जीरा- 320 से 350 रु किलो,**
**काली मिर्च- 750 से 800,**
**हल्दी-180 से 200,**
**लाल मिर्च-200 से 220,**
**धनिया-120 रुपए प्रति किलो, जबकि सरसों 120 रुपए प्रति किलो बिक रहा।**

**छोटे परिवार का बजट 30 से 50 रुपये तक बढ़ा :** मसाले का व्यापार करने वाले चंदन कुमार ने बताया कि खड़ा मसाला के साथ ही पाउडर मसालों की कीमत भी इस साल की शुरूआत की तुलना में 15 से 20 प्रतिशत तक बढ़ गई है। इससे एक छोटे परिवार का मासिक बजट करीब 30 से 50 रुपये प्रति महा बढ़ गया है।

# नव वर्ष को लेकर रात्रि में जांच अभियान तेज



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार के आदेश पर टीओपी 3 प्रभारी भूपेंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में रविवार को विस्फुटा व बैरिया चौक पर वाहन चेकिंग अभियान तथा शराब पी कर वाहन चला रहे चालक का ब्रेथ एनालाइजर मशीन के माध्यम से जांच किया गया। जांच अभियान के तहत लगभग 40 से 45 वाहन चालक का ब्रेथ एनालाइजर मशीन के माध्यम से चेक किया गया। ज्ञात हो की शराब पी कर वाहन चलने पर हजारों रुपया का फाइन का प्रावधान है। शहर थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार ने बताया कि नव वर्ष को लेकर किसी भी तरह की दुर्घटना ना हो इसको देखते हुए शहर के विभिन्न चौक चौराहों पर शराब पी कर वाहन चला रहे चालक की जांच की जा रही है। उन्होंने अपील की कि किसी भी स्थिति में शराब पीकर वाहन न चलाएं तथा न ही ओवर स्पीड में वाहन चलाएं। नव वर्ष पर कई लोग शराब का सेवन कर वाहन चलाते है, जिससे दुर्घटना होने की संभावना ज्यादा बढ़ जाती है। जांच अभियान में कार चालक, ट्रक चालक तथा बाइक चालक के साथ छोटी बड़ी वाहन के चालक का जांच किया जा रहा है। जांच अभियान में टीओपी 3 प्रभारी भूपेंद्र कु सिंह, मनोज राम, श्रवण यादव, कौतुक पांडे, पंचम तिवारी, परवेज खान, सतेंद्र यादव शामिल थे।

# असामाजिक तत्वों के कारण नहीं बदल पा रहा है मेदनीनगर का स्वरूप

### रिवर फ्रंट में कोटा पत्थर से निर्मित धौलपुर की जाली को तोड़ा, बच्चों के लिए बड़ा खतरा



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नगर निगम के द्वारा कोयल नदी के तट पर रिवर फ्रंट का निर्माण कराया गया है। 4.5 करोड़ की लागत से इसका निर्माण किया गया था, लेकिन असामाजिक तत्वों के उत्पात के कारण रिवर फ्रंट की स्थिति दिन प्रतिदिन दयनीय होते जा रही है। ऐसा पहली बार नहीं है कि असामाजिक तत्वों के द्वारा रिवर फ्रंट को बर्बाद करने की कोशिश की गई है। प्रारंभ में ही नगर निगम के द्वारा लकड़ी की कुर्सी बैठने के लिए लगाई गई थी, जिसे सामाजिक तत्वों के द्वारा तोड़ दिया गया था। जिसके बाद नगर निगम के द्वारा सीमेंट से बना चेयर रिवर फ्रंट पर लोगों के बैठने के लिए लगाया गया है, जो लोग रिवर फ्रंट पर घूमने आए बच्चों के साथ किसी भी तरह की अनहोनी ना हो। उसके लिए कोटा पत्थर से निर्मित धौलपुर की जाली भी लगाया गया है, जिसको असमाजिक तत्वों के द्वारा तोड़ दिया जा रहा है। धीरे-धीरे वह बढ़ते ही जा रहा है हालांकि नगर निगम ने कई बार सीसीटीवी लगाने की बात कही पर अभी तक इस पर अमल नहीं हो सका। सीसीटीवी नहीं होने के कारण असामाजिक तत्व इसका फायदा उठाते है, जिससे नुकसान नगर निगम के साथ साथ आम पब्लिक को भी होता है।

## स्कूली बच्चे शैक्षिणिक भ्रमण पर गए

**खरौंधी।** अयांश इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल, चंदनी खरौंधी के विद्यार्थियों ने रेनुकूट स्थित रिहंद डैम और अन्य महत्वपूर्ण स्थलों की शैक्षिणिक भ्रमण पर गए। इस यात्रा का उद्देश्य छात्रों को प्राकृतिक संसाधनों, जल संरक्षण, और बांध की उपयोगिता के बारे में व्यावहारिक जानकारी देना था। इस अवसर ने विद्यार्थियों को उनके पाठ्यक्रम में शामिल विषयों को व्यवहारिक रूप से समझने का अवसर प्रदान किया। यात्रा के दौरान छात्रों ने रिहंद डैम की संरचना और उसके निर्माण की तकनीक को करीब से देखा। उन्हें बताया गया कि यह डैम जल विद्युत उत्पादन, सिंचाई, और पीने के पानी की आपूर्ति में किस प्रकार अहम भूमिका निभाता है। विशेषज्ञों ने डैम के पर्यावरणीय महत्व, जल संचयन की तकनीकों, और इसके रख रखाव की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी।

# डालटनगंज धर्मप्रांत ने जयंती वर्ष पर निकाली शोभायात्रा

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** स्थानीय स्टेशन रोड स्थित शांति की महारानी गिरजाघर में डालटनगंज धर्म प्रांत द्वारा 2025 जुबली वर्ष पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। साथ ही जुबली क्रॉस की शोभा यात्रा भी निकाली गई। इसका नेतृत्व जुबली वर्ष कार्यक्रम कॉर्डिनेटर फादर एंथोनी कर रहे थे। शोभा यात्रा शांति के महारानी गिरजाघर से प्रारंभ होकर यूनियन चर्च पहुंचा। वहां यूनियन चर्च के पादरी प्रभु रंजन मसीह के नेतृत्व में मसीही विश्वासियों ने शोभायात्रा का स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरूआत में बिशप थियोडोर मस्करेनहस के नेतृत्व में मिस्सा पूजा अनुष्ठान कार्यक्रम का समापन किया गया। बिशप ने जुबली वर्ष के अवसर पर मसीही विश्वासियों को आशीष और पवित्र संदेश दिया। उन्होंने कहा कि प्रभु यीशु मसीह के प्रति अपना आस्था और विश्वास रखते हुए उनके बताए रास्ते पर चलें। सभी विश्वासी तरक्की की ओर बढ़ते हुए सुखमय जीवन व्यतीत करें। इस दौरान मसीही समुदाय के लोगों ने प्रभु यीशु को समर्पित विभिन्न नृत्य एवं संगीत कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई।



**शोभा यात्र अलग-अलग झांकी निकाली गई :** जुबली क्रॉस की शोभायात्रा कोऑपरेटिव चौक, सद्दीक मंजिल चौक, कोयल नदी पुल, शाहपुर विवेकानंद चौक होते बिरसा नगर सर्वोदय विद्यालय पहुंचा। वहां शोभायात्रा का स्वागत समारोह हुआ। इसके बाद सामूहिक प्रीतिभोज हुआ। शोभायात्रा में डालटनगंज धर्मप्रान्त के गढ़वा,विश्रामपुर, महुआडांड सहित विभिन्न भिखारीयट के विश्वासी बड़ी संख्या में शामिल हुए। उनके द्वारा अलग-अलग झांकी निकाली गई। इस दौरान वाहन पर प्रभू यीशु की झांकी, मदर टेरेसा की झांकी के साथ लोग गीत गाते हुए चल रहे थे। मौके पर फादर अमरदीप, फादर संजय, अभिषेक, अर्पण टोप्पो, अनिल, निलय मिंज, संगीता कुजूर, शशि सहित कई मसीही विश्वासी शामिल थे।

## वार्ड नंबर 20 में जलापूर्ति और सफाई समस्याओं का सामना

# निगम की उपेक्षा से नागरिकों को हो रही असुविधा

### नालियों की सफाई, पानी की समस्या और स्ट्रीट लाइट की स्थिति चिंताजनक



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नगर निगम के वार्ड नंबर 20, जो पहले नगर परिषद का हिस्सा था, की अधिकांश सड़कों और नालियों का निर्माण पहले ही हो चुका था। वर्तमान में इस वार्ड की आबादी पांच हजार के पार है, और यहां शहरी सुविधाओं की झलक दिखाई देती है। पूर्व वार्ड पार्षद स्व. लाल बाबू ने पिछले चुनाव में जीत हासिल कर इस वार्ड का प्रतिनिधित्व किया था। पिछले चुनाव के समय इस वार्ड की आबादी 4384 थी।

वार्ड नंबर 20 के उत्तर में रेलवे लाइन और दक्षिण में कोयल नदी स्थित है। इसके पूर्व में रेलवे लाइन से नाला होते हुए वर्मा चौक तक और पश्चिम में बंशी दुकान से गुरूद्वारा रोड होते हुए कोयल नदी तक इसका विस्तार है। इस वार्ड के अधिकतर निवासी पीढ़ियों से यहां रह रहे हैं। हालांकि इस वार्ड में कुछ समस्याएं भी हैं, जिनमें प्रमुख है नालियों के पानी का सड़क पर बहना और जलापूर्ति की कमी।

वार्ड के निचले क्षेत्रों में नालियों का पानी उचित निकासी की कमी के कारण सड़कों पर बहता रहता है। इसके अलावा, कुछ हिस्सों में रहने वाले लोगों को पेयजल के लिए मंदिर या सार्वजनिक जल स्त्रोतों से पानी लाना पड़ता है। कोयल नदी किनारे बसे लोग आज भी कपड़े धोने और स्नान के लिए नदी का इस्तेमाल करते हैं। हालांकि, निगम और पूर्व पार्षद के प्रयासों से कई लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिला है।

सफाई की स्थिति भी संतोषजनक नहीं है। वार्ड में सफाई कर्मी 10-15 दिन में एक बार आते हैं, लेकिन उनकी सफाई का तरीका मनमाना होता है, और उचित देखरेख का अभाव है। इसके अलावा, कई स्ट्रीट लाइट्स खराब हो जाने के बाद निगम ने उन्हें फिर से ठीक नहीं कराया।

**वार्ड 19 के निवासियों की राय**





वार्ड के निवासी पंचरतन साव ने बताया कि नालियों की सफाई पर निगम को अधिक ध्यान देना चाहिए। वहीं, दामोदर राम ने कहा कि कई चापाकल खराब हो जाने के कारण लोगों को पानी के लिए दूर-दूर तक जाना पड़ता है। अभिषेक राम ने बताया कि पंपू कल के पास होने के बावजूद, यहां नियमित जलापूर्ति की समस्या बनी हुई है।

## वाहिनी परिवार का मिलन सह वनभोज कार्यक्रम

**मेदिनीनगर।** राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी की अनुसांगिक ईकाई का मिलन समारोह सह वनभोज का कार्यक्रम मनाया गया। चैनपुर के खोहरी में आयोजित इस कार्यक्रम में परिवार बच्चों संग सदस्य सम्मिलित हुए। इस दौरान भगवान परशुराम की तस्वीर पर माल्यार्पण के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। जिसमें कलाकारों ने गीत-संगीत से मनमोहक समां बांधा। इस दौरान मुख्य अतिथि अर्जुन पाण्डेय उर्फ गुरु पाण्डेय ने बताया कि युवा वाहिनी एक परिवार का बड़ा रूप ले चुका है। हम सब सुख दुख में एक साथ एकजुटता से रहते हैं तो हर मौसम का आनंद जब तक सांगठनिक परिवार के साथ नहीं लेंगे तब तक पूर्णता महसूस नहीं होती है। मौके पर युवा वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी ने कहा कि संगठन के मुख्य संरक्षक अर्जुन पाण्डेय उर्फ गुरु पाण्डेयके निर्देशन में युवा वाहिनी सनातन धर्म के संरक्षण एवं संवर्धन में हर साल इतिहास लिखने का काम कर रही है। देवेंद्र तिवारी ने बताया कि वर्ष 2024 में 18 अर्धनिर्मित मंदिर का शिखर निर्माण, दिल्ली में सनातन संत संसद में विश्व शांति चेरिटेबल ट्रस्ट को गौ सेवा हेतु 11 लाख रुपए सहयोग, श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ, सिंगरा में 2 लाख 51 हजार रुपए का सहयोग, सुआ कौड़िया में 2 मंदिर निर्माण में लाखों का सहयोग, श्री तुलसी मानस मंदिर, मेदिनीनगर में 1 लाख 11 हजार रुपए का सहयोग, बसडीहा सूर्य मंदिर में 5 लाख रुपए का सहयोग।

# सदाबह नदी के अतिक्रमण से बन गया नाला

**हैदरनगर।** पलामू जिला के हैदरनगर प्रखंड सह थाना मुख्यालय के दक्षिण बाजार से सटे बड़ा शिवालय के बगल से गुजरी एक मात्र सदाबह नदी का अस्तित्व लगातार अतिक्रमण किये जाने से खतरे में जा रहा है। इस नदी के तट पर छठ व्रतियों का पर्व भी पूरे उल्लास के साथ आयोजन होती रही है। इस नदी सहित छठ घट की अतिक्रमित भूमि को मुक्त कराने संबधित आवेदन क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि व अंचालाधिकारी को कई बार दिया जा चुका हैं। इसके अलावा पूरे बाजार क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त कराकर मुख्य पथ सहित विभिन्न गलियों साफ-सुथरा कराने की प्रशासनिक कार्रवाई वर्ष 2018 से ही की जा रही है। बावजूद कई वर्ष बीतने के बाद यहां की अतिक्रमित एक ईंच भी भूमि नहीं खाली कराया जा सका है। इस मामले को लेकर प्रखंड के वरीय पंचायत समिति सदस्य गुप्तेश्वर पांडेय ने कई बार बीडीसी की बैठक में सवाल खड़ा करने के अलावा व्यक्तिगत रुप में अंचलधिकारी से मिलकर नदी नाला सहित हैदरनगर बाजार क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त कराने पर वार्ता की। उन्होंने कहा कि जब भी यह मुद्दा आता है तो प्रशासन की ओर से अतिक्रमित भूमि की मापी, सीमांकन, रेखांकन की जद में आये अतिक्रमणकारियों को नोटिस देकर फिर मौन हो जाती है। हालांकि इस समस्या पर त्वरित कार्रवाई नहीं किये जाने से बाजार क्षेत्र से पुलिस प्रशासन की वाहनों को गुजरना मुश्किल होता रहा है। बताया गया कि अब तक अंचल कार्यालय से 68 लोगों को मिली नोटिस के विरुद्ध कार्रवाई भी अंचल के फाइल तक सीमित रह गई है। जिससे बाजार क्षेत्र के अलावा नदी, नाले को भी कोई बचा नहीं सका। सदाबह नदी की भूमि अतिक्रमित किये जाने व खेतीबाड़ी के उपयोग में आने से संकुचित होकर नाला का रुप ले चुका है। साथ ही वर्षों से इस नदी में कूड़े कचरे फेंकने के उपयोग में भी आने से विभिन्न स्थानों पर गंदगी का अंबार लगा है। इसके अलावे मुख्य पथ पर ही खूंटा गाड़कर निजी माल मवेशियों को बांधने से आमजनों सहित वाहनों के आवागमन परेशानी का सबब बना है।

नीति आयोग की सूचकांकों पर समीक्षा

# स्वास्थ्य, शिक्षा और कृषि पर विशेष फोकस



नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा।** समाहरणालय गढ़वा स्थित सभागार में उपायुक्त शेखर जमुआर की अध्यक्षता में आकांक्षी जिला एवं प्रखंडों के नीति आयोग के विभिन्न सूचकांकों की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में नीति आयोग के 49 प्रमुख इंडिकेटरों में से 6 मुख्य सूचकांकों पर विशेष ध्यान दिया गया। इनमें गर्भवती महिलाओं को प्रसव पूर्व देखभाल और पूरक पोषण प्रदान करना, सभी बच्चों का पूर्ण टीकाकरण सुनिश्चित करना, मधुमेह और उच्च रक्तचाप की नियमित जांच, सॉयल हेल्थ कार्ड वितरण, स्वयं सहायता समूहों को रिवाल्विंग फंड उपलब्ध कराना, और स्कूलों में बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित करना शामिल है। उपायुक्त ने स्वास्थ्य, शिक्षा, और कृषि के क्षेत्रों में विशेष कार्य करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने गर्भवती महिलाओं का एएनसी रजिस्ट्रेशन, इंस्टीट्यूशनल डिलीवरी, सेक्स रेश्यो, मालन्यूट्रिशन, एमटीसी सेंटर संचालन, लो बर्थ वेट बेबीज, और पोषाहार वितरण जैसे प्रमुख मुद्दों पर प्राथमिकता के साथ कार्य करने की बात कही। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि लो-परफॉर्मिंग इंडिकेटर्स पर फोकस कर नीति आयोग की डेल्टा रैंकिंग में सुधार लाने के लिए समन्वित प्रयास किए जाएं।

### फसल बीमा योजनाओं लागू करने का निर्देश

शिक्षा विभाग के प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी ने बताया कि विद्यालयों में पेयजल, विद्युतीकरण, शौचालय, पठन-पाठन, टेक्स्टबुक और साइकिल वितरण जैसी बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। कृषि विभाग के लिए सॉयल हेल्थ कार्ड वितरण, माइक्रो और डीप इरिगेशन, तथा फसल बीमा जैसी योजनाओं को शीघ्र लागू करने का निर्देश दिया गया। बैठक में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के क्रियान्वयन की भी समीक्षा की गई। उपायुक्त ने कचरा उठाव के लिए खरीदे गए वाहनों के उपयोग और उनके संचालन पर सवाल किए और आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में उप विकास आयुक्त पशुपतिनाथ मिश्रा, सिविल सर्जन डॉक्टर अशोक कुमार, जिला कृषि पदाधिकारी शिव शंकर प्रसाद, बीईईओ गढ़वा रंभा चौबे, स्वास्थ्य विभाग के डीपीएम सुजीत कुमार मुंडा, नीति आयोग और पीरामल फाउंडेशन के पदाधिकारी सहित कई अधिकारी उपस्थित रहे।

## पुलिस ने डेढ़ दर्जन लोहा का पीस बरामद किया

**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र के बुका गांव स्थित नदी किनारे से पुलिस ने रविवार सुबह सेटरिंग लगाने में उपयोग की जाने वाली करीब डेढ़ दर्जन लोहे का पीस बरामद कर थाना लाया। स्थानीय ग्रामीणों द्वारा उक्त लोहा नदी किनारे फेंका देख इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर उक्त समान को जब्त किया। ग्रामीणों के अनुसार अज्ञात चोरों द्वारा सेटरिंग में काम आने वाली लोहे की समान को चोरी कर बेचने के उद्देश्य से ले जा रहे होंगे, जहां सुबह होने पर पकड़े जाने की डर से फेंक कर चोर फरार हो गए।

# बारिश के बाद ठंड बढ़ी, कोहरे ने रोकी रफ्तार



नवीन मेल संवाददाता

**खरौंधी।** शनिवार की दोपहर हुई रिमझिम बारिश के बाद खरौंधी प्रखंड में ठंड का प्रकोप बढ़ गया है। रविवार की सुबह घने कोहरे और धूंध की चादर ने पूरे क्षेत्र को अपनी आगोश में ले लिया है। इससे विजिबिलिटी बेहद कम हो गई। कोहरे के कारण सुबह का नजारा ठंड का था। सूर्यदेव भी दोपहर तक अपनी किरणें बिखेरने में असमर्थ रहे। करीब 12 बजे के बाद लोगों को सूर्य का दीदार हुआ, तब जाकर मौसम थोड़ा साफ हुआ। सुबह-सुबह सड़कों पर सबसे ज्यादा परेशानी वाहन चालकों को हुई। घने कोहरे के कारण सामने का रास्ता देख पाना मुश्किल था। वाहन चालकों ने एहतियात बरतते हुए वाहनों की लाइट जलाकर और धीमी गति से गंतव्य की ओर प्रस्थान किया। कोहरे के कारण सड़क पर दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया था, लेकिन सावधानी ने इसे कम किया। बढ़ती ठंड से राहत पाने के लिए बुजुर्गों ने घरों में रहकर अलाव तापकर अपने शरीर को गर्म रखा। बारिश और कोहरे के बाद बढ़ी ठंड ने लोगों को सतर्क कर दिया है। मौसम विभाग के अनुसार, आने वाले दिनों में ठंड और बढ़ने की संभावना है, जिससे लोगों को

## एक नजर

### बोकारो जिला जज ने चतुर्भुजी मंदिर में टेका मत्था



**केतार।** बोकारो जिला के प्रधान जिला जज अनिल कुमार मिश्रा ने रविवार को मां चतुर्भुजी भगवती मंदिर में दर्शन पूजन कर अमन-चैन खुशहाली का आशीर्वाद मांगा। दर्शन-पूजन के बाद जिला जज ने मंदिर परिसर का भ्रमण कर भगवान भोलेनाथ, राधा कृष्ण मंदिर, हनुमान मंदिर व सतबहिनी देवी माता का पूजा कर हवन कुंड में आहूति दी। दर्शन पूजन के बाद जिला जज ने मंदिर की अलौकिक छटा की प्रशंसा की। उन्होंने कहा की बड़े दिनों से मां की दर्शन पूजन करने का मन में लालसा थी। उन्होंने मंदिर की साफ-सफाई सहित प्राकृतिक सुंदरता की प्रशंसा की। साथ ही मंदिर के पुजारी बालमुकुंद पाठक से मंदिर का इतिहास की जानकारी लिया। उन्होंने विकास समिति के द्वारा मंदिर की रख रखाव, साफ-सफाई सहित अन्य व्यवस्था देख कर खुशी व्यक्त कर प्रशंसा की। मंदिर विकास समिति के द्वारा जिला जज को मां चतुभुर्जी का तस्वीर और चुनरी भेंट कर उनका स्वागत किया गया। मौके पर मंदिर विकास समिति के सचिव हेमंत पाठक, संरक्षक राम बिचार साहू, बिंदू राम, पुजारी मुकुन्दपुर पाठक सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# एआईडीएसओ ने 71वां स्थापना दिवस मनाया



नवीन मेल संवाददाता

**श्री बंशीधर नगर।** ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक स्टूडेंट्स ऑर्गेनाईजेशन का 71वां स्थापना दिवस वंशीधर नगर में मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अथिति के रूप में एआईडीएसओ के सचिव मंडल सदस्य खुशबू कुमारी उपस्थित थी। उन्होंने संगठन के उद्देश्यों और छात्रों के संगठन के निर्माण के गौरवशाली इतिहास पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि एआईडीएसओ ने हमेशा शिक्षा के निजीकरण और व्यावसायीकरण के खिलाफ संघर्ष किया है और छात्रों के अधिकारों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध रहा है। एआईडीएसओ के केन्द्रीय परिषद सदस्य जुलियस फूचिक ने समाज में हो रहे चरित्र पतन पर चिंता जताई और इसे रोकने के लिए छात्रों और युवाओं को जागरूक होने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षा न केवल ज्ञान का माध्यम है, बल्कि समाज में नैतिक और सांस्कृतिक मूल्यों को स्थापित करने का भी एक प्रमुख साधन है। कार्यक्रम में छात्रों ने संगठन की उपलब्धियों को सराहा और समाज एवं शिक्षा प्रणाली में सुधार के लिए संगठन के साथ जुड़ने की प्रतिबद्धता जताई। मौके पर अनूराधा, सुनैना, अर्चना, उजाला, पिंकी सहित अन्य छात्राएं उपस्थित थी।

# नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा।** धुरकी प्रखंड के टाटीदीरी गांव में लायंस क्लब ऑफ गढ़वा ऑसम व मिलाप मेडिकल सेंटर के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। स्त्री, प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ महजबीं, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. शमशेर सिंह, जेनरल फिजिशियन डॉ. असजद अंसारी ने मरीजों की जांच किया। शिविर में 205 मरीजों का जांच किया गया। इस अवसर पर मरीजों को नि:शुल्क स्वास्थ जांच, खून जांच व नि:शुल्क दवा वितरण किया गया। मौके पर मिलाप मेडिकल सेंटर के डायरेक्टर डॉ. असजद अंसारी ने कहा कि टाटीदीरी गांव में शिविर का आयोजन करने का उद्देश्य यहां के लोगों को स्वास्थ्य लाभ पहुंचाना है। स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर महजबीं ने कहा कि स्त्रियों को स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि महिलाएं





सप्ताह में ज्यादातर दिनों को 30-60 मिनट के लिए मध्यम-तीव्रता वाला व्यायाम करें। इससे नींद अच्छी आती है। ऊर्जा बढ़ती है। वजन नियंत्रित रहता है। पौष्टिक आहार लें। प्रोटीन, विटामिन, खनिज, और एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर आहार लें। सीजनल फल और सब्जियां, पत्तेदार साग, जामुन, शकरकंद, ब्राउन राइस, क्विनोआ, टोफू, और बींस खाएं। दूध, दही, और पनीर से कैल्शियम लें। पर्याप्त नींद लें। घरेलू कामकाज के बाद पर्याप्त नींद लें। समय पर भोजन करें। समय पर भोजन करना चाहिए। गर्मी में खूब पानी पिएं। गर्मी में खूब पानी पीना चाहिए। डॉक्टर से नियमित जांच करवाएं। डॉक्टर से नियमित जांच करवाएं। मन से मजबूत बनें। किसी परेशानी में बड़ों के अनुभव से सीखें। अच्छा साहित्य पढ़ें. परिवार में सभी लोगों से अच्छे संबंध बनाए रखें। इस मौके पर सलीम अंसारी, विनोद, यूसुफ अंसारी, चंद्रशेखर, चांदनी यादव सहित कई लोग उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### विस्थापित संघर्ष समिति का धरना सातवें दिन भी जारी



**भवनाथपुर।** एशिया का सबसे बड़ा क्रशिंग प्लांट की निलामी के बाद हो रही प्लांट की स्क्रैप कटिंग के विरोध में विस्थापित संघर्ष समिति के नेतृत्व आठ सूत्री मांगो को लेकर मजदूरों का धरना प्रदर्शन सेल के प्रशासनिक भवन के समक्ष सातवें दिन भी जारी रहा। धरना प्रदर्शन के सातवें दिन धरना स्थल पर कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष अब्बेदूल्लाह हक अंसारी ने मजदूरों को अपना समर्थन दिया। धरना स्थल पर मजदूरों को संबोधित करते अब्बेदूल्लाह हक अंसारी नें कहा कि पार्टी उनकी मांगों को गंभीरता से लेगी और इसे राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर उठाएगी। इस मुद्दे को कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष, राष्ट्रीय अध्यक्ष, राहुल गांधी तक पहुंचाएंगे ताकि इस मुद्दे का समाधान शीघ्र हो । कांग्रेस द्वारा यहां पर एशिया का सबसे बड़ा क्रशर प्लांट स्थापित किया गया था। इसे किसी भी कीमत पर यहां से नहीं हटाया जाएगा। कांग्रेस जिला अध्यक्ष ने धरने में शामिल लोगों को अस्वस्थ किया कि पार्टी उनके संघर्ष में पूरी तरह से उनके साथ देगी और सभी वाजिक मांगों को पूरा करने के लिए सभी संभावित कदम उठाए जायेगा। मौके पर इंटक यूनियन के सुशील चौबे,कांग्रेस जिला महासचिव ओमप्रकाश चौबे,देवचंद यादव,महेंद्र पाल,संजय सिंह,श्याम सुंदर मेहता,रामनाथ राम, राम करेश चौबे, उमेश त्रिपाठी,सुनील राम,विस्थापित संघर्ष मोर्चा के बीरेंद्र साह, रामविजय साह, दीपक जायसवाल,शंभू राम, सहित बड़ी संख्या में मजदूर मौजूद थे।

### सांस्कृतिक मंच का शिलान्यास, ग्रामीण प्रतिभाओं को मिलेगा नया मंच

**भवनाथपुर।** भवनाथपुर क्षेत्र के ग्राम कैलान में 15वें वित्त योजना के अंतर्गत प्रतिभा खोज प्रतियोगिता के लिए सांस्कृतिक मंच का शिलान्यास किया गया। यह आयोजन जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी और भवनाथपुर जिला परिषद सदस्य रंजनी शर्मा द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस मंच का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों की छिपी हुई प्रतिभाओं को खोजकर उन्हें प्रोत्साहित करना और क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करना है। प्रतिभा खोज प्रतियोगिता और सांस्कृतिक मंच ग्रामीण क्षेत्रों में कला, संगीत, नृत्य, अन्य सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए एक मजबूत आधार प्रदान करेगा। इसका मुख्य उद्देश्य युवाओं को उनकी प्रतिभा दिखाने का अवसर देना और उन्हें समाज में अपनी पहचान बनाने के लिए प्रेरित करना है। इस कार्यक्रम के दौरान शांति देवी ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से न केवल क्षेत्र की सांस्कृतिक धरोहर का संरक्षण होगा, बल्कि यह युवाओं को अपनी छिपी हुई क्षमताओं को प्रदर्शित करने के लिए प्रेरित करेगा। रंजनी शर्मा ने कहा कि यह मंच ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं के लिए एक बड़ी उपलब्धि है, जो अक्सर संसाधनों की कमी के कारण अपनी प्रतिभा को सामने नहीं ला पाते। प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का उद्देश्य प्रतिभाशाली व्यक्तियों की पहचान करना और उन्हें राज्य तथा राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाना है। यह मंच न केवल सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देगा, बल्कि समुदाय को एकजुट करने का माध्यम भी बनेगा।

शहीद भगत सिंह कास्को क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ

## दूसरे को हराने के लिए नहीं स्वयं जितने के लिए खेलें: थाना प्रभारी



नवीन मेल संवाददाता

**केतार।** प्रखंड के बांसडीह कला गांव में आयोजित शहीद भगत सिंह कॉस्को क्रिकेट टुर्नामेंट का शुभारंभ थाना प्रभारी अरूण कुमार रवानी और समाज सेवी राकेश पासवान ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। इस अवसर पर थाना प्रभारी अरूण कुमार रवानी ने कहा कि केतार जैसे सूदूरवर्ती इलाकों में इस तरह का प्रतियोगिता का आयोजन होने से क्षेत्र के खिलाड़ियों को अपने अंदर छिपी प्रतिभा को दिखाने और निखारने का मौका मिलेगा। किसी भी खेल को दूसरे को हराने के लिए नहीं बल्कि स्वयं को जितने के लिए खेलना चाहिए। खेल में बेहतरीन प्रदर्शन कर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी पहचान बनाया जा सकता है। खेल को अनुशासन में खेलकर ही सफल बनाया जा सकता है। समाजसेवी राकेश पासवान ने कहा कि खेल से मानसिक और शारीरिक विकास होता है। समय-समय पर इस तरह का क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन कराकर इस क्षेत्र के खिलाड़ियों को खेलकर बेहतर प्रदर्शन करने का मौका देने का प्रयास करूंगा। उद्घाटन मैच भवनाथपुर बनाम डुमरसोता के बीच खेला गया। टॉस जीतकर डुमरसोता के टीम ने गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। भवनाथपुर की टीम ने बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 16 ओवर में 103 रन बनायी। जवाबी पारी खेलने उतरी डुमरसोता की टीम ने 14 ओवर में चार विकेट खोकर 104 रन बनाकर मैच जीत लिया। मैच में आल राउंडर प्रदर्शन करने वाले डुमरसोता टीम के प्रियांशू को मैन आफ द मैच का पुरस्कार आयोजनकर्ता राकेश कुमार द्वारा दिया गया। इस मौके पर शिक्षक वीरेंद्र राम, अध्यक्ष विश्महर पासवान, आनंद कुमार, बैजनाथ पासवान, सच्चिदानंद सिंह, सुदर्शन पासवान, दिलीप पासवान, इंद्रजीत विश्वकर्मा, सचिन कुमार, अमरेश कुमार, पंकज, राजू सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

### विधायक ने ट्राई साइकिल का वितरण किया

**डंडई।** विधायक अनंत प्रताप देव ने रविवार को प्रखंड के पचोर पंचायत में विकलांगों के बीच इलेक्ट्रिक ट्राई साइकिल का वितरण किया। इस दौरान विधायक द्वारा 11 विकलांगों के बीच ट्राई साइकिल का वितरण किया गया। विधायक ने ट्राई साइकिल मिले दिव्यांगों को माला पहनाकर स्वागत किया। मौके पर विधायक अनंत प्रताप देव कहा कि मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के लाभुकों के खाता में 1000 की राशि जाता था अब 2500 कर दिया गया है। इससे पहले मुखिया प्रतिनिधि शशिकांत सिंह ,तेज बहादुर सिंह, जितेंद्र ठाकुर ,इत्यादि लोगों ने भी कार्यक्रम को संबोधित करने का काम किया।

## विधायक को ज्ञापन सौंप कर सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने की मांग



नवीन मेल संवाददाता

**केतार।** प्रखंड के परती कुशवानी पंचायत के ग्रामीणों ने सोन नदी से लिफ्ट कर सिंचाई की व्यवस्था कराने के लिए विधायक अनंत प्रताप देव से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में उल्लेख किया है कि परती कुशवानी पंचायत में सिंचाई का साधन नहीं रहने से यहां के किसानों को सुखाड़ कि समस्या से जुझना पड़ता है। खेती-बाड़ी नहीं होने के कारण पंचायत के लोग दूसरे राज्यों में पलायन कर जाते हैं। ग्रामीणों ने विधायक अनंत प्रताप देव से मांग की है की चंदना गांव के पास सोन नदी में पंप हाउस बनाकर पाइप लाईन से पानी उठाकर खेती की सिंचाई किया जा सकता है। मौके पर झामुमो पंचायत अध्यक्ष शिव शंकर साह, कमलेश यादव, ब्रजेश उरांव,उदय उरांव, दिनेश उरांव सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# गरीब असहायों के बीच कंबल वितरण





नवीन मेल संवाददाता

**भवनाथपुर।** भवनाथपुर प्रखंड के ग्राम कैलान में जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी और जिला परिषद सदस्य रंजनी कुमारी उर्फ रंजन शर्मा द्वारा कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी ने अपनी ओर से कंबल उपलब्ध कराया था। कंबल कोरवा परिवार, आदिम जनजाति, आदिवासी, हरिजन और अन्य पिछड़े वर्गों के वृद्धों, विधवाओं, दिव्यांगों, गरीब व्यक्तियों के बीच वितरित किए गए। इस अवसर पर, दोनों ने कहा कि समाज के वंचित और जरूरतमंद वर्गों की मदद के लिए वह हमेशा तत्पर हैं। कंबल वितरण में पूर्व 20 सूत्री अध्यक्ष बृजेश सिंह, पंचायत प्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता राजमोहन यादव, गूगल इंजीनियर सरवर खान, विकास ठाकुर, नौशाद खान, अजय टाइगर, संघ के प्रदेश अध्यक्ष कुंदन कुमार ठाकुर समेत समाज सेवी शामिल थे।

कार्यक्रम / सरस्वती विद्या मंदिर में फूड फेस्टिवल का आयोजन

# अभिभावकों ने स्वादिष्ट व्यंजनों का उठाया लुफ्त

नवीन मेल संवाददाता

**श्री बंशीधर नगर।** सरस्वती विद्या मंदिर में फूड फेस्टिवल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता, ओम, मां शारदे व महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन, पुष्पार्चन कर मुख्य अतिथि नगर उंटारी के पुलिस अवर निरीक्षक संदीप कुमार रवि,विद्यालय अध्यक्ष जोखू प्रसाद,उपाध्यक्ष डॉ. धर्मचंद लाल अग्रवाल,सचिव रवि प्रकाश, कोषाध्यक्ष राजकुमार प्रसाद प्रधानाचार्य रविकांत पाठक ने सुयक्त से किया। प्रधानाचार्य रविकांत पाठक ने कहा कि गणितीय आकृति के अनुसार निर्मित विभिन्न खाद्य व्यंजनों का भैया-बहनों द्वारा निर्माण किया गया। इस फेस्टिवल से भैया बहनों को विद्यालय से लेकर घर तक की फूडिंग एंड सर्विंग मैनेजमेंट और कैपेसिटी का विकास होता है। 19 प्रकार के विभिन्न आइटमों को बनाने में भैया-बहन सप्ताह भर से उत्साहित थे। फूड फेस्टिवल में अभिभावक सशुल्क सभी स्टॉलों पर जाकर स्वाद ग्रहण करते हुए उत्साहवर्धन भी कर रहे थे। 19 स्टॉलों पर भैया बहनों द्वारा निर्मित आइटमों में कचौड़ी, बांग्ला निमकी, गुलाब जामुन, फ्रूट सलाद, ब्रेड पकौड़ा, कस्टर्ड, लिट्टी चोखा, दही बड़ा, वेज कटलेट, कांजीबड़ा, सैंडविच, आलूचाप, टिकिया चाट, गुपचुप, दुधौरी, गाजर का हलवा, समोसा, इडली,रोल समोसा। सभी स्टॉलों पर अभिभावक गण पंक्तिबद्ध होकर अपनी बारी का इंतजार करते हुए फूड आइटमों का लुफ्त ले रहे थे। मैदान के मध्य में भैया बहनों द्वारा पूर्व में निर्मित आर्ट्स एन्ड काफ्ट्र्स, मूर्तिकला, चित्रकला, कलश सज्जा, रंगोली आदि के विभिन्न कलाकृतियों की प्रदर्शनी आकर्षण का केंद्र रहीं और सभी अभिभावक उसके साथ सेल्फी भी ले रहे थे। मौके पर अभिभावक प्रतिनिधि शशिकला, सहसचिव चंदन कुमार,समिति सदस्य शैलेश कुमार अग्रवाल, कृष्णानंद प्रसाद, सुनील कुमार चौबे सहित अन्य लोग मौजूद थे।



### अजमेर शरीफ के लिए 25 जायरीन रवाना

**चिनियां।** प्रखंड मुख्यालय क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत बेता के रणपुरा गांव से रविवार को 25 यात्री बस से अजमेर शरीफ के लिए रवाना हुए। उन्हें पंचायत के मुखिया रामेश्वर सिंह ने बस को हरी झंडी दिखा कर सभी जायरिनों को रवाना किया। इस मौके पर मुखिया रामेश्वर सिंह ने सभी तीर्थ यात्रियों को शुभकामनाएं दी। साथ ही सकुशल यात्रा की कामना करते हुए कहा कि 'मंदिर मस्जिद गिरजा धाम' सब में वास करें भगवान, ईश्वर अल्लाह तेरे नाम, सबको सुमति दे भगवान, ईश्वर अल्लाह एक है। केवल मानने का तरीका अलग-अलग है। उन्होंने सभी यात्रियों से कहा कि सब कोई वहां तक नहीं पहुंच सकते हैं, इसलिए सभी के लिए वहां पहुंचकर प्रार्थना कीजिएगा। धार्मिक स्थलों पर जाने से लोगों में सकारात्मक असर होता है। कहा कि अपने ग्राम पंचायत प्रखंड सहित पूरे जिले में सुख समृद्धि के लिए खुदा से प्रार्थना कीजिएगा।

# सैलानियों के आकर्षण का केंद्र बना कांति वॉटरफॉल

● 100 फीट की ऊंचाई से जलधारा जमीं को छूते निकल जाती है



नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** जिला में स्थिति कांति वाटरफॉल है। सैलानियों को बरबरस अपनी ओर खींचता है। नये साल में लोगों के मनोरंजन व पिकनिक स्पॉट के रूप में इस स्थल सैलानियों की अधिक भीड़ लगती है। 2025 आने में अब कुछ दिन शेष रह गया है। 2024 समाप्ती की ओर है। नए साल का आगाज और अंदाज नए रूप में करने को लेकर लातेहार जिलावासी ही नहीं, राज्य के विभिन्न जिलों और देश के कई राज्यों के लोग लातेहार जिले को प्रकृति द्वारा दिया हुआ अनुपम उपहार खूबसूरती को निहारने आने लगे हैं। यदि आप घूमने का प्लान बना रहे हैं, तो लातेहार जिला के चंदवा प्रखंड के लाधूप पंचायत के सेंहा गांव में कांति झरना घूमने जाना ना भूले। यहां जाना काफी सुलभ है। अपनी गाड़ी से यहां आसानी से पहुंच सकते हैं। झरना तक पहुंचने के लिए कुछ कदम पैदल ही चलना होगा। इसके बाद यहां का नजरा देख आप भी कब उठेंगे कुछ तो बात हैं पहाड़ की इन हवाओं में, तन के साथ मन भी छू रही है। चारों ओर सफेद चादरों से लिपटी धरती नजर आ रही है। यह स्थान तो जन्नत सी लग रही है। कांति झरना लगभग 100 फीट की ऊंचाई से कल कल करती इसकी जलधारा जमीं को छूते हुए आगे निकल जाती है। यहां आने पर प्रकृति द्वारा दिया गया अनुपम उपहार नजर आएगा। झरना के अगल-बगल ऊंचे-ऊंचे पहाड़ के साथ चचहाती चिड़ियों की मधुर संगीत भी सुनाई देगी।

**कांती वाटरफॉल लूंगी डोंगरी पहाड़ी पर स्थित है :** लूंगी डोंगरी नामक पहाड़ी पर कांति झरना स्थित है। ग्रामीणों के अनुसार यहां हर मौसम में लोग आ सकते हैं और झरने का लुफ्त उठा सकते हैं। बरसात के दिनों में यहां आने पर मनभावी के हो जाएंगे। कांति झरना में शंख और तिको नदी का पानी मिलकर गिरती है।

**जिला मुख्यालय से 47 किलोमीटर है :** कांति झरना लातेहार जिला मुख्यालय से लगभग 47 किलोमीटर और राजधानी रांची से 66 किलोमीटर दूरी पर रांची मेदिनीनगर मुख्य मार्ग एनएच 39 से सात किलोमीटर की दूरी पर लाधूप पंचायत के सेन्हा गांव में स्थित है। कांति झरना जब पहुंचेंगे तो दूर-दूर तक चट्टानों की फली चादर इस स्थान को मनोहरी बनती है। ऊंचाई से गिरती हुई जलधारा जलप्रपात का रूप देता है। पर्यटकों के सुविधा के लिए पार्किंग स्थल बनाया गया है। यहां स्थानीय युवकों द्वारा पार्किंग बनाया गया है और इसके एवज में कुछ शुल्क पर्यटकों द्वारा वसूला जाता है। यहां आसपास ठहरने का कोई व्यवस्था नहीं है। घूमने आने पर आप खाने पीने की चीज साथ लेकर आए। यहां लातेहार जिले के अलावा गुमला लोहरदगा रांची पलामू चतरा जिले के ही पर्यटक नहीं अन्य राज्यों जैसे बंगाल के पर्यटक भी भारी संख्या में घूमने आते हैं और इस स्थान का भरपुर लुफ्त उठाते हैं। घूमने आए लोगों ने बताया कि सुरक्षा का दृष्टिकोण से इस झरना के आस पास कई सुधार करने की आवश्यकता है। नीचे उतरने के लिए निर्माण रास्ता रेलिंग और एक सेट का निर्माण अति आवश्यक है, ताकि पर्यटक घूमने के दौरान सुरक्षा महसूस कर लुफ्त उठा सकें।

## हाथी ने एक घर को किया ध्वस्त, लाखों का नुकसान



**बालूमाथ।** प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत मुरपा पंचायत के जिपुआ ग्राम में कविता देवी के घर को हाथी ने क्षतिग्रस्त कर घर का कीमती सामान तोड़ अनाज खा गया। पीड़ित को लाखों रुपए का नुकसान हो गया। पीड़ित परिवार ने वन विभाग से अपने नुकसान की मांग की। कहा कि ठंड के मौसम में अपना सिर कहां छुपाएं। खाने का अनाज भी नहीं है। घटना की जानकारी मिलने पर बालूमाथ भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा घटना स्थल पर पहुंच नुकसान का जायजा लिया। साथ ही पीड़ित परिवार का हाल देख उनके परिवार को हर संभव मदद का आश्वासन दिय। भाजपा नेता द्वारा वन विभाग व सरकार से पीड़ित परिवार को जल्द पक्का मकान व खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने की मांग की है। इससे गरीब परिवार अपना गुजारा कर सके। मौके पर लक्ष्मण कुशवाहा, फॉरेस्टर धनंजय उरांव, प्रिंस यादव, प्रियरंजन यादव, झम्मन यादव, सुरेश प्रजापति, भूटान मिस्त्री समेत दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

## पिडिलाइट कंपनी का पेंटर मीट का आयोजन

**बालूमाथ।** पिडिलाइट कंपनी का पेंटर मीट का आयोजन रविवार को किया गया। कंपनी की पेंट श्रृंखला में हाइशा की लांचिंग की गई। मीट में कंपनी के प्रतिनिधि रोमित रॉय ने बताया कि कंपनी की अपनी एक वैश्विक पहचान है। कंपनी के प्रोडक्ट फेविकोल व डॉ. फिक्सिट से कमोबेश भारत का हर नागरिक वाकिफ है। उन्होंने बताया कि कंपनी ने पेंट श्रृंखला में हाइशा की लांचिंग की है। कई मायनों में अन्य कंपनियों के पेंट से काफी बेहतर है। हाइशा के पेंट की गारंटी पांच साल से दस साल तक की है। साथ ही यह वॉटर प्रूफ व वॉशेबल भी है। उन्होंने बताया कि बालूमाथ के लिए हाइशा के अधिकृत डीलर के रूप में अरीशा इंटरप्राइजेज को कंपनी ने नामित किया है। इसका प्रोडक्ट बालूमाथ में सिर्फ अधिकृत डीलर से ही प्राप्त की जा सकती है। मौके पर अरीशा इंटरप्राइजेज के मो. इमरान, जुल्फिकार पिडिलाइट के दीपक कुमार, आजाद खान, सदाम अंसारी समेत कई पेंटर उपस्थित थे।

## युवा निगरानी समिति की बैठक में लिए गए निर्णय



**कान्हाचट्टी (चतरा)।** प्रखंड अंतर्गत तुलबुल पंचायत के कंदरी गांव स्थित बुध बाजार परिसर में युवा निगरानी समिति की बैठक रविवार को हुई। अध्यक्षता युवा निगरानी समिति के अध्यक्ष सिकंदर सिंह खरवार व संचालन राजेंद्र यादव ने किया। बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर विचार विमर्श करते हुए मनरेगा में हो रहे मनमानी पर रोक लगाने, तुलबुल स्वास्थ्य केंद्र भवन में डॉक्टर उपलब्ध व एंबुलेंस की समस्या की संबंधित अधिकारी को सूचना देने का निर्णय लिया गया। ग्रामीणों ने कंदरी आंगनबाड़ी केंद्र को कभी न खुलने के बाबजूद विभाग का पैसा और बच्चों का पोषाहार सेविका डकराने की शिकायत की। निगरानी समिति के सदस्यों ने सेविका से बात कर निदान कराने की बात कही। जमीन संबंधित म्यूटेशन, रशिद निर्गत आदि में हो रही दिक्कत को निगरानी समिति के समक्ष रखा गया। सदस्यों ने अंचल अधिकारी से बात कर निदान कराने की बात कही। अबूआ आवास में बरती गई अनियमितता पर कहा गया कि प्रखंड कार्यालय के जांच से संतुष्ट नहीं होने पर जिला व मुख्यमंत्री कार्यालय तक शिकायत भेजकर जांच कराया जायेगा। युवा निगरानी समिति के प्रवक्ता नरेश कुमार पासवान द्वारा सभी को 2024 के समापन व नव वर्ष के आगमन के लिए प्रखंड वासियों व पंचायत वासियों बधाई व शुभकामनाएं दी गई। मौके पर युवा निगरानी समिति के धनेश्वर यादव, नकुल कुमार यादव, शशि भूषण प्रजापति, योगेंद्र यादव, नागेंद्र ठाकुर, लखन पासवान आदि उपस्थित थे।

## खेलकूद व सांस्कृतिक कार्यक्रम आज, तैयारी पूरी

नवीन मेल संवाददाता




**गारू।** एल फाउंडेशन द्वारा रामसेली बारेसाढ़ द्वारा खेलकूद व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन 30 दिसंबर से 5 जनवरी तक बारेसाढ़ फुटबॉल मैदान में आयोजित किया जाएगा। इसके तहत रविवार को नवाटोली रामसेली में स्व.ब्लासियूस लकड़ा का पुण्य तिथि मिस्सा बलिदान के साथ पहाड़ कोचा के भाई-बहनों द्वारा मनाया गया। सोमवार को पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन को लेकर शोक सभा आयोजन के बाद खेलकूद व सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव, विशिष्ट अतिथि मनिका विधायक रामचंद्र सिंह, पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव लातेहार होगें। मंगलवार को लकड़ा परिवार के धरोहर टूटा गंझू लकड़ा के स्मारक का अनावरण किया जायेगा। एक जनवरी को नव वर्ष के अवसर पर नृत्य गीत कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। 2 जनवरी को क्रॉस कंट्री दौड़ (बालक-बालिका) 3 जनवरी को क्षेत्रीय आदिवासी नृत्य प्रतियोगिता किया जाएगा। 4 जनवरी को महिला पुरुषों के लिए (कुड़ूख) भाषा में कहानी व कविता (कथडंडी) प्रतियोगिता, चित्रकला, भाषण, आदिवासी नृत्य प्रतियोगिता कराया जाएगा। 5 जनवरी को युवाओं के लिए सामाजिक, आर्थिक जागरूकता विषय पर विशेष कार्यशाला सह समापन समारोह होगा।

## 4 जनवरी को माकपा का कफन सत्याग्रह अभियान

नवीन मेल संवाददाता

**चंदवा।** बरकाकाना-बरवाडीह सीआईसी सेक्शन पर स्थित टोरी जंक्शन समपार रेलवे क्रॉसिंग के समीप भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) माकपा 4 जनवरी को कफन सत्याग्रह करेगी। पार्टी के वरिष्ठ नेता अयुब खान ने कहा कि आरओबी निर्माण कार्य शुरू कराने के बजाय एनएचएआई सिर्फ टेंडर-टेंडर खेल रही है। अब तक छह से सात बार आरओबी के लिए टेंडर निकाला जा चुका है, लेकिन अभी तक कार्य शुरू नहीं हो पाया है। बता दें कि आरओबी का शिलान्यास 3 अप्रैल 2021 को संपन्न हुआ था। शिलान्यास के साढ़े तीन साल बीत जाने के बाद कार्य अभी तक शुरू नहीं हो पाया है। केंद्र सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना का एनएचएआई विभाग ऐसा हश्र करेगा कोई सोचा नहीं था। आरओबी नहीं बनने से रेलवे क्रॉसिंग जाम में एंबुलेंस समेत लाखों लोग फंसकर प्रतिदिन प्रभावित हो रहे हैं। वहीं एफओबी (फुट ओवरब्रिज) का निर्माण कार्य रेलवे और संवेदक की उदासीनता के कारण दो माह से बंद पड़ा है। एफओबी के निर्माण कार्य में हो रही देरी के कारण छात्र छात्राओं को कॉलेज स्कूल जाने में परेशानी हो रही है। आरओबी के लिए अधिग्रहण की गई भूमि, मकान का मुआवजा राशि अब तक रैयतों को नहीं दी गई है। रैयत मुआवजा राशि को लेकर ऑफिस का चक्कर लगाने को मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि टोरी जंक्शन में भी यात्री सुविधाओ का घोर अभाव है। इन सब मांगों पर जोर डालने के लिए कफन सत्याग्रह का आयोजन किया गया है। कफन सत्याग्रह में लोगों से शामिल होने की अपील की है।

## कोलकोले पंचायत सचिवालय में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

**चतरा।** लावालौंग प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत कोलकोले पंचायत सचिवालय में रविवार को मुफ्त नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। नव भारत जागृति केंद्र के द्वारा आयोजित शिविर में निःशुल्क नेत्र जांच के साथ किशोरी स्वास्थ्य जांच सह स्वच्छ भारत अभियान का आयोजन भी किया गया। ज्ञात हो कि यह शिविर एसबीआई फाउंडेशन मुंबई के सहयोग से लगाया गया। जिसमें डॉ. बंशीधर पांडेय, फार्मासिस्ट हरिशंकर यादव, लैब टेक्नीशियन डब्लू पासवान, एएनएम रोमा रागिनी तिर्की, प्रोग्राम प्रबंधक शैलेश कुमार ने अहम भूमिका निभाई। साथ ही उन्होंने बताया कि शिविर में 107 लोगों का नेत्र जांच किया गया। जिसमें 38 लोगों को चश्मा दिया गया। साथ ही चौदह लोगों के नेत्र में मोतियाबिंद पाया गया। जिन्हें लोकनायक नेत्र अस्पताल चौपारण भेज दिया गया। वहीं किशोरी व महिलाओं को स्वास्थ्य जांच कर आवश्यकता अनुरूप उन्हें दवा उपलब्ध कराया गया। इस दौरान आस-पास के जगहों पर स्वच्छ भारत मिशन के तहत सफाई अभियान भी चलाया गया। जिसमें ग्रामीणों नें भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। प्रोग्राम प्रबंधक ने बताया कि एसबीआई फाउंडेशन मुंबई एवं एनबीजे अमृतनगर हजारीबाग के सहयोग से चतरा जिले के अतिसुदुवर्ती प्रखंड कुंदा व लावालौंग के बीस गांवों में एसबीआई संजीवनी क्लिनिक ऑन व्हील कार्यक्रम के तहत प्रत्येक दिन दो गांव में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर चयनित बीस गांव में प्रत्येक पंन्द्रह दिन पर लगाया जा रहा है।

## ग्रामीणों की बैठक में लिए गए निर्णय

नवीन मेल संवाददाता



**हेरहंज।** प्रखंड क्षेत्र के नवादा ग्राम में तुबेद कोल माइंस से तंग आकर गांव वालों ने ग्राम प्रधान उमेश ठाकुर की अध्यक्षा में बैठक कर तुबेद कोल माइंस से चलने वाली अनियंत्रित हाइवा को परिचालन पूरी तरह बंद करने का निर्णय लिया है। इसका रूट जानी,नवादा चीरु, हुम्बू, बरहमोरिया, इचाक, झाबर, बनियो,बालूमाथ तक है। बैठक में प्रभावित ग्रामिण सहित पंचायत प्रतिनिधि व राजनितिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद थे। बैठक में समाज सेवी सह पूर्व सांसद प्रतिनिधि रंजीत जायसवाल, रामवृक्ष भोक्ता,पप्पू यादव, वलवंत सिंह, कुपदीप भोक्ता,चन्द्रदेव उरांव,प्रमुख पार्वती देवी उप-प्रमुख विजय उरांव,शकेश्वर राम, श्याम नारायण सिंह ने अपने-अपने विचारों को रखा। अगली बैठक 5 जनवरी को करने का निर्णय लिया। प्रस्तावित उस बैठक में आंदोलन कमेटी का विस्तार करते हुए अपनी मांग पत्र जिला प्रशासन सहित कोल कंपनी (डीवीसी) को सौपने का निर्णय लिया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से संजू भोक्ता, दीपक सिंह, भोला सिंह, जितेंद्र जायसावल, अजीत जायसवाल, सोनू जयसवाल,चंदन जायसवाल, सुनील कुमार रवि अंकित जयसवाल, विजय गुप्ता, मनिष जायसवाल महेंद्र भगत,रॉकी लोहरा,अनिता देवी, गींदीया देवी,मिना देवी,प्रदीप राम, राजेश भुइंया,तिलेश्वर राम,बालचंद साव,भीम साव सहित सैकड़ों ग्रामीण मोजूद थे।

## पुलिस एसोसिएशन का चुनाव कड़ी सुरक्षा के बीच संपन्न

**लातेहार।** पुलिस एसोसिएशन का चुनाव कड़ी सुरक्षा के बीच जारी है। बता दें कि अध्यक्ष के पद के लिए दो उमीदवार है। उनमें राजकुमार लकड़ा, इंद्रजीत पासवान के बीच कड़ा मुकाबला देखा जा रहा है। उपाध्यक्ष पद में आलोक तिवारी, जगत प्रकाश, सचिव पद के लिए विनय कुमार, पंकज कुमार यादव, कोषाध्यक्ष के लिए पंचानन प्रमाणिक, सुरेंद्र महतो, उमापद महतो, संयुक्त सचिव के लिए मुमताज खान, मनोरंजन सिंह, चंदन राम मैदान में हैं। चुनाव को संपन्न कराने को लेकर चुनाव पर्यवेक्षक के रूप में पलामू के सुरेश कुमार ओझा, विपिन कुमार ठाकुर, जयप्रकाश सिंह, शशि डेविड मिंज, नवी अंसारी मौजूद हैं। चुनाव लड़ रहे प्रत्याशी अपने अपने पक्ष में मतदान करने को लेकर मतदाताओं से अपील कर रहे हैं।

## निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिवर का आयोजन



नवीन मेल संवाददाता

**हंटरगंज (चतरा)।** जिला के हंटरगंज प्रखंड अंतर्गत गेजना पंचायत में रविवार को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में एमबीबीएस अनुभावी चिकित्सक आदर्श कुमार, श्रुति राज ने शिविर में ग्रामीणों के रोगों की जांच कर जरुरत के अनुसार निःशुल्क दवा दी गई। शिविर में सौ से अधिक लोगों को जांच बाद निःशुल्क दवाइयां दी गई। बता दें कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता के अभाव में लोग बीपी शुगर, हृदय रोग सहित अन्य बीमारियों के मरीज हो जाते हैं। ग्राम स्तर पर विशेषज्ञ चिकित्सकों के अभाव में भी लोगों को स्वास्थ्य की दिक्कतें होती हैं। ऐसे में क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य संबंधी समस्या से निजात दिलाने के लिए पांडेयपुरा में डॉ. आदर्श कुमार, श्रुति राज सप्ताह में दो दिन बुधवार व रविवार को कम खर्च में मरीजों को देखते हैं व इलाज करते हैं। शिविर में मुखिया प्रतिनिधी प्रभु भुइयां, पवन प्रसाद, संजय यादव, मनोज मिश्रा, शिवराज सिंह मौजूद थे।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनी पीएम के मन की बात

**महुआडांड़।** प्रखंड के विभिन्न स्थानों पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम को सुनी। इस दौरान भाजपा के पदाधिकारियों ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत नई ऊंचाइयों को छू रहा है और पूरी दुनिया में भारत की सफलता की चर्चा हो रही है। इस संबंध में मंडल अध्यक्ष संजय जयसवाल ने कहा कि 'मन की बात' केवल भाजपा का कार्यक्रम नहीं, बल्कि यह पूरे देश और जनता का कार्यक्रम है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी देश और दुनिया के कोने-कोने से प्रेरणादायक बातें साझा करते हैं, जो सभी को उत्साहित करती हैं। उन्होंने कहा कि वह हर महीने के अंतिम रविवार को अपने कार्यकर्ताओं और जनता के साथ यह कार्यक्रम सुनते हैं, ताकि औरों को भी प्रेरणा मिल सके।

## जर्जर है गांव को शहर से जोड़ने वाली सड़क, ग्रामीण परेशान

नवीन मेल संवाददाता



**महुआडांड़।** महुआडांड़ गांव-गांव तक पक्की सड़क निर्माण कराकर ग्रामीणों को शहर से जोड़ने की योजना भले ही सरकार की प्राथमिकता में शामिल हो, लेकिन धरातल पर सच्चाई कुछ और ही नजर आती है। दरअसल महुआडांड़ प्रखंड के पंचायत रंगाई ग्राम परही से नवाटोली जोड़ने के लिए लगभग 10 वर्ष पहले ग्रामीण सड़क बनाई गई थी, लेकिन हालत काफी जर्जर हो गई। ऐसे में इस पथ पर चलकर आने वाले लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों को इस पथ पर यात्रा करने के लिए 10 बार सोचना पड़ता है। राजेश्वर नागेसिया, मंतू नागेसिया, विनोद नगेसिया, सुनील नगेसिया, संदीप नगेसिया, रामप्रीत नगेसिया ग्रामीणों ने बताया कि सड़क इतनी खराब हो गई है कि इस पर चलना भी मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि सड़क बन जाती तो आने जाने में काफी सहूलियत होती। ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। जरूरत इस बात की है कि ऐसी सड़कों पर सरकार पहले ध्यान दें और प्राथमिकता के साथ इसे दुरुस्त कराएं ताकि गांव और शहर की दूरियां सिमट सके।

## न्यूज बॉक्स

### बाइक से गिरकर युवक घायल

**महुआडांड़।** प्रखंड के दुरूप पंचायत के ग्राम छग्रही निवासी 30 वर्षीय सुचित मुंडा रविवार शाम महुआडांड़ मुख्यालय से अपने घर छग्रही जाते क्रम में बोहटा के सेडे नदी के तीखी मोड़ के असंतुलित होकर बाइक से गिर गए। राहगीरों ने घायल सुचित को महुआडांड़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती क्रराया गया। वहां चिकित्सा प्रभारी डॉ. अमित खलखो, डॉ. जिलानी अंसारी द्वारा इलाज कर बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया।

### मैट्रिक 2012 बैच के सहपाठियों ने मिलन समारोह का किया आयोजन

**गिद्धौर (चतरा)।** प्लस टू गंगा स्मारक उच्च विद्यालय के मैट्रिक व प्लस टू बैच के पूर्ववर्ती विद्यार्थियों ने प्रखंड मुख्यालय के बड़की नदी के बगल में मिलन समारोह सह गेट टू गेदर मनाया। इस दौरान आने वाला नव वर्ष 2025 की अग्रिम बधाई एक दूसरे को दिया। मिलन समारोह के बाद वन भोज का भी आनंद उठाया। मौके पर बबलू कुमार साव, संतोष कुमार दास, संदीप कुमार, कपिल कुमार, सचिन कुमार, संदीप कुमार, ललन कुमार, कपिल कुमार, आशीष कुमार, आदित्य कुमार उपस्थित थे।

### आउटरीच प्रोग्राम के तहत शिविर

**कुन्दा(चतरा)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार चतरा के मार्गदर्शन में नवादा पंचायत में आउटरीच कार्यक्रम के तहत जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में महिलाओं को बाल विवाह, घरेलू हिंसा, यौन उत्पीड़न, सरकारी सहायता और विधिक सेवाओं के बारे में जानकारी दी गई। अधिकार मित्र किरण कुमारी ने महिलाओं को चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, नागरिकों को मिलने वाली विधिक सेवाएं, दिव्यांगों को मिलने वाली विधिक सेवाएं व सरकारी योजनाओं के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई।

### सड़क दुर्घटना में दो घायल

**बालूमाथ।** थाना अंतर्गत दो अलग-अलग दुर्घटना में दो लोग घायल हो गए हैं। पहली घटना चंदवा गिद्दी के पास एक बाइक ने 2 वर्षीय बच्ची जागृति कुमारी पिता पूरण गंझू को धक्का मार कर घायल कर दिया है। डॉक्टर सुरेंद्र कुमार ने बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार किया जा रहा है। बच्ची नानी के घर गई थी। वहां सड़क दुर्घटना का शिकार हो गई। फिलहाल प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति सामान्य है। दूसरी घटना चेताग ग्राम निवासी कन्हैया यादव का है, जिसका पैर जरी ग्राम के पास घर जाने के दौरान रिम में फंस गया था। उन्हें प्राथमिक उपचार के पश्चात रिम्स रेफर कर दिया गया।

### असहायों के बीच कंबल वितरण

**चंदवा।** प्रखंड के क्रिएटिव एकेडमी के निदेशक मनु कुमार गुप्ता ने रविवार को टोरी जंक्शन, सुभाष चौक, इंदिरा गांधी चौक, लुकुइया, बोरसीदाग आदि क्षेत्रों में घूम-घूम कर गरीब व असहाय लोगों के बीच कंबल का वितरण किया। इस दौरान उन्होंने 50 कंबल का वितरण किया। उन्होंने कहा कि अगर किसी जरूरतमंद को कंबल की आवश्यकता होगी तो वे उनसे संपर्क कर कंबल प्राप्त कर सकते हैं। मनु गुप्ता ने कहा कि मानव सेवा से बढ़कर कोई सेवा नहीं है। जरूरतमंद लोगों की मदद करने से उन्हें सुकून मिलता है। दुनिया में इंसानियत से बड़ा कोई धर्म नहीं। मौके पर उपस्थित मुकेश कुमार सिंह, प्रमोद गिरी ने भी कंबल का वितरण किया। कंबल पाकर बुजुर्गों के चेहरे खिल गए।

### एसडीओ की पत्नी का अंतिम संस्कार पैतृक गांव में संपन्न

**सिमरिया (चतरा)।** हजारीबाग सदर एसडीओ अशोक कुमार की पत्नी का अंतिम संस्कार सिमरिया थाना अंतर्गत बेलगड्डा गांव के शमसान घाट पर रविवार को किया गया। मालूम होकी सदर एसडीओ की पत्नी अनिता कुमारी की मौत 28 दिसंबर की सुबह 8 बजे इलाज के दौरान देवकमल हॉस्पिटल रांची में हो गई थी। 26 दिसंबर की सुबह 7 बजे एसडीओ की पत्नी हजारीबाग झील रोड स्थित सरकारी आवास पर झुलस गई थी। गंभीर अवस्था में उन्हें हजारीबाग आरोग्यं अस्पताल पहुंचाया गया था। वहां से गंभीर स्थिति को देखते हुए बीजीएस बोकारो रेफर कर दिया गया था। पुनः वहां से 27 दिसंबर देर शाम देवकमल हॉस्पिटल रांची रेफर कर दिया गया था। वहां 28 दिसंबर की सुबह वह मौत से लड़ते हुए हार गई। अनीता का मायका चतरा जिले के गिद्धौर प्रखंड अंतर्गत पिंडर कौन है। उसकी शादी 2011 में अशोक से हुई थी। शादी के बाद दो बच्चे बेटा अलौकिक राज किसलय 9 वर्ष व बेटी आरोही कश्यप 4 वर्ष की है। मृतिका के मायके वाले उचित जांच कर एसडीओ के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने की मांग प्रशासन से की है।

### ट्रक मालिक संघ के साथ आम्रपाली परियोजना की संयुक्त बैठक



**टंडवा (चतरा)।** आम्रपाली परियोजना के विस्थापित व प्रभावित वाहन मालिक संघ, सीसीएल महाप्रबंधक के बीच फॉर्मेट कोटा को लेकर वार्ता हुई। इस दौरान जीएम अमरेश कुमार सिंह ने उक्त मांगों के निराकरण के लिए चार दिनों का समय लिया है। इस दौरान वाहन मालिक संघ के आशुतोष मिश्रा ने जीएम को ज्ञापन सौंपते हुए उन पर वादा खिलाफी का आरोप लगाया। कहा कि जीएम द्वारा जानबूझकर बार-बार समय लेकर टाला जा रहा है। निर्धारित समय के बाद विस्थापित, प्रभावित परिवार आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। इसके बाद आम्रपाली परियोजना से किसी भी कीमत में कोयला का उठाव नहीं होने दिया जाएगा। बताया कि प्रबंधन के वादा खिलाफी से वाहन मालिकों में आक्रोश पनप रहा है। राष्ट्रहित के लिए अपनी संपदा समर्पित करने वाले विस्थापित परिवारों के साथ प्रबंधन सौतेला व्यवहार शीघ्र आंदोलन के लिए मजबूर कर रहा है। वार्ता में आम्रपाली परियोजना के डिस्पैच अधिकारी शशिकांत भारती, भू रैयत बद्री साहू, अरविंद कुमार, हुलास यादव समेत अन्य मौजूद थे।

### जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र समय पर निर्गत करें अधिकारी : अनीता देवी



**लातेहार।** जिला परिषद की उपाध्यक्ष अनीता देवी ने सोशल मीडिया में मिली शिकायत पर बालूमाथ प्रखंड विकास अधिकारी सोमा उरांव से दूरभाष पर बात की। उन्होंने आनंद यादव, भैंसादोन के पुत्र का जन्म प्रमाण पत्र निर्गत करने का अनुरोध किया। बीडीओ के अवकाश में होने के बावजूद एक घंटे के अंदर जन्म प्रमाण पत्र निर्गत कर दिया गया। बता दें कि आनंद यादव ने जिला परिषद को जन्म प्रमाण पत्र नहीं बनने की शिकायत की थी। शिकायत को संज्ञान में लेते हुए इस समस्या का समाधान किया गया है। आनंद यादव ने पिछले एक वर्ष से ब्लॉक का चक्कर लगा रहा था। जन्म प्रमाण पत्र नहीं होने के कारण उनके बच्चे का एडमिशन किसी भी विद्यालय में नहीं हो पा रहा था। एक साल चक्कर लगाने के बाद आनंद यादव थक कर उपाध्यक्ष अनीता देवी के पास व्हाट्सएप के माध्यम से अपनी पीड़ा व्यक्त की थी।

# सब्जी की कीमतों में आई गिरावट से उत्पादक किसान बेहाल

**बसिया(गुमला)।** महंगाई से आम लोग भले परेशान हों परन्तु इसके उलट झारखंड के इस ग्रामीण क्षेत्र के सब्जी उत्पादक किसान अब बाजार के सस्तेपन से बेहाल हैं। यह स्थिति विगत एक माह से बनी हुई है जब बाजार में सब्जियों के भाव में गिरावट ने किसानों के माथे पर बल डाल दिया है। उल्लेखनीय है कि इन दिनों यहां सब्जियों के भाव में बेतरतीब कमी आई है। हाल इतना बेहाल हो गया है कि सब्जी उत्पादन की लागत वसूली भी दूर की बात हो गई है। हैरान करने वाली बात यह है कि अभी हाट बाजारों में किसानों को इतनी आमदनी भी नहीं हो पा रही है कि उन्हें दिन भर सब्जी बेचने की मजदूरी भी नहीं मिल पा रही है। मिली जानकारी के अनुसार यहां के किसान को फूलगोभी, पत्तागोभी, बैंगन, साग आदि मौसमी सब्जियों के लिए दस



रुपए प्रति किलो मिलना भी मुश्किल हो गया है। यह एक नितांत प्रतिकूल स्थिति है क्योंकि खाद, बीज, पटवन,मजदूरी और दवाओं के खर्च बढ़े हुए हैं और उत्पादन का लागत दस रुपए प्रतिकिलो से कहीं अधिक है। ऐसे में एक किसान यदि चालीस किलो सब्जी लेकर स्थानीय मंडी में बैठ रहा है और उसके तमाम सब्जियों की बिक्री हो जा रही हो तो उत्पादन लागत छोड़कर केवल दिन भर की मशक्कत के बाद उन्हें बमुश्किल चार सौ रूपए मिल रहे हैं। इस चार सौ रूपयों में मंडी तक आने जाने के खर्च और मंडी समिति के टैक्स को घटा दें तो उन्हें दिन भर की मजदूरी भी मयस्सर नहीं हो पा रही है। बहरहाल सब्जियों के सस्ते दर ने यहाँ मंहगाई की मार झेल रहे सब्जी उत्पादक किसानों के लिए दुर्दिन बनकर सामने आ खड़ा हो रहा है।

## सेन्हा में विवाहिता से दुष्कर्म का प्रयास, आरोपी गिरफ्तार

**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र में विवाहित महिला के साथ दुष्कर्म करने का प्रयास मामले में एक युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। जानकारी के अनुसार पीड़िता के परिवारवालो ने पुलिस को बताया कि सोमवार रात्रि लगभग 10 बजे महिला को घर मे अकेला देख एक लड़का घुस गया और जबरदस्ती ब्लात्कार करने का प्रयास करने लगा। पीड़िता ने बचाव बचाव की आवाज लगाने लगी तो परिवार वाले पीड़िता के कमरे तरफ भागी और दरवाजा को धक्का दिया तो खुल गया। देखा कि एक लड़का महिला के साथ यौन शोषण कर रहा था। जैसे ही परिवार वाले को देखा तो अपना



कपड़ा पहन लड़का भागने का प्रयास करने लगा। शोर गुल सुनकर अगल बगल के ग्रामीणों के सहयोग से उस लड़के को धर दबोचा गया। पुलिस को सूचना करते हुए आरोपी को सुपुर्द कर दिया। पूछ ताछ के दौरान आरोपी लड़का ने अपना पहचान रामगढ़ जिला अंतर्गत प्रोजेक्ट राजरप्पा थाना क्षेत्र के लारी बस्ती निवासी बरफाती अंसारी के 20 वर्षीय पुत्र छोटू अंसारी बताया। इस संदर्भ में थाना प्रभारी अजित कुमार ने जानकारी देते हुए कहा कि पीड़िता से प्राप्त आवेदन के आधार पर कारवाई करते हुए कांड संख्या 109/24 दर्ज कर दुष्कर्म अधिनियम धारा 64/ 329(4) बी एन एस के तहत जांचोपरांत लोहरदगा न्यायालय में प्रस्तुत कर जेल भेजा गया।

## कसपुर गांव में बारह पाड़हा की बैठक हुई

**नवीन मेल संवाददाता**

**भंडरा।** भंडरा प्रखंड के कसपुर गांव स्थित हाजरी टाड़ में रविवार को बारह पाड़हा बेल नामी उरांव की अध्यक्षता में पाड़हा की एक महत्वपूर्ण बैठक बुलाया गया। जिसमें चर्चा किया गया कि 19 दिसम्बर दिन गुरुवार को भंडरा निवासी अनिल उरांव के द्वारा हाजरी टाड़ में गलत तरीके से बैठक कराकर कसपुर बारह पाड़हा बेल विनोद उरांव ग्राम कसपुर एवं दीवान पृथ्वीनाथ उरांव ग्राम भुजनिया को चयनित करके समाज को दिग्भ्रमित करने का प्रयास किया गया है।

जो की सरा- सर गलत है। जिसे बारह पाड़हा कसपुर के उपस्थित सभी गांवों के बेल एवं दीवान इसे घोर नींदा करती है और खंडित करती है। बैठक में निर्णय लिया गया की आने वाले दिन में ऐसा गलती करने पर अनिल उरांव ग्राम भंडरा , विनोद उरांव ग्राम कसपुर एवं पृथ्वीनाथ उरांव ग्राम भुजनिया को बारह पड़हा कसपुर की ओर से बहिस्कार किया जाएगा। इस बैठक में पहान - पुजार सोहराइ उरांव, सारू उरांव, फूलदेव उरांव, श्रीनाथ उरांव, बुधुवा उरांव, चरवा उरांव, गन्दरू पहान, बन्दे उरांव , बंधनु उरांव, सत्यम उरांव, तेवारी उरांव , शनीचरवा उरांव , मंगरा प्रधान , शनि पुजार, बरतू उरांव, पंचू एवं पंचू उरांव आदि उपस्थित थे।

## चैनपुर प्रखंड में डिजनी लैन्ड मेला का शुभारंभ, मनोरंजन के साधन

**नवीन मेल संवाददाता**

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड मुख्यालय में रविवार हाल ही में डिजनी लैन्ड मेला सह मीना बाजार का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन चैनपुर थाना प्रभारी कुंदन चौधरी और जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष ने फीता काटकर किया। इस मेले में बच्चों और परिवारों के लिए कई आकर्षक गतिविधियाँ और मनोरंजन के साधन उपलब्ध हैं।

**मेले की बच्चो का मनोरंज को लेके विशेष**

डिजनी लैन्ड मेले में बच्चों के लिए रामधुलवा, ब्रेक डांस, घूमने के लिए कार और घोड़े, जंपिंग जैसी विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया है। इन सभी गतिविधियों ने बच्चों और उनके अभिभावकों के बीच खासा आकर्षण पैदा किया है। मेले में विभिन्न प्रकार के सामान भी बिक्री के लिए उपलब्ध हैं, जिससे स्थानीय निवासियों को खरीदारी का अच्छा अवसर मिल रहा है।

**चैनपुर प्रखंडवासी खूब उठा रहे है लुफ्त**

चैनपुरवासी इस मेले का भरपूर आनंद लेते नजर आ रहे हैं। मेले की रंगीन और जीवंत वातावरण ने सबको आकर्षित किया है।

## सिसई थाना मैदान में रविदास समाज ने किया बैठक

**सिसई ( गुमला ) ।** थाना मैदान में रविवार को रविदास समाज का एक आवश्यक बैठक किया गया। जिसकी अध्यक्षता अजय राम जी ने किये।इस बैठक में आगामी 26जनवरी 2025 को पूसो अम्बेडकर चौक में झंडोतोलन कार्यक्रम का आयोजन रखा गया है। जिसमें परम पूज्य बोधि सत्य सिंबल ऑफ नॉलेज भारतीय संविधान निमार्ता बाबा साहेब डॉ भीम राव अम्बेडकर जी जो हमारे भारत देश में पूर्ण रूप से 26 जनवरी 1950 को आजादी दिलाये हैं। उन्हीं के बदौलत हमारे एस सी ,एस टी ,ओ बी सी मैनोरिटी एवं महिलाओं को पूर्ण रूप से आजादी मिली है। डॉ सतीष बौद्ध जी का दिल्ली से आगमन होने जा रहा है । वे इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से शामिल होंगे।

## आदिवासी उत्थान कल्याण समिति कार्यालय का हुआ उद्घाटन

**नवीन मेल संवाददाता**

**घाघरा/गुमला।** घाघरा प्रखंड क्षेत्र के नौडीहा अनुज भवन में आदिवासी उत्थान कल्याण समिति कार्यालय का उद्घाटन किया गया । जिसमें बतौर मुख्य अतिथि थाना प्रभारी तरुण कुमार भैया शामिल । कार्यालय का उद्घाटन मुख्य अतिथि थाना प्रभारी तरुण कुमार के द्वारा फीता काटकर किया गया । इससे पहले समिति के सदस्यों के द्वारा आदिवासी रीति रिवाज के साथ मुख्य अतिथि थाना प्रभारी का स्वागत किया गया । तत्पश्चात मुख्य अतिथि को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया ।

संस्था के कानूनी सलाहकार धनेश्वर उरांव ने कहा कि इस संस्था के द्वारा आदिवासियों के समग्र विकास एवं कल्याण हेतु काम किया जाएगा । साथ ही उन्होंने कहा कि यह संस्था अपनी



कला संस्कृति का प्रचार प्रसार एवं विकास हेतु प्रयास करेगी । बाल विवाह को रोकने तथा शादी विवाह में नशा पान एवं डीजे पर पूर्ण नियंत्रण एवं प्रतिबंध करने का प्रयास करेगी । मौके पर मुख्य रूप से समिति के अध्यक्ष जोगेंद्र भगत, सचिव भिनेशर भगत, उपाध्यक्ष बलिराम लकड़ा, कोषाध्यक्ष लक्ष्मी नारायण उरांव, संगठन सचिव रामेश्वर उरांव, समिति के सदस्य विरसमणी देवी तारामणि देवी सहित महिला पुरुष उपस्थित थे ।

## सघन वाहन जांच अभियान सड़क सुरक्षा को लेकर उठाए गए ठोस कदम

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड मुख्यालय में पुलिस अधीक्षक शंभू सिंह के निर्देश पर चैनपुर थान प्रभारी कुंदन चौधरी द्वारा एक सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस अभियान का उद्देश्य नए साल के अवसर पर सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम और अपराध नियंत्रण को सुनिश्चित करना था। इस जांच अभियान में विशेष ध्यान बिना हेलमेट पहने और वाहन के कागजात की जांच पर दिया गया। चैनपुर थाना प्रभारी कुंदन चौधरी ने बताया कि यह अभियान लगातार जारी रहेगा, ताकि सड़क पर सुरक्षा को बढ़ावा दिया जा सके।अभियान के दौरान, ड्रिंक एंड ड्राइव के मामलों में भी सख्ती बरती गई और कई चालान काटे गए। पुलिस प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करें और अपने वाहन के सभी कागजात साथ रखें, ताकि किसी भी प्रकार की कानूनी समस्या से बचा जा सके। इस पहल से न केवल सड़क सुरक्षा में सुधार होगा, बल्कि अपराधों पर नियंत्रण भी संभव होगा। पुलिस का कहना है कि ऐसे अभियान आगे भी जारी रहेंगे, ताकि आम जनता को सुरक्षित यात्रा की सुविधा मिल सके।



## नववर्ष के शुभ अवसर पर उमंग गेस्ट हाउस ने निकाला डिस्काउंट ऑफर

**सिसई (गुमला)।** उमंग गेस्ट हाउस कुदरा मोड़ सिसई के निदेशक ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए कहा कि आगामी नववर्ष के शुभ अवसर पर उमंग गेस्ट हाउस में पूरे जनवरी माह तक भारी छुट दिया जायेगा। जिसमें आमलोगों को प्रति कमरा 20% प्रतिशत तक छुट दिया जायेगा तथा आर्मी जवानों के लिए प्रति कमरा 50% तक की छुट दिया जायेगा। वहीं डॉर्मेटरी में प्रति बेड मात्र 99 रुपए में उपलब्ध रहेगा। आगे उन्होंने कहा कि हमारे गेस्ट हाउस में ऐसी एवं नॉन ऐसी कमरा किफायत दर पर उपलब्ध है। साथ ही मीटिंग करने से लेकर जन्म दिवस मनाने एवं अन्य कार्यक्रम के लिए हॉल किफायत दर पर उपलब्ध है। आगामी 15 जनवरी 2025 को एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में धूमधाम से वार्षिकोत्सव मनाने का निर्णय लिया गया।

## सेवा भारती के स्वास्थ्य जांच शिविर में 54 लोग हुए लाभान्वित

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** सेवा भारती लोहरदगा के द्वारा चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के प्रांगण मे लगातार 133 वॉ सप्ताह के रविवार को निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 54 लोग अपने स्वास्थ्य की जांच करवा कर लाभान्वित हुए। हीमोग्लोबिन,यूरिक एसिड,ब्लड ग्रुप, शुगर, बी पी,वजन,हार्ट बीट,ऑक्सीजन लेवल आदि का निशुल्क जांच किया गया। डॉ कुमुद अग्रवाल ने कहा कि इस बदलते मौसम पर ठंड से बचें और बासी एवं तले हुए खाना खाने से भी बचें है,सुबह के समय धूप में बैठें एवं गरम पानी का ही सेवन करें। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने कहा की नियमित रूप से स्वास्थ्य का चेकअप कराते रहने से समय पर कई बीमारियों को दूर किया जा सकता है। बहुत से लोग जांच





करवाने में घबराते हैं। घबराएं नहीं ना ही कोई संकोच करें, स्वस्थ रहने पर ही आप कोई कार्य अच्छे से कर सकते हैं।

सहसचिव संजय चौधरी ने कहा की प्रत्येक सप्ताह इस स्वास्थ्य शिविर में लोग अपना और अपनेजनों का स्वास्थ चेकअप करा कर कई बीमारी की जानकारी प्राप्त कर इलाज करवा रहे हैं। शिविर में-जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ, डॉ कुमुद अग्रवाल, संजय चौधरी, राजीव यादव, सत्यम सर्राफ, रामू कर्मकार,अतुल सर्राफ, कुणाल अग्रवाल, अंजलि सर्राफ, अजय अग्रवाल, बिंदेश्वरी मिस्त्री, रामजीवन प्रसाद, सुबोध महतो, प्रदीप साहू, नीलम देवी, शांति देवी, श्याम सुंदर प्रसाद, उषा देवी, बबलू कसेरा, सुरेंद्र गुप्ता, शंकर वर्मा, लीलावती देवी, प्रभा देवी, ओमप्रकाश गुप्ता, लक्ष्मी देवी, तपेश्वर अग्रवाल, रामदेव भारती, रामचंद्र गिरी, नंदलाल कास्यंकार, प्रतीक साहू, रमेश शर्मा, तारा राय भंडारी, दुर्गा प्रसाद,आनंद पाठक, अमानत अंसारी आदि उपस्थित थे।

## जेएनवी के 1999 बैच के सहपाठियों ने सिल्वर जुबली मनाया

### सभी दोस्तों ने अपने परिवार के साथ पिकनिक मनाया

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** जवाहर नवोदय विद्यालय के 1999 बैच के पूर्व छात्र -छात्राओं ने हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी चितरी स्थित कोयल नदी तट पर पिकनिक सह सिल्वर जुबली मनाया। 1999 बैच के छात्र-छात्राओं ने दोस्ती के 25 वर्ष पूरे होने पर अपने परिवार एवं दोस्तो के साथ मिलकर कोयल नदी के बीच पानी की किलकारियां, छोटे-छोटे चट्टानों के बीच हसीन प्राकृतिक वादियों में केक काट कर दोस्ती के 25 वर्ष पूरे होने पर एक दूसरे को बधाई दिया। पिकनिक सह सिल्वर जुबली पर सभी दोस्तों ने डीजे के धुन पर खूब डांस किया तो वही लजीज व्यजनों का लुफ्त उठाया। एक दूसरे के सुख दुःख में हर समय साथ रहने का परिचय



दिया। पिकनिक सह सिल्वर जुबली कार्यक्रम में बिनीता कुमारी, कालिन्द्र मुंडा, गुलाम जिलानी, शोभा कुमारी,सुमिकी खाखा, अनिल कुजूर, सूरज कुमार, अभिषेक कुमार, इमरान खान, मो.अयाज, अनिल राम, रंजीत उरांव, परमेश्वर उरांव, किरण कुमारी, मुनि कुमारी, प्रमिला कुमारी, चंदन भगत, राजेश कुजूर, अशोक गुप्ता, राजेश उरांव, साकेत कुमार, हिमांशु कुमार, सीताराम उरांव, प्रिया कुमारी, सुलोचनी उरांव, आरती कुमारी,स्वेता कुमारी, अशोक उरांव आदि उपस्थित थे।

## अग्रवाल महिला समिति ने गरीबों के बीच बांटा कंबल

**लोहरदगा।** अग्रवाल महिला समिति लोहरदगा ने सेन्हा प्रखण्ड के आरहासा गांव में गरीबो के बीच गर्म कपड़े, शाल व कम्बल का वितरण किया। समिति की महिलाओं ने लगभग 100 से अधिक कंबल व शॉल का वितरण किया। मौके पर अध्यक्ष रीता अग्रवाल, सचिव कनक अग्रवाल आदि ने बताया कि इस ठंड के मौसम में गरीब व असहाय लोगो की मदद करने के लिए अग्रवाल महिला समिति आगे बढ़कर कार्य कर रही है। इसके तहत आज समिति के द्वारा कंबल व शॉल का वितरण किया गया है। आगे भी गांव गांव जाकर गरीबो व जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया जाएगा।



कहा कि गरीब व असहाय लोगो की मदद करना पुण्य का काम होता है। कहा कि मानव सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। जरूरतमंदों, लाचार एवं गरीबों की सेवा करते रहना ही हमारे समाज का पहली प्राथमिकता है। समाज हर क्षेत्रों में सेवा भाव से तन- मन- धन से हर कार्य करते रहती है और हर समय करते रहेगी। इस मौके पर लक्ष्मी अग्रवाल, जया भारती, डाली अग्रवाल, अजय मित्तल समेत बड़ी संख्या में अग्रवाल महिला समिति की महिलाएं मौजूद थी।

## अंडर-19 वूमेन एस क्रिकेट टीम के गठन के लिए ट्रायल मैच का किया गया आयोजन



**लोहरदगा।** जिला क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा अंडर-19 वूमेन एस क्रिकेट टीम के गठन के लिए ट्रायल मैच का आयोजन किया गया। इसमें करीब 40 लड़कियों ने हिस्सा लिया। उनके खेल कौशल और फील्डिंग स्कील के निरीक्षण के बाद 17 खिलाड़ियों का चयन किया गया। जिसमे नेहा कुमारी,प्रीती कुमारी,वर्षा रानी, अदिती राज नायक, आहाना राय, स्वर्णिमा श्री,मीत वर्मा, साध्वी सिन्हा, खुशी कुमारी, इसीका भगत, सारा अल्तमस, विनीता कुमारी, सोनाली साहु, वैष्णवी, प्राची प्रसाद, रीना कुमारी, मेनका, ऋषिका कुमारी, चंचल कुमारी शामिल है। इन सभी खिलाड़ियों से लोहरदगा जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष धीरज प्रसाद साहू ने परिचय प्राप्त कर खिलाड़ियों की हौसला आफजाई किए। कहा कि आप लोग मन लगाकर के खेले। आपको जो भी सहायता की जरूरत होगी वह लोहरदगा जिला क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से प्रदान किया जाएगा। इस तरह के आयोजन के लिए जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सभी सदस्य गणों की तारीफ की। मौके पर जिला क्रिकेट एसोसिएशन का कार्यकारी अध्यक्ष भास्कर दास गुप्ता, सचिव आलोक राय, कोषाध्यक्ष नेयाज मलिक,रणजी खिलाड़ी आशीष कुमार, अमित कुमार, बीएस कॉलेज के प्राचार्य शशि गुप्ता, जयजीत चौबे, विधायक प्रतिनिधि निशिथ जायसवाल आदि उपस्थित थे।

## कभी लोग जाने से थे कतराते, अब बेखौफ होकर ले रहे आनंद

# नववर्ष पर धरधरिया जलप्रपात लोगों का स्वागत करने को तैयार

**सेन्हा (लोहरदगा)।** यहां की सुंदरता पर कभी दाग लग गया था। लोग इस ओर जाने से भी कतराते थे, पर इस बार यहां नव वर्ष में लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ेगी। सेन्हा प्रखंड का धरधरिया जलप्रपात लोगों का स्वागत करने को तैयार है। प्रखंड के अलौदी पंचायत अन्तर्गत घने जंगलों और पहाड़ से घीरे धरधरिया जल प्रपात की सुंदरता का दीदार करने को ले लोग आतुर हैं। तीन मई 2011 को यहां पर भाकपा माओवादी और पुलिस-सीआरपीएफ के बीच हुए मुठभेड़ में 11 जवानों की मौत हो गई थी। साथ ही 60 जवान गंभीर रूप से घायल हुए थे। माओवादियों ने सीरिज लैंड माइंस विस्फोट कर पुलिस और सीआरपीएफ को भारी नुकसान पहुंचाया था। इसके बाद से यहां लोगों का पहुंचना लगभग बंद हो गया था। इस साल कई बड़े माओवादी नेताओं के आत्मसमर्पण और कई की गिरफ्तारी के बाद क्षेत्र में माओवादियों का सफाया हो गया। जिससे क्षेत्र में फिर एक बाद लोगों का पहुंचना शुरू हो गया है।

### चट्टान नुमा पहाड़ो के ऊपर से पानी






### गिरता धरधरिया जलप्रपात का दृश्य

**सेन्हा (लोहरदगा)** । धरधरिया जल प्रपात की खासियत यह है कि यहां पांच सौ फिट की उंचाई से पानी गिरता है। जो लोगों को मोहित कर देता है। पहाड़ की उंचाई से गिरता पानी और आस-पास का वातारण यहां की सुंदरता को और भी बढ़ा देता है। आसपास के लोगों के अलावे सेन्हा, घाघरा, लोहरदगा आदि क्षेत्रों से भी लोग धधरिया जल प्रपात की सुंदरता को निहारने को पहुंचते हैं। कच्चे रास्ते, पहाड़ और पहाड़ की उंचाई से गिरकर पत्थरों से पानी के टकराने की आवाज लोगों को यहां रूकने को विवश करती है। लोगों के लिए धधरिया जलप्रपात का दीदार एक अलग ही अनुभव का अहसास कराता है।

### कैसे पहुंचा जा सकता है धरधरिया तक

**सेन्हा (लोहरदगा)।** जिला मुख्यालय से 25 किलोमीटर और प्रखंड मुख्यालय से छह किलोमीटर की दूरी पर प्राकृतिक सौंदर्य का अवलोकन करने को मिलता है। धरधरिया तक पहुंचने को लेकर निजी वाहन का सहारा है। अरू और कंडरा चौक से पर्यटन स्थल धधररिया जलप्रपात तक जाया जा सकता है। अरू, चौकनी, चटकपुर होते हुए धरधरिया तक पहुंचा जा सकता है। वहीं इसके लिए दूसरा रास्ता कंडरा से बूटी, अलौदी, हेसवे, साके, उरु होते हुए धरधरिया तक पहुंचने का है।



## गुमला के साहित्यकार अजय किशोरनाथ पांडेय को विद्या-वाचस्पति मानद सम्मान



**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** जिले के प्रतिष्ठित साहित्यकार अजय किशोरनाथ पांडेय को दिल्ली में आयोजित एक भव्य सम्मान समारोह में विद्या-वाचस्पति मानद सम्मान से नवाजा गया। यह सम्मान विक्रमशिला हिंदी विद्यापीठ, भागलपुर की अकादमिक परिषद की अनुशंसा पर उन्हें हिंदी साहित्य और समाजसेवा में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए दिया गया।

**राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ाया जिले का गौरव**

इस सम्मान से नवाजे जाने के बाद अजय किशोरनाथ पांडेय ने न केवल गुमला बल्कि पूरे झारखंड को राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है। उनके सम्मान के बाद उन्हें बधाई देने वालों का तांता लग गया है। लोग उनके घर पहुंचकर बधाई दे रहे हैं और उनके साहित्यिक योगदान की सराहना कर रहे हैं।

**सम्मान समारोह का आयोजन**

दिल्ली में आयोजित इस सम्मान समारोह का आयोजन परिवर्तन योगेश सनातन संस्कार प्रतीक संस्था द्वारा किया गया। इसमें देशभर से साहित्यकारों, कलाकारों, चिकित्सकों, और ज्योतिषाचार्यों को सम्मानित किया गया।

**सम्मान का आधार**

अजय किशोरनाथ पांडेय को यह मानद उपाधि हिंदी साहित्य के क्षेत्र में उनके योगदान, राष्ट्रभक्ति, समाजसेवा, और सांस्कृतिक सुधार में उनकी भूमिका के लिए दी गई। उन्हें विक्रमशिला हिंदी विद्यापीठ और काशी हिंदी विद्यापीठ के कुलपति द्वारा डॉक्टरेट समकक्ष मानद उपाधि, प्रमाणपत्र, और मोमेंटो भेंटकर सम्मानित किया गया।

## गुमला में राज्य बाल आयोग की समीक्षा बैठक

**गुमला।** झारखंड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य रूचि कुजूर, विकास दोदराजका, और मिनहाजुल हक ने गुमला जिले का दौरा कर बच्चों के अधिकारों और उनके संरक्षण से जुड़ी स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक की और विभिन्न योजनाओं और मामलों की प्रगति पर चर्चा की।

परिसद सभागार में आयोजित इस बैठक में उप विकास आयुक्त दिलेश्वर महतो, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी आरती कुमारी, जिला शिक्षा अधीक्षक नूर आलम खान, पुलिस उपाधीक्षक सुरेश प्रसाद यादव, और अन्य संबंधित अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में बच्चों से जुड़े विभिन्न विषयों पर गहन चर्चा की गई। पुलिस उपाधीक्षक द्वारा बच्चों के यौन उत्पीड़न के मामलों का विवरण प्रस्तुत किया गया। आयोग ने इन मामलों का शीघ्र निपटारा करने और त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।जला बाल संरक्षण इकाई और बाल कल्याण समिति को समन्वय स्थापित कर बालिकाओं की बरामदगी और उनके पुनर्वास पर जोर दिया गया। आयोग ने निर्देश दिया कि सभी सरकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जाए और जरूरतमंद बच्चों और परिवारों को समय पर मदद पहुंचे। के बाद आयोग के सदस्यगणों ने सदर अस्पताल का निरीक्षण किया, विशेष रूप से बच्चों के वार्ड की स्थिति का जायजा लिया। सिविल सर्जन को निर्देश दिया गया कि अस्पताल की समस्याओं का शीघ्र समाधान करें।

## परसा गांव के पास ग्रामीणों की मदद से 21 गोवंशीय पशु जब्त, तस्कर फरार

**गुमला।** रायडीह थाना क्षेत्र के परसा गांव के पास पुलिस और ग्रामीणों ने मिलकर शनिवार रात अवैध रूप से ले जाए जा रहे 21 गोवंशीय पशुओं को पकड़ा। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई की, लेकिन तस्कर अंधेरे का फायदा उठाकर जंगल की ओर भागने में सफल रहे। ग्रामीणों ने पगडंडी रास्ते से तस्करों को मवेशियों को हांककर ले जाते देखा और तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस और ग्रामीणों ने मिलकर पशुओं को जब्त किया। पकड़े गए मवेशियों को रविवार सुबह 8 बजे ग्रामीणों को जिमेनामा के तहत सौंप दिया गया। पुलिस ने अज्ञात तस्करों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी गिरफ्तारी के लिए छानबीन शुरू कर दी है।



# नए साल में विवाह के शुभ मुहूर्त?

**नवीन मेल डेस्क।** हिंदू धर्म में, विवाह को सबसे महत्वपूर्ण संस्कारों में से एक माना जाता है। वैदिक शास्त्रों अनुसार भी शादी एक ऐसा पवित्र समारोह है जिसे हमेशा शुभ समय पर ही किया जाना चाहिए। कहते हैं शुभ मुहूर्त में किए गए मांगलिक कार्य ज्यादातर सफल ही होती हैं। अगर आप भी साल 2025 में विवाह के लिए शुभ तिथि की खोज कर रहे हैं, तो हमारा ये आर्टिकल आपके लिए सहायक सिद्ध हो सकता है। चलिए यहां जानते हैं 2025 में विवाह की शुभ तिथियां।

### 2025 जनवरी विवाह मुहूर्त

| | |
|---|---|
| जनवरी 16, 2025, गुरुवार | जनवरी 21, 2025, मंगलवार |
| जनवरी 17, 2025, शुक्रवार | जनवरी 23, 2025, गुरुवार |
| जनवरी 18, 2025, शनिवार | जनवरी 24, 2025, शुक्रवार |
| जनवरी 19, 2025, रविवार | जनवरी 26, 2025, रविवार |
| जनवरी 20, 2025, सोमवार | जनवरी 27, 2025, सोमवार |

### 2025 फरवरी विवाह मुहूर्त

| | |
|---|---|
| फरवरी 2, 2025, रविवार | फरवरी 15, 2025, शनिवार |
| फरवरी 3, 2025, सोमवार | फरवरी 16, 2025, रविवार |
| फरवरी 6, 2025, बृहस्पतिवार | फरवरी 18, 2025, मंगलवार |
| फरवरी 7, 2025, शुक्रवार | फरवरी 19, 2025, बुधवार |
| फरवरी 12, 2025, बुधवार | फरवरी 21, 2025, शुक्रवार |
| फरवरी 13, 2025, बृहस्पतिवार | फरवरी 23, 2025, रविवार |
| फरवरी 14, 2025, शुक्रवार | फरवरी 25, 2025, मंगलवार |

### 2025 मार्च विवाह मुहूर्त

| | |
|---|---|
| मार्च 2, 2025, रविवार | मार्च 12, 2025, बुधवार |
| मार्च 6, 2025, बृहस्पतिवार | मार्च 13, 2025, बृहस्पतिवार |
| मार्च 7, 2025, शुक्रवार | |

### 2025 अप्रैल विवाह मुहूर्त

| | |
|---|---|
| अप्रैल 14, 2025, सोमवार | अप्रैल 20, 2025, रविवार |
| अप्रैल 16, 2025, बुधवार | अप्रैल 21, 2025, सोमवार |
| अप्रैल 17, 2025, बृहस्पतिवार | अप्रैल 25, 2025, शुक्रवार |
| अप्रैल 18, 2025, शुक्रवार | अप्रैल 29, 2025, मंगलवार |
| अप्रैल 19, 2025, शनिवार | अप्रैल 30, 2025, बुधवार |

### 2025 मई विवाह मुहूर्त

| | |
|---|---|
| मई 1, 2025, बृहस्पतिवार | मई 17, 2025, शनिवार |
| मई 5, 2025, सोमवार | मई 18, 2025, रविवार |
| मई 6, 2025, मंगलवार | मई 22, 2025, बृहस्पतिवार |
| मई 8, 2025, बृहस्पतिवार | मई 23, 2025, शुक्रवार |
| मई 10, 2025, शनिवार | मई 24, 2025, शनिवार |
| मई 14, 2025, बुधवार | मई 27, 2025, मंगलवार |
| मई 15, 2025, बृहस्पतिवार | मई 28, 2025, बुधवार |
| मई 16, 2025, शुक्रवार | |

### 2025 जून विवाह मुहूर्त

| | |
|---|---|
| जून 2, 2025, सोमवार | जून 7, 2025, शनिवार |
| जून 4, 2025, बुधवार | जून 8, 2025, रविवार |
| जून 5, 2025, बृहस्पतिवार | |

### 2025 नवंबर विवाह मुहूर्त

| | |
|---|---|
| नवंबर 2, 2025, रविवार | नवंबर 17, 2025, सोमवार |
| नवंबर 3, 2025, सोमवार | नवंबर 18, 2025, मंगलवार |
| नवंबर 6, 2025, बृहस्पतिवार | नवंबर 21, 2025, शुक्रवार |
| नवंबर 8, 2025, शनिवार | नवंबर 22, 2025, शनिवार |
| नवंबर 12, 2025, बुधवार | नवंबर 23, 2025, रविवार |
| नवंबर 13, 2025, बृहस्पतिवार | नवंबर 25, 2025, मंगलवार |
| नवंबर 16, 2025, रविवार | नवंबर 30, 2025, रविवार |

### 2025 नवंबर विवाह मुहूर्त

| | |
|---|---|
| दिसंबर 4, 2025, बृहस्पतिवार | दिसंबर 6, 2025, शनिवार |
| दिसंबर 5, 2025, शुक्रवार | |

**नोट**
जुलाई,अगस्त, सितंबर और अक्तूबर में विवाह के लिए कोई शुभ मुहूर्त नहीं है।

# गुमला में ठंड का कहर जनजीवन अस्त-व्यस्त

## कोहरे और ठंडी हवा ने बढ़ाई मुश्किलें

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** जिले में एक बार फिर ठंड का प्रकोप बढ़ गया है। पिछले कुछ दिनों से चली ठंडी हवाओं और घने कोहरे ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। न्यूनतम तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई है, जिससे जनजीवन प्रभावित हो रहा है।



**ठंडी हवाओं ने बढ़ाई मुश्किलें**
ठंडी हवा के कारण लोग घरों में दुबके रहने को मजबूर हैं। सुबह और रात के समय कोहरा इतना घना हो जाता है कि सड़कों पर दृश्यता शून्य के करीब हो रही है। वाहन चालकों को भी बड़ी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बाजारों में रौनक कम हो गई है, और स्कूल-कॉलेजों में उपस्थिति भी प्रभावित हो रही है।

**कोहरे का असर और खेती पर प्रभाव**
ठंड और कोहरे का प्रभाव किसानों पर भी पड़ रहा है। आलू, सरसों और अन्य फसलों को पाला लगने का खतरा है। विशेषज्ञों के अनुसार, अगर ठंड और बढ़ती रही तो फसलों को भारी नुकसान हो सकता है।

**प्रशासन ने जारी की चेतावनी**
प्रशासन ने लोगों को सतर्क रहने और ठंड से बचाव के उपाय अपनाने की सलाह दी है। रैन बसेरों में विशेष प्रबंध किए गए हैं ताकि जरूरतमंदों को ठंड से राहत मिल सके।

**आगे का अनुमान**
मौसम विभाग के अनुसार, अगले कुछ दिनों तक ठंड का प्रकोप और बढ़ सकता है। लोगों को सतर्क रहने और गर्म कपड़े पहनने की सलाह दी गई है।

# पांच जनवरी को गुमला में ऐतिहासिक शौर्य सह साहसिक यात्रा का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, मातृ शक्ति, और दुर्गा वाहिनी के तत्वावधान में 5 जनवरी 2025 को गुमला नगर में भव्य शौर्य सह साहसिक यात्रा का आयोजन किया जाएगा। इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में गुमला जिले के 12 प्रखंडों से हजारों कार्यकर्ता और समाज के विभिन्न वर्गों के लोग शामिल होंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए व्यापक तैयारियां की जा रही हैं।

बाइक रैली से होगा कार्यक्रम का शुभारंभ
कार्यक्रम की शुरूआत 4 जनवरी 2025 को शाम 3 बजे एक भव्य बाइक रैली से होगी। रैली का शुभारंभ लोहरदगा रोड स्थित मां दुधेश्वरी स्वयं शंभू धाम मंदिर परिसर से किया जाएगा। यह रैली नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए जशपुर रोड स्थित बड़ाइक मोहल्ला के हनुमान मंदिर में समाप्त होगी। रैली की समाप्ति के बाद मंदिर में हनुमान चालीसा का पाठ किया जाएगा। 5 जनवरी को सुबह 10 बजे लिप्टस बगीचा, लक्ष्मण नगर से शौर्य सह साहसिक यात्रा का शुभारंभ होगा। यह यात्रा पंक्तिबद्ध तरीके से जशपुर रोड महावीर चौक, मेन रोड, शहीद चौक, पालकोट रोड, घाटों बगीचा, सिसई रोड, थाना चौक, लोहरदगा रोड होते हुए बस डिपो स्थित हनुमान मंदिर, दुंदरिया में समाप्त होगी। यात्रा का मुख्य आकर्षण कोरबा समाज के लोग होंगे, जो अपनी परंपरागत वेशभूषा और पारंपरिक शस्त्रों के साथ अपनी संस्कृति और जीवन शैली का परिचय देंगे। यात्रा के बाद मंच स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन होगा, जिसमें प्रमुख वक्ता संबोधन करेंगे। कार्यक्रम के दौरान सभी उपस्थित लोगों को सम्मानित किया जाएगा और अंत में महाभंडारा का आयोजन किया जाएगा। विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष अजय सिंह राणा और बजरंग दल के विभाग संयोजक मुकेश सिंह ने बताया कि शौर्य सह साहसिक यात्रा का आयोजन हर वर्ष किया जाता है, जिसमें जिले भर के प्रखंडों से कार्यकताओं की भागीदारी रहती है। इस वर्ष कार्यक्रम को भव्य और ऐतिहासिक बनाने के लिए पूरे गुमला को सजाने और हर क्षेत्र में बैठकें आयोजित कर योजनाएं बनाई जा रही हैं। कार्यक्रम संयोजक संतोष यादव ने बताया कि सभी कार्यकर्ता पूरे समर्पण के साथ अपनी जिम्मेदारियों को निभा रहे हैं। इस ऐतिहासिक कार्यक्रम को गुमला जिले के लिए प्रेरणादायक बनाने का प्रयास किया जा रहा है।

## उरांव समाज की शादी परंपराओं को संरक्षित करने के लिए विवाह संस्कार कार्यशाला का आयोजन

**गुमला।** गुमला के सरहुल नगर स्थित अखड़ा भवन में रविवार को सरना सामाजिक, सांस्कृतिक, अखड़ा समिति के तत्वावधान में एक दिवसीय विवाह संस्कार कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत अना आदि प्रार्थना और प्रवचन से हुई। कार्यशाला में उरांव समाज की शादी परंपराओं और रस्मों पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यशाला में उरांव समाज में शादी के लिए उपयुक्त महीनों, रस्मों, सामग्री, और शादी गीतों के महत्व पर चर्चा की गई। इसके अलावा, शादी के विभिन्न प्रकार और नेग-दस्तूर पर भी परिचर्चा हुई।

## जवाहर नगर में युवती ने मोबाइल मांगकर की 1.05 लाख रुपये की ठगी

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** जवाहर नगर में मोबाइल मांगकर ठगी का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। बसुआ गांव के निवासी प्रकाश कुमार साहू ने आरोप लगाया है कि एक युवती ने मदद के बहाने उनका मोबाइल फोन लेकर गूगल पे से 1 लाख 5 हजार रुपये की ठगी कर ली। घटना के बाद पीड़ित ने गुमला थाना में शिकायत दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है।

**कैसे हुई ठगी?**
घटना 27 दिसंबर की शाम करीब 5 बजे की है, जब प्रकाश साहू अपने घर के बाहर बैठे हुए थे। उसी समय एक युवती ने किसी से फोन करने के बहाने उनका मोबाइल मांगा। मदद के तौर पर प्रकाश ने अपना फोन युवती को दे दिया। फोन हाथ में लेते ही युवती कुछ दूरी पर चली गई और गूगल पे के माध्यम से 7644850932 नंबर पर पांच बार में कुल 1 लाख 5 हजार रुपये ट्रांसफर कर दिए।

**एप्लिकेशन डिलीट कर लौटाया फोन**
रुपये ट्रांसफर करने के बाद युवती ने मोबाइल का जरूरी एप्लिकेशन डिलीट कर दिया और फोन वापस लौटा दिया। प्रकाश को तुरंत इस धोखाधड़ी का अंदेशा नहीं हुआ। अगले दिन जब उन्होंने गूगल पे ऐप खोलने की कोशिश की, तो वह गायब मिला। इसके बाद एटीएम जाकर खाते की जांच करने पर उन्हें पता चला कि खाते में सिर्फ 33 हजार रुपये ही बचे हैं।

**पहचान और संदिग्ध गतिविधियां**
पीड़ित ने बताया कि युवती को वह पहले से जानते थे, क्योंकि वह डीएसपी रोड स्थित मामा होटल में खाना लेने आती थी, जहां प्रकाश काम करते हैं। युवती बड़ाइक मोहल्ले में किराए के मकान में रहती है और ब्राउन शुगर की आदी बताई जा रही है।

## कमलापुरी वैश्य समाज की बैठक में शिक्षा विकास और संगठन को सशक्त बनाने पर जोर

**गुमला।** बसिया प्रखंड के मोरेंग गांव में कमलापुरी वैश्य समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक झारखंड प्रदेश के कार्यकारी अध्यक्ष राजमणि प्रसाद की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में समाज के विकास, शिक्षा, रहन-सहन और सामाजिक मुद्दों पर गहन चर्चा की गई। समाज के बुद्धिजीवियों ने समाज हित में कार्य करने के लिए अहम सुझाव दिए और इसे लागू करने का संकल्प लिया। बैठक के दौरान कमलापुरी वैश्य समाज के लिए नई कमिटी का गठन किया गया। धनुर्धर साहू को अध्यक्ष, अनिल कुमार कमलापुरी को सचिव, और शैलेश साहू को कोषाध्यक्ष के रूप में चुना गया। यह कमिटी समाज की समस्याओं और विकास कार्यों पर ध्यान केंद्रित करेगी।

नेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप में गुमला के कराटेकारों का जलवा

## 26 गोल्ड और 9 सिल्वर जीतकर ओवरऑल चैंपियन

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** गुमला की बिरसा ताइक्वांडो स्पोर्ट्स अकैडमी के 35 खिलाड़ियों ने रांची के खेलगांव में 26 दिसंबर को आयोजित नेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए 26 गोल्ड और 9 सिल्वर मेडल जीतकर ओवरऑल चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया। इस उपलब्धि ने न केवल गुमला जिले बल्कि पूरे झारखंड का मान बढ़ाया है। इस प्रतियोगिता में झारखंड सहित कई राज्यों के लगभग 1800 प्रतिभागियों ने भाग लिया। गुमला के खिलाड़ियों ने अपने कौशल और कराटे कला का शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले को गौरवान्वित किया। आज गुमला में आयोजित एक सम्मान समारोह में जेके हेरिटेज के संस्थापक पंकज कुमार सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में बच्चों की सराहना की। उन्होंने कहा कि छोटे उम्र के बच्चों ने राष्ट्रीय स्तर पर गोल्ड और सिल्वर मेडल जीतकर जो सम्मान दिलाया है, वह बेहद काबिले तारीफ है। उन्होंने बिरसा ताइक्वांडो स्पोर्ट्स अकैडमी की ट्रेनर बालमुनि कुमारी और मैनेजर अर्पिता भट्टाचार्य के साथ पूरी टीम और अभिभावकों को इस सफलता के लिए धन्यवाद दिया। समारोह में बच्चों को माला पहनाकर और मिठाई खिलाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में रामेश्वरी उरांव, श्याम वर्मा, प्रदीप कुमार सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## झारखंड पेंशनर समाज की बैठक में पेंशनरों की समस्याओं के समाधान पर जोर

**बिशुनपुर (गुमला)।** झारखंड पेंशनर समाज की मासिक बैठक रविवार को पेंशनर भवन में अध्यक्ष जगतपाल भगत की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में राष्ट्रीय सचिव महेश सिंह, प्रमंडलीय सचिव महावीर प्रसाद मिश्रा, जिला अध्यक्ष तेजपाल राम, राज्य कार्यकारिणी सदस्य गौरी प्रसाद, और 90 वर्षीय संरक्षक हिलारियुस तिर्की मुख्य रूप से उपस्थित रहे। बैठक में पेंशनरों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा करते हुए कई मुद्दों का समाधान किया गया। राष्ट्रीय सचिव महेश सिंह ने कहा कि संगठन में शक्ति है और हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि कोई भी सेवानिवृत्त साथी संगठन से वंचित न रहे। उन्होंने पेंशनरों से अपील की कि वे अधिक से अधिक साथियों को संगठन से जोड़ें।

## शराब दुकान के आसपास भीड़ लगने पर होगी कार्रवाई

**गुमला।** पालकोट थाना प्रभारी राहुल कुमार दसौंधी ने सोमवार देर शाम बिलिबिरा रोड स्थित अंग्रेजी शराब दुकान का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने दुकान के आसपास संचालित दुकानदारों को सख्त हिदायत दी कि शराब दुकान के आसपास किसी भी प्रकार की भीड़ नहीं लगने दें। थाना प्रभारी ने स्पष्ट किया कि यदि अगली बार गश्ती के दौरान शराब दुकान के आसपास भीड़ लगती पाई गई, तो संबंधित दुकानदारों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। थाना प्रभारी ने बताया कि नववर्ष के मौके पर युवाओं के बीच शराब के नशे के कारण सड़क दुर्घटनाओं और अन्य अपराधों की घटनाएं बढ़ रही हैं। इन घटनाओं को रोकने के लिए पालकोट पुलिस ने यह पहल शुरू की है। उन्होंने कहा कि शराब की खरीददारी के बाद लोग सुरक्षित स्थानों पर जाएं।

## अंधविश्वास के चक्कर में बीमार युवक का हुआ झाड़-फूंक

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** गुमला जिले में अंधविश्वास का एक और मामला सामने आया है। शहर से सटे पुग्गु घांसी टोली गांव में बीमार युवक शंकर मुंडा का झाड़-फूंक कराने के लिए ग्रामीणों ने एक ओझा को बुलाया। परिजनों का दावा था कि युवक पर भूत-प्रेत का साया है, जिसे दूर करने के लिए घंटों तक झाड़-फूंक की गई।

**ढोल-नगाड़ों के साथ जुटे ग्रामीण**
ओझा के आने पर गांव में ढोल-नगाड़े बजाकर लोगों को एकत्र किया गया। जागरूक स्थानीय लोगों ने अंधविश्वास से बचने और युवक का इलाज कराने की सलाह दी, लेकिन ग्रामीणों ने उनकी बातों को अनसुना कर दिया। ओझा के झाड़-फूंक के बावजूद युवक की हालत में कोई सुधार नहीं हुआ, और अंततः उसे घर ले जाया गया।

**पुलिस की समझाइश भी बेअसर**
सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों को अंधविश्वास छोड़कर युवक का उचित इलाज कराने की सलाह दी। हालांकि, ग्रामीण पुलिस की बातों को नजरअंदाज करते नजर आए।

**अंधविश्वास की बढ़ती घटनाएं**
गौरतलब है कि गुमला जिले में अंधविश्वास के कारण हाल के दिनों में दो लोगों की हत्या और एक महिला को निर्वस्त्र कर पीटे जाने की घटनाएं हो चुकी हैं। बावजूद इसके, ग्रामीण इलाकों में अंधविश्वास खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है।

## पासवान युवा सेना के अध्यक्ष बने सन्नी

### 12 जनवरी को होगा मिलन समारोह

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** पासवान युवा सेना गुमला की एक महत्वपूर्ण बैठक सिसई रोड गांधी नगर में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता मुख्य संरक्षक मोहन पासवान ने की, जिसमें सर्वसम्मति से सेना की नई कमेटी का गठन किया गया। सन्नी पासवान को अध्यक्ष और विनोद पासवान को कोषाध्यक्ष चुना गया, जबकि मुख्य संयोजक की जिम्मेदारी हरिदास राम और संयोजक की भूमिका सिकंदर मांझी को दी गई।



बैठक में निर्णय लिया गया कि 12 जनवरी को पासवान युवा सेना का मिलन समारोह सह वनभोज कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर समाज के उन व्यक्तियों को सम्मानित किया जाएगा, जिन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य किया है। पासवान युवा सेना को स्थानीय स्तर पर निबंधित करने पर सहमति बनी। अगले एक महीने के भीतर प्रबुद्धजनों की बैठक आयोजित कर जिला दुसाध समाज की नई कमेटी और महिला जिला कमेटी का गठन करने का निर्णय लिया गया। सन्नी पासवान ने कहा कि पासवान युवा सेना का उद्देश्य समाज को संगठित करना और हर परिवार तक पहुंचना है। अब तक 70% परिवारों से संपर्क किया जा चुका है, और शेष 30% को भी समाज से जोड़ने का प्रयास जारी है। हरिदास राम ने युवाओं से नशापान से दूर रहने और शिक्षा व रोजगार पर ध्यान केंद्रित करने की अपील की। मोहन पासवान ने कहा कि समाज को मजबूत बनाने के लिए नियमित बैठकें आयोजित की जानी चाहिए। शहर से लेकर गांव तक सभी परिवारों को एकजुट करना प्राथमिकता है।

इस बैठक में पवन कुमार, संदीप पासवान, अमरनाथ पासवान, मुकेश पासवान, राहुल पासवान, मोहन पासवान, अशोक पासवान, मनोज पासवान, गणेश पासवान, राजा पासवान, हरिदास राम समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भरनो में छह दिवसीय 'साथिया' प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न



**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भरनो में राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत गैर आवासीय पियर एजुकेटर (साथिया) कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस छह दिवसीय प्रशिक्षण को टाटा स्टील फाउंडेशन और सी थ्री के सहयोग से आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का उद्घाटन चिकित्सा प्रभारी जाहिद अख्तर, जावेद हसन और बिपिन सिंह ने मिलकर किया और प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले किशोरों और सहियाओं से परिचय प्राप्त किया। इस प्रशिक्षण में 10 से 19 वर्ष तक के 32 किशोर-किशोरियां और 8 सहियाओं ने हिस्सा लिया। प्रशिक्षण में प्रमुख रूप से पोषण एवं कुपोषण से बचाव, गैर संचारी रोग, यौन एवं प्रजनन स्वास्थ्य, नशे का दुरुपयोग, लिंग आधारित हिंसा, मानसिक स्वास्थ्य, सामुदायिक स्तर पर साथिया की भूमिका, किशोर स्वास्थ्य जागरूकता दिवस, महावारी स्वच्छता जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। बिपिन सिंह ने बताया कि यह प्रशिक्षण कुल तीन बैच में 96 साथियाओं को दिया जाएगा। प्रशिक्षक नसीम अख्तर, सुचिता उराँव, सुजीत कुमार, सुमति कुमारी और सुनीता तिग्गा ने इस प्रशिक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## हेदमी गांव में मयूरी ट्रस्ट ने चलाया जागरूकता अभियान

**गुमला।** घाघरा प्रखंड के दिरगांव पंचायत अंतर्गत हेदमी गांव में मयूरी ट्रस्ट गुमला झारखंड और चैताली कॉलेज गुमला के संयुक्त तत्वावधान में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों को शिक्षित और जागरूक बनाते हुए उन्हें रोजगार के अवसर प्रदान करना था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि और मयूरी ट्रस्ट की सचिव चैताली सेनगुप्ता ने कहा कि ट्रस्ट का उद्देश्य लोगों को रोजगार से जोड़ना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। उन्होंने फूलों की बागवानी और आयुर्वेदिक फसल उत्पादन को ग्रामीण रोजगार के लिए एक महत्वपूर्ण पहल बताया।

### हिंडाल्को के शोषणात्मक रवैये पर मुखियां का विरोध

## स्थानीय विकास और रोजगार में अनदेखी का आरोप

**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**

हिंडाल्को कंपनी की कार्यप्रणाली और शोषणात्मक रवैये को लेकर बीमरला पंचायत की मुखिया चांदनी देवी, आदर पंचायत की मुखिया यशमुनी देवी, और सरांगो पंचायत के मुखिया राजेश बड़ाईक ने संयुक्त बयान जारी करते हुए गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि ऑल बॉक्साइट माइन्स जनाधिकार संघर्ष समिति जन-जन की आवाज है और हिंडालको की दलाली करने वाले इसे परिभाषित करने की बजाय आत्ममंथन करें।

मुखियाओं ने आरोप लगाया कि बीमरला माइंस के उद्घाटन के समय स्थानीय जनता को रोजगार और विकास का वादा किया गया था, जिसे पूरा नहीं किया गया। यहां के काम अन्य जिलों और प्रदेशों के लोगों को दिए जा रहे हैं, जबकि स्थानीय लोग बेरोजगार हैं। प्रभावित क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं का अभाव है, और रैयतों की जमीन पर अवैध खनन व ब्लास्टिंग की जा रही है।

मुखियाओं ने यह भी कहा कि जिन रैयतों की जमीन ली गई, उन्हें न तो रोजगार दिया गया और न ही उचित मुआवजा। खदान में काम कर रहे मजदूरों को सरकार द्वारा निर्धारित मजदूरी दर नहीं मिल रही है। हिंडालको द्वारा छत्तीसगढ़ और अन्य राज्यों से ठेकेदार बुलाकर काम करवाया जा रहा है।

**ट्रक मालिकों की समस्याएं:**
मुखियाओं ने ट्रक ऑनर एसोसिएशन पर भी निशाना साधा और कहा कि उनकी चुप्पी के कारण ट्रक मालिकों को 120 प्रति टन कम भाड़ा मिल रहा है। ट्रकों में सह चालक की व्यवस्था नहीं होने से दुर्घटनाओं की संख्या बढ़ रही है, और सह चालकों के लिए आवंटित पैसा भी ट्रक मालिकों तक नहीं पहुंच रहा है।

**आदिवासी अधिकारों की अनदेखी :**
मुखियाओं ने कहा कि क्षेत्र के सांसद, विधायक, और जिला परिषद अध्यक्ष सभी आदिवासी होने के बावजूद हिंडालको के कार्यालय में कोई आदिवासी अधिकारी नहीं है। यह स्थानीय जनता और आदिवासी समुदाय के साथ अन्याय है।

**मुखियाओं की मांग :**
मुखियाओं ने हिंडालको से स्थानीय जनता को रोजगार देने, प्रभावित क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाएं प्रदान करने, रैयतों को उचित मुआवजा देने, और खदानों में काम कर रहे मजदूरों को निर्धारित मजदूरी का भुगतान सुनिश्चित करने की मांग की है।

## प्रेमसागर फाउंडेशन ने छात्र-छात्राओं को दिया मुफ्त शिक्षा और प्रशिक्षण

### प्रमाणपत्र वितरण समारोह आयोजित

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** भरनो के बनटोली स्थित राज विद्या केंद्र में प्रेमसागर फाउंडेशन द्वारा सैकड़ों बच्चों को निःशुल्क भोजन और गरीब ग्रामीण बालिकाओं को वर्षभर निःशुल्क कंप्यूटर कोर्स का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। रविवार को इस पहल के तहत पहले बैच के 30 छात्र-छात्राओं को प्रमाणपत्र प्रदान करने के लिए एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में थानेदार कंचन प्रजापति और मुखिया पंची उरांव उपस्थित थे, जिन्होंने छात्र-छात्राओं के बीच प्रमाणपत्र का वितरण किया। इस अवसर पर थानेदार कंचन प्रजापति ने कहा कि प्रेम रावत फाउंडेशन क्षेत्र के गरीब छात्रों के लिए एक वरदान साबित हो रहा है और यह शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने इसके संचालन को और बेहतर बनाने के लिए समय की अहमियत पर जोर दिया। मौके पर संस्था के सचिव देवकुमार सिंह, व्यवस्थापक उमेश कुमार, जनता उरांव सहित अन्य स्थानीय लोग भी मौजूद थे।

## सामुदायिक पुलिसिंग के तहत फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** गुमला जिले के रायडीह प्रखंड में सामुदायिक पुलिसिंग के तहत एक दिवसीय फुटबॉल टूनार्मेंट का आयोजन वीर शहीद बख्तर साय एवं मुंडल सिंह स्टेडियम में किया गया। इस टूनार्मेंट में रायडीह थाना क्षेत्र के कुल 8 पंचायतों की टीमों ने भाग लिया। टूनार्मेंट का उद्घाटन मैच कंसीर और सिकोई पंचायत के बीच खेला गया, जिसमें सिकोई टीम ने एक गोल से जीत दर्ज की और अगले राउंड में प्रवेश किया। वहीं, टूनार्मेंट के फाइनल में कुडोछतरपुर और सिकोई पंचायत के बीच मुकाबला हुआ। दोनों टीमों के बीच जोरदार प्रतिस्पर्धा देखने को मिली, जहां कुडोछतरपुर पंचायत की टीम ने सिकोई को 1-0 से हराकर विजेता का खिताब अपने नाम किया। समारोह का उद्घाटन चैनपुर सर्कल इंस्पेक्टर महेंद्र कुमार करमाली, प्रखंड विकास पदाधिकारी रायडीह प्रधान हंसदक, रायडीह प्रखंड उपप्रमुख दीपक कुजूर, केपुर मुखिया चुयां कुजूर, और रायडीह थाना प्रभारी कुंदन कुमार सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर चैनपुर सर्कल इंस्पेक्टर महेंद्र करमाली ने कहा कि इस टूनार्मेंट का आयोजन सामुदायिक पुलिसिंग के तहत किया गया है, जिसका उद्देश्य युवाओं को नशे से दूर रखना, हेलमेट पहनकर वाहन चलाने की आदत डालना, गांवों में व्याप्त डायन बिसाही की कुप्रथा को समाप्त करना और नशे के प्रभाव में वाहन न चलाने की शिक्षा देना है। विजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान की गई और सभी टीमों को प्रोत्साहन पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस दौरान कमलेश कुमार झा, कमल रजक, सुरेंद्र सिंह, असरफ राय लालो, अमित मिंज, पप्पू कुमार सिंह, मनोज साहू, राजेंद्र साहू, प्रमोद मिंज समेत अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

"उद्देश्यहीन जीवन द्वारा नहीं, बल्कि एक नियमित एवं संतुलित जीवन द्वारा तुम महापुरूषों के आशीर्वाद प्राप्त कर सकोगे। तब माया कभी भी अपने माध्यम के रूप में तुम्हारा उपयोग नहीं कर पाएगी। - श्री श्री परमहंस योगानन्द, 'शिष्यों को दिये एक प्रवचन में'"

## संपादकीय

# चुनावी रेवड़ी से खस्ताहाल अर्थव्यवस्था व केजरीवाल

दिल्ली में चुनाव को अभी एक महीने से ज्यादा का समय बाकी है। उससे पहले दिल्ली की आम आदमी पार्टी ने महिला सम्मान योजना को मंजूरी दे दी। इस योजना के तहत महिलाओं के खाते में हर महीने 1000 रुपए आएंगे। आप के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि चुनाव के बाद इसको बदलकर 2100 रुपए करेंगे। चुनाव जीतने के लिए मुफ्त की रेवड़ी बांटने वाली आप अकेली पार्टी नहीं हैं। जब भी चुनाव नजदीक आते हैं, राजनीतिक दलों में खैरात बांटने की होड़ लग जाती है। इसका एकमात्र मकसद चुनाव जीतना है। इसके नुकसान-फायदों की राजनीतिक दलों का परवाह नहीं हैं। यह अलग बात है कि चाकू खरबूजे पर गिरे या खरबूजा चाकू पर, कटना तो खरबूजे को ही है। मसलन फ्री का माल लेने वाले को भी आखिरकार इसकी कीमत चुकानी पड़ती है। किसी न किसी रूप में टैक्स का बोझ उन पर भी पड़ता है। फ्री की योजनाओं का फायदा उठाने वाले भी इससे बढ़ने वाली महंगाई की मार से बच नहीं सकते। इससे पहले राजस्थान में विधानसभा चुनाव के दौरान मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने वोटरों को फ्री में स्मार्टफोन और तीन साल के लिए फ्री इंटरनेट का वायदा किया था। गहलोत ने राज्य के हर परिवार को हर महीने 100 यूनिट तक फ्री बिजली फ्री देने का ऐलान किया था। मध्य प्रदेश में पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने कांग्रेस की सरकार बनने पर हर परिवार को 100 यूनिट तक फ्री बिजली देने का वादा किया। तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने लाडली बहना योजना के तहत सवा करोड़ गरीब महिलाओं के खाते में एक हजार रुपये जमा कराए। कांग्रेस ने वादा किया था कि उसकी सरकार आई तो हजार नहीं बल्कि 1,500 रुपए दिए जाएंगे। शिवराज ने युवाओं को लुभाने के लिए 12वीं कक्षा के कुल 9000 टॉपर्स को एक-एक स्कूटी देने का भी ऐलान किया था। चुनावी रेवड़ी बांटना का कल्चर शुरू से ही विवादों से घिरा रहा है। सुप्रीम कोर्ट, रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया, आर्थिक विशेषज्ञ, चुनाव आयोग और मौजूदा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तक इस पर चिंता जता चुके हैं। कोई भी राजनीतिक दल व्यापक देशहित से जुड़े ऐसे मुद्दों का समाधान तलाशना तो दूर बल्कि चर्चा तक करना नहीं चाहता। सुप्रीम कोर्ट ने मुफ्त राशन और अन्य मुफ्त योजनाओं पर गंभीर सवाल उठाए हैं। कोर्ट ने केंद्र सरकार से पूछा कि आखिर लोगों को 'फ्री की रेवड़ी' कब तक बांटी जाएगी। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस मनमोहन की बेंच ने कहा कि कोरोना महामारी के दौरान मुफ्त राशन देना समय की जरूरत थी, लेकिन अब रोजगार और आत्मनिर्भरता पर ध्यान केंद्रित करने का समय आ गया है। सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार ने कोर्ट को बताया कि देश के 81 करोड़ लोगों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत मुफ्त या सब्सिडी वाला राशन दिया जा रहा है। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने हैरानी जताई और सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता व अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी से कहा, तो मतलब सिर्फ टैक्सपेयर्स ही ऐसे लोग हैं जिन्हें मुफ्त राशन नहीं मिल रहा है। यह स्थिति गंभीर विचार का विषय है। वर्ष 2022 में श्रीलंका का आर्थिक संकट सामने आया तो इसने दुनियाभर की सरकारों को चेता दिया। सर्वदलीय बैठक में विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा था कि श्रीलंका से सबक लेते हुए हमें मुफ्त के कल्चर से बचना चाहिए। जयशंकर ने कहा कि श्रीलंका जैसी स्थिति भारत में नहीं हो सकती, लेकिन वहां से आने वाला सबक बहुत मजबूत है। इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी एक रैली में रेवड़ी कल्चर पर सवाल उठाए थे। पीएम मोदी ने कहा था कि आजकल हमारे देश में मुफ्त की रेवड़ी बांटकर वोट बटोरने का कल्चर लाने की भरसक कोशिश हो रही है।

# डॉ.मनमोहन सिंह के व्यक्तित्व को महज एक पंथ में बांध कर फंस गई है कांग्रेस





आज की बात



केदारनाथ दास
बसिया।

इन दिनों भारत के पूर्व प्रधानमंत्री पी.वी.नरसिम्हा राव फिर से चर्चा में हैं। यह चर्चा उनकी मृत्यु के बीस वर्षों बाद अचानक से पूरे देश में हो रही है। इस चर्चा के कारण बहुत दिलचस्प हैं क्योंकि इसके पीछे स्व.राव स्वयं कहीं नहीं हैं। आप भी यह जानकर हैरान हो जाएंगे कि अभी अभी पूर्व प्रधानमंत्री डॉ.मनमोहन सिंह जी की मृत्यु हुई है और बीस वर्षों पूर्व देह त्याग करनेवाले स्व.राव सुर्खियां बटोर रहे हैं! इस संदर्भ को जानने के पहले यह जानना जरूरी है कि कैसे डॉ.मनमोहन सिंह की मृत्यु होते ही राहुल गांधी, सोनिया गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा और पूरी कांग्रेस की ओर से अत्यधिक भावुक करने वाली तस्वीरें सामने आने लगी। ऐसा तब जबकि महिमा मंडन यह प्रयास न अनायास किया जा रहा है और न इसके पीछे स्व.सिंह के प्रति किसी अतिरिक्त मुहब्बत का मामला है। इस पूरे मामले की क्रोनोलॉजी को समझने के लिए यह जानना जरूरी है कि यह डॉ.मनमोहन सिंह साहब ही थे जिन्होंने सोनिया और राहुल गांधी को सुपर पीएम की ताकत दी थी। यह वह कालखंड था जब संविधान की व्यवस्था से बाहर जाकर सोनिया गांधी की अध्यक्षता में एक एडवाइजरी कमिटी का गठन किया गया और सुपर पावर से लैस कोई कमिटी प्रधानमंत्री को निर्देश देने के लिए बनाई गई! इतना ही नहीं, डॉ.सिंह ही वह प्रधानमंत्री थे जिनके रहते राहुल गांधी के पास किसी अध्यादेश को फाड़ कर फेंक देने के असीमित अधिकार थे!

मानव के स्वभाव में अवसरवादिता की एक फितरत रहती है। अब जबकि डॉ.सिंह नहीं रहे तो निसंदेह एक सही समय है जबकि अचानक से उनके लिए न केवल भारत रत्न की मांग हो रही है बल्कि राजघाट में अंतिम संस्कार और स्मारक के लिए भी ताल ठोकी जो रही है। ऐसा तब है जबकि 1984 को कोई नहीं भूल सकता जब सिख विरोधी दंगों के लिए राहुल गांधी के पिता स्व.राजीव गांधी व कांग्रेस को जिम्मेदार मानने वाले लोग देश में भरे पड़े हैं। ऐसे में, सिख समुदाय को साधने की दृष्टि से डॉ.मनमोहन सिंह जी की मृत्यु में एक अवसर का नजर आना लाजिमी है और कहीं न कहीं कांग्रेस यही सबकुछ करती नजर आ रही है।

उल्लेखनीय है कि पूर्व प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव का देहावसान 23 दिसंबर 2023 को हुआ। डॉ.मनमोहन सिंह जी की ही तरह अवकाश के बाद दिल्ली में रहने वाले नरसिम्हा राव की जिस समय मृत्यु हुई उस समय डॉ. मनमोहन सिंह देश के प्रधानमंत्री थे। स्व.राव को डॉ.मनमोहन सिंह का राजनैतिक गुरु माना जाता है और ये नरसिंहराव ही थे जिन्होंने कांग्रेस के आंतरिक विरोध के बावजूद न केवल डॉ.सिंह को वित्त मंत्री जैसा महत्वपूर्ण ओहदा दिया बल्कि आर्थिक सुधारों की शुरूआत के लिए उन्हें पूरी छूट भी दी।

संदर्भवश मनमोहन सिंह के मीडिया सलाहकार रहे संजय बारू की किताब '1991 हाउ पीवी नरसिम्हा राव मेड हिस्ट्री' की मानें तो वे देश के पहले एक्सीडेंटल प्राइम मिनिस्टर थे। तब उन्हें भी पता नहीं था कि वह प्रधानमंत्री बनने वाले हैं परन्तु बदलते घटनाक्रम के बीच प्रधानमंत्री बनते ही कांग्रेस के साथ उनके रिश्ते खराब होने की बातें सामने आने लगी। 2004 में उनके निधन के बाद यह सबकुछ सामने नजर भी आया जब उनका अंतिम संस्कार भी दिल्ली में नहीं किया जा सका। इतना ही नहीं, कांग्रेस के अन्य प्रधानमंत्रियों की तरह उनके शव को कांग्रेस मुख्यालय तक में नहीं रखा जा सका। दर्द यह कि शववाहन में निढाल पड़ा उनका शव आधे घंटे तक इंतजार करता रहा परन्तु कांग्रेस मुख्यालय का गेट नहीं खुलना था तो नहीं खुला। अंततः उनका वाहन एयरपोर्ट के लिए रवाना हो गया और दिल्ली से सैकड़ों किलोमीटर दूर हैदराबाद में उन्हें जमीन मिल सकी।

आज डॉ.सिंह के लिए स्मारक बनाने की मांग करनेवाले कांग्रेसियों के पास इस बात का कोई जवाब नहीं है कि 2004 के बाद 2014 तक देश में मनमोहन सिंह जी की सरकार थी परन्तु नरसिम्हा राव का कोई स्मारक भी दिल्ली में नहीं बनाया जा सका। दूसरी ओर सच तो यह है कि मोदी सरकार के ट्रैक रिकॉर्ड को देखते हुए इस तरह के मामलों में उन्हें कटघरे में खड़ा करना शायद संभव नहीं है। कांग्रेस को यह भी समझने की जरूरत है कि यह मोदी सरकार ही है जिसने कांग्रेस से होने के बावजूद न केवल नरसिम्हा राव के सम्मान में स्मारक का निर्माण करवाया बल्कि उन्हें उन्हें भारत रत्न से नवाजने का काम भी किया।

यही सब कारण है कि आज जब डॉ. मनमोहन सिंह की मृत्यु हो गई है तब राजघाट, निगम बोध घाट और स्मारक के बहाने जिस तरह से कांग्रेस विवाद खड़ा कर रही है उससे जाने अनजाने धुरंधर कांग्रेसी रहे नरसिम्हा राव भी अचानक सुर्खियों में आ गए हैं। इन सब बातों के बीच यह तथ्य भी गौण हो चुका है कि स्व. सिंह का स्मारक कहाँ बनता है, कब बनता है या कैसे बनता है। यहाँ सवाल तो यह है कि सिर्फ वोट की तुष्टिकरण के लिए स्व.डॉ.मनमोहन सिंह साहब के पूरे व्यक्तित्व को महज एक पंथ विशेष में समेटने की जुगत और अपने खुद के घर के स्व.पी.वी.नरसिम्हा राव राव के प्रति न्यूनतम स्तर की उपेक्षा का तात्पर्य आखिर है क्या? **(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## देश की बात

# पढ़ाई के बहाने युवाओं को अमेरिका भेजने का गोरख धंधा



सनत जैन

भारतीय छात्रों को अमेरिका और कनाडा में अवैध रूप से प्रवेश कराने के एक बडे रैकेट का खुलासा हुआ है। यह रैकेट न केवल छात्रों और उनके अभिभावकों को भ्रमित करता है, बल्कि विदेशी शिक्षा के नाम पर उनके भविष्य को भी अंधकार मय बनाकर करोड़ों रुपए की कमाई कर रहा है। एक खुलासे में बताया गया है कि लगभग 200 कनाडाई कॉलेज इस रैकेट का हिस्सा हैं। कनाडा के कॉलेजों में छात्रों को प्रवेश दिलाकर उन्हें अवैध रूप से अमेरिका भेजा जाता है। इस रैकेट की कार्यप्रणाली में छात्रों को आकर्षक पैकेज और अमेरिका का वीजा दिलाने का वादा किया जाता है। भ्रमित कर छात्रों को कनाडा के कॉलेजों में प्रवेश दिलाया जाता है। उसके बाद अवैध रूप से अमेरिका पहुंचाने का काम होता है। वीजा आवेदन में गलत जानकारी देकर छात्रों को अवैध रूप से अमेरिका भेजा जाता है। जहां वह कानूनी सुरक्षा से वंचित हो जाते हैं। इस रैकेट का सबसे बडे शिकार वे छात्र होते हैं, जो बेहतर भविष्य की तलाश में अपने परिवार की समस्त पूंजी को दांव पर लगा देते हैं। अवैध रूप से कनाडा से अमेरिका पहुंचते हैं तो वह अवैध प्रवासी बन जाते हैं। जो उनको अपराधी बना देता है। इस तरह से गए छात्रों को आर्थिक संकटों का सामना करना पड़ता है। उनका केरियर बर्बाद हो जाता है। भारत में रह रहे उनके परिवार के लोग परेशान हो जाते हैं। इस तरह की अवैध घुसपैठ से भारत की छवि भी दुनिया के देशों में खराब हो रही है। इस मामले में भारत सरकार की लापरवाही के कारण इस तरह के रैकेट्स बड़ी तेजी के साथ बढ़ रहे हैं। भारत सरकार को उन पर सख्ती से कार्रवाई करनी चाहिए, जो अभी तक नहीं की जा रही है। भारत सरकार द्वारा छात्रों और उनके अभिभावकों को जागरूक करना आवश्यक है ताकि वे इस तरह की धोखाधड़ी का शिकार न बनें। भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय को यह सुनिश्चित करना चाहिए। विदेश में अध्ययन के लिए जाने वाले छात्रों के लिये सत्यापित संस्थानों की सूची उपलब्ध कराई जाए। विदेशी शिक्षा के नाम पर धोखाधड़ी को रोकना अत्यावश्यक है। सरकार, शिक्षण संस्थान और सामाजिक संगठनों को मिलकर जन-जागरण का काम करना होगा। ताकि भारतीय छात्रों का भविष्य देश और विदेश में सुरक्षित रहे। यह समझने की बात है कि शिक्षा केवल डिग्री प्राप्त करने का माध्यम नहीं है। यह युवा पीढ़ी के समग्र विकास और नैतिक मूल्यों एवं उनके केरियर का आधार भी है। छात्रों को सही दिशा में मार्गदर्शन देना, सरकार, शिक्षा मंत्रालय एवं सामाजिक संगठनों की सामूहिक जिम्मेदारी है। जिस तरह से पढ़ाई के नाम पर भारतीय युवाओं को ठगा जा रहा है। उन्हें अनजाने में अपराधी बनाया जा रहा है। छात्रों के परिवार अपने बच्चों का कैरियर बनाने के लिए लाखों रुपए की धोखाधड़ी के शिकार हो रहे हैं। **(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## अलग बात

# आधुनिकता की चकाचौंध में स्वार्थी औरआत्मकेंदित होता इंसान?



नरेंद्र भारती

आधुनिकता की चकाचैंध मे आदमी इतना व्यस्त हो गया है कि उसे दूसरों के बारे मे सोचने का समय ही नहीं है, कि कौन मर रहा है और कौन जी रहा है। एक समय था कि आदमी ही आदमी के काम आता था मगर आज ऐसी हवा चल पड़ी है कि कोई किसी का नहीं है। हर इन्सान मौकापरस्त हो गया है काम निकल जाने पर पहचानने से इन्कार करता है। आज अच्छा करने वाले कम तो बुरा करने वाले अधिक है। जरुरतमंद इन्सान की सहायता करना सबसे बड़ा धर्म है मगर आज लोगों के पास अनैतिक व अवैध कार्यों के लिए समय है मगर एक मजबूर व लाचार की सहायता के लिए समय नहीं है। कुछ दोहरे चरित्र के लोग जो समाजसेवक का चोला ओढ़ते है और समाज के हितैषी बनने का ढौग रचते है अपने काम कि लिए तो साम,दाम दंड,भेद की नीतियां अपनाते है मगर दूसरों के कामों के लिए समय नहीं है। रिश्वत व अवैध कार्य करके अपने बच्चों काम करवा रहे है जबकि एक प्रतिभावान पिछड रहा है। आज इन्सान स्वार्थी व आत्मकेन्द्रित होता जा रहा है वह अपने घर तक ही सीमित होकर रह गया है। कहते है कि किसी का अच्छा करने के लिए बड़ा दिल होना चाहिए। आज कोई किसी को अच्छी सलाह तक देने से गुरेज करता है। आज का इन्सान खुदगर्ज बनता जा रहा है,आज एक गरीब व प्रतिभासम्पन्न आदमी की कोई कद्र नहीं है।आज के आधुनिक इंसानों में संवेदनाएं मरती जा रही है और संवेदनहीनताएं बढ़ती जा रही है। इंसान माया के जाल में इतना उलझा हुआ है कि उसके आगे इंसान को बौना समझता है।इस माया के तराजू पर रिशते तोले जा रहे है। माया के लिए न तो समाज की परवाह है और नही भगवान का डर है। आज माया के कारण रिश्ते टूटते जा रहे है। मगर कहते है कि रिश्ते अगर एक बार टूट जाए और बाद में मिल भी जाए तो दरारें कभी नहीं भरती।माया के कारण इंसान अंधा होता जा रहा है और अपना विवेक खो चुका है। माया इकठठी करने के चक्कर में आज आदमी इतना व्यस्त है कि रोटी खाने के लिए समय नहीं है। यह घटिया किस्म के माया के भूखे लोग एक दिन भूखे ही मर जाएगें। पैसे से बड़ा चरित्र होता है मगर माया के अन्धे लोगों को इससे कोई सरोकार नहीं होता। विडवंना देखिए कि आज मानव माया को ही सब कुछ मान बैठा है। **(ये लेखक के निजी विचार हैं)**



## बोधि वृक्ष

आत्माएँ परस्पर सूझ-बूझ और सहयोग से रहती हैं, तथा वे ऑक्सीजन के नहीं अपितु परमात्मा के आनन्द के श्वास लेती हैं। सूक्ष्म जगत में दूसरे जन्मों के मित्र एक दूसरे को आसानी से पहचान लेते हैं, (श्री युक्तेश्वरजी ने कहा)। मित्रता की अमरता पर हर्षित होते हुए वे प्रेम की अनश्वरता को अनुभव करते हैं, जिस पर पृथ्वी पर होने वाले दुःखद मिथ्या वियोग के समय प्रायः सन्देह किया जाता था।

# मृत्यु को समझना



श्री श्री परमहंस योगानंद

सूक्ष्म क्षेत्र की आत्माएँ पारदर्शी प्रकाश के वस्त्र पहनती हैं। वे स्वयं को त्वचा से ढके हड्डियों के ढाँचे में बन्द नहीं रखतीं। वे ऐसे दुर्बल, भारी शरीरों को धारण नहीं करती जो दूसरे ठोस पदार्थों से टकरा कर टूट जाएँ। इसलिए सूक्ष्म जगत में मानव शरीर और ठोस पदार्थों, सागरों, विद्युत-कौंध एवं रोगों के मध्य कोई झगड़ा नहीं होता। न ही वहाँ पर दुर्घटनाएँ होती हैं, क्योंकि सब वस्तुएँ, घृणा की भावना के बिना परस्पर सहयोग से साथ-साथ रहती हैं। सब प्रकार के स्पन्दन एक दूसरे के साथ तालमेल से कार्य करते हैं। सब शक्तियाँ शान्ति और सचेतन सहयोग में रहती हैं। सब आत्माएँ, किरणें जिन पर वे चलती हैं, और केसरिया किरणें, जिनका वे पान एवं भोजन करती हैं, सब जीवन्त प्रकाश से निर्मित हैं। आत्माएँ परस्पर सूझ-बूझ और सहयोग से रहती हैं, तथा वे ऑक्सीजन के नहीं अपितु परमात्मा के आनन्द के श्वास लेती हैं। सूक्ष्म जगत में दूसरे जन्मों के मित्र एक दूसरे को आसानी से पहचान लेते हैं, (श्री युक्तेश्वरजी ने कहा)। मित्रता की अमरता पर हर्षित होते हुए वे प्रेम की अनश्वरता को अनुभव करते हैं, जिस पर पृथ्वी पर होने वाले दुःखद मिथ्या वियोग के समय प्रायः सन्देह किया जाता था। हम अपने प्रियजनों की मृत्यु पर क्यों रोते हैं? क्योंकि हम अपनी हानि के लिए शोक मनाते हैं। यदि हमारे प्रियजन हमें छोड़ कर जीवन की उत्तम पाठशालाओं में प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए जाते हैं। (क्रमशः)

## फेसबुक वॉल से




## X से




## आज का दोहा

पढ़े कसीदे रात दिन, चमक रहा है राज।
धुंध प्रजा सी अड़ गयी, किरण कहाँ महाराज॥
सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें article.rnmail@gmail.com
कॉल/ व्हाट्सएप 82925 53444। –संपादक

## आपकी बात

# साइबर अपराध बनाम डिजिटल नवाचार : बैंकिंग का भविष्य



प्रो. आरके जैन 'अरिजीत'
बड़वानी (म.प्र.)

हाल के वर्षों में डिजिटल लेन-देन और ऑनलाइन बैंकिंग के क्षेत्र में अप्रत्याशित प्रगति देखी गई है। यह तकनीकी क्रांति न केवल ग्राहकों के लिए सुविधाजनक और तीव्र सेवाओं का द्वार खोल रही है, बल्कि भारतीय बैंकिंग प्रणाली को एक नई ऊंचाई और दिशा प्रदान कर रही है। जहां एक ओर डिजिटल युग ने लेन-देन को सहज, सरल और सुलभ बनाया है, वहीं दूसरी ओर साइबर धोखाधड़ी और बैंकिंग सुरक्षा से जुड़ी समस्याओं ने गंभीर चुनौतियों का रूप ले लिया है। 2024-25 की पहली छमाही में बैंकिंग धोखाधड़ी के मामलों में 21,367 करोड़ रुपये की भारी वृद्धि दर्ज की गई, जो पिछले वर्ष की तुलना में आठ गुना अधिक है। यह केवल एक आंकड़ा नहीं है, बल्कि बैंकिंग क्षेत्र के लिए एक चेतावनी है, जो अपनी सुरक्षा प्रणाली को पुनः परिभाषित करने और डिजिटल सुरक्षा में नवाचार के नए अवसर खोजने की आवश्यकता को रेखांकित करता है। डिजिटल बैंकिंग ने वित्तीय लेन-देन को सरल और व्यापक बना दिया है। यूपीआई, नेट बैंकिंग, मोबाइल वॉलेट्स जैसे प्लेटफॉर्म ने ग्राहकों के जीवन को सुगम बनाया है। लेकिन बढ़ते उपयोग के साथ धोखाधड़ी की घटनाएं भी तेजी से बढ़ी हैं। ये घटनाएं न केवल वित्तीय नुकसान पहुंचाती हैं, बल्कि ग्राहकों के डिजिटल प्लेटफॉर्म पर विश्वास को भी डगमगा देती हैं। डिजिटल बैंकिंग की इस बढ़ती चुनौती का समाधान करने के लिए उन्नत तकनीकों और सशक्त सुरक्षा उपायों की आवश्यकता है। इसमें केवल बैंकों की सुरक्षा प्रणाली को मजबूत करना ही नहीं, बल्कि ग्राहकों को भी ऑनलाइन खतरों के प्रति जागरूक करना अनिवार्य हो जाता है। बैंकिंग क्षेत्र में साइबर धोखाधड़ी की समस्या का समाधान करने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (अक) और मशीन लर्निंग (टछ) आधारित तकनीकों का उपयोग बढ़ रहा है। ये तकनीकें संदिग्ध लेन-देन की वास्तविक समय में पहचान करने और उन्हें रोकने में सहायक साबित हो रही हैं। उदाहरण के लिए, अक-आधारित प्रणाली किसी भी असामान्य गतिविधि का तुरंत पता लगाकर संबंधित पक्षों को सतर्क कर सकती है। इसके अलावा, बैंकों को मल्टी-फैक्टर ऑथेंटिकेशन, डेटा एन्क्रिप्शन, और ब्लॉकचेन तकनीक जैसे उन्नत सुरक्षा उपायों को अपनाना चाहिए। ब्लॉकचेन तकनीक लेन-देन को पारदर्शी और सुरक्षित बनाती है, जिससे धोखाधड़ी की संभावना न्यूनतम हो जाती है। साइबर धोखाधड़ी को रोकने में तकनीकी उपाय जितने महत्वपूर्ण हैं, उतनी ही महत्वपूर्ण ग्राहकों की जागरूकता भी है। बैंकों को नियमित जागरूकता अभियान चलाने चाहिए, जिनमें ग्राहकों को फिशिंग, मालवेयर, और अन्य ऑनलाइन खतरों से बचने के उपाय बताए जाएं। ग्राहकों को यह सिखाना आवश्यक है कि वे संदिग्ध ईमेल, एसएमएस, और फोन कॉल्स से कैसे बचें। उन्हें यह भी जानकारी दी जानी चाहिए कि अपनी निजी जानकारी, जैसे पिन और ओटीपी, को कभी भी साझा न करें। ऐसे जागरूकता कार्यक्रम न केवल ग्राहकों को सतर्क बनाते हैं, बल्कि उन्हें डिजिटल उपकरणों का सुरक्षित उपयोग करने में भी मदद करते हैं। भारतीय रिजर्व बैंक और अन्य नियामक संस्थाओं ने साइबर धोखाधड़ी से निपटने के लिए कई कदम उठाए हैं। लेकिन इन प्रयासों को और प्रभावी बनाने के लिए बैंकों, तकनीकी कंपनियों, और सरकारी संस्थानों के बीच बेहतर सहयोग की आवश्यकता है। यह सहयोग न केवल सुरक्षा उपायों को और अधिक सुदृढ़ करेगा, बल्कि नवाचार को भी प्रोत्साहित करेगा। बैंकों को अपनी सुरक्षा प्रणालियों को नियमित रूप से अपडेट करना चाहिए और साइबर खतरों से निपटने के लिए नवीनतम तकनीकों को अपनाना चाहिए। भारत में यूपीआई और अन्य डिजिटल प्लेटफॉर्म ने लेन-देन को आसान और तेज बना दिया है। लेकिन धोखाधड़ी की बढ़ती घटनाएं ग्राहकों के विश्वास को कमजोर कर सकती हैं। इसलिए, बैंकों और नियामक संस्थाओं को ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है ताकि ग्राहक डिजिटल क्रांति पर अपना विश्वास बनाए रखें। बैंकों को उन्नत मॉनिटरिंग सिस्टम विकसित करना चाहिए, जो लेन-देन की वास्तविक समय में निगरानी कर सके। ये सिस्टम संदिग्ध गतिविधियों की पहचान कर उन्हें तुरंत रोकने में सक्षम होंगे। डिजिटल बैंकिंग में डेटा गोपनीयता एक महत्वपूर्ण पहलू है। बैंकों को अपने ग्राहकों के निजी डेटा की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सख्त नीतियां लागू करनी चाहिए। ये नीतियां न केवल अनधिकृत पहुंच को रोकेंगी, बल्कि ग्राहकों को यह विश्वास भी दिलाएंगी कि उनका डेटा सुरक्षित है। इसके अलावा, बैंकों को ग्राहकों के साथ पारदर्शी संवाद बनाए रखना चाहिए। यह पारदर्शिता ग्राहकों के विश्वास को मजबूत करने और बैंकिंग प्रणाली को अधिक विश्वसनीय बनाने में मदद करेगी। डिजिटल युग में बैंकिंग धोखाधड़ी के बढ़ते आंकड़े एक बड़ी चुनौती हैं, लेकिन इन्हें नवाचार और सुधार के अवसर के रूप में भी देखा जा सकता है। उन्नत तकनीकों, जैसे कि ब्लॉकचेन, बायोमेट्रिक ऑथेंटिकेशन, और क्लाउड कंप्यूटिंग, का उपयोग करके इन समस्याओं का समाधान किया जा सकता है। ग्राहकों को भी डिजिटल उपकरणों का सुरक्षित उपयोग सिखाने और साइबर खतरों के प्रति सतर्क करने की आवश्यकता है। **(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# काशी विश्वनाथ का प्रतिरूप हैं प्रयाग के बाबा लोकनाथ

**एजेंसी। महाकुम्भनगर**

सनातन संस्कृति और आस्था की प्राचीनतम नगरियों में से एक है प्रयागराज। पौराणिक मान्यता है कि समस्त तीर्थों के राजा होने कारण इन्हें तीर्थराज प्रयागराज कहा जाता है। प्रयागराज के मुख्य बाजार चौक के प्रसिद्ध मोहल्ले लोकनाथ का नाम यहां स्थापित बाबा लोकनाथ के नाम पर पड़ा है। माना जाता है कि प्रयाग के बाबा लोकनाथ काशी के बाबा विश्वनाथ का प्रतिरूप हैं।

लोकनाथ महादेव की प्राचीनता के बारे में सही तौर पर कुछ नहीं कहा जा सकता लेकिन यहां के पुजारी बताते हैं कि स्कंद पुराण के रेवा खण्ड और महाभारत के शांतिपर्व में बाबा लोकनाथ का वर्णन आता है। बाबा लोकनाथ के दर्शन और पूजन से समस्त सांसारिक कष्ट दूर होते हैं। महाकुम्भ के दौरान भगवान शिव के भक्त बड़ी संख्या में अपने आराध्य के दर्शन और पूजन के लिए यहां आने वाले हैं। तीर्थराज प्रयागराज का लोकनाथ मोहल्ला वैसे तो अपनी खाऊ गली की रबड़ी, मलाई, लस्सी, हरी के समोसों और भारती भवन लाइब्रेरी के लिए जाना जाता है लेकिन इस मोहल्ले का नाम पड़ा है बाबा लोकनाथ महादेव के नाम पर। बाबा लोकनाथ का मंदिर भारती भवन लाइब्रेरी के ठीक पीछे है। चार पीढ़ियों से बाबा लोकनाथ का पूजन कर रहे यहां के पुजारी गौरी शंकर पाण्डेय कहना है कि बाबा लोकनाथ स्वयंभू शिवलिंग हैं। इनका वर्णन स्कंद पुराण के रेवा खण्ड में – "वामदेव महादेव देव-देव सुरेश्वरः, लोकनाथ पाहि-पाहि प्राणनाथ कृपाकरः।" के रूप में मिलता है। इसके अतिरिक्त महाभारत के शांति पर्व में भी प्रयाग के बाबा लोकनाथ का वर्णन आया है। सावन माह, प्रदोष और शिवरात्रि के दिन लोकनाथ महादेव का विशेष रूप से पूजन होता है। न केवल प्रयागराजवासी बल्कि दूर-दूर से संगम आने वाले श्रद्धालु लोकनाथ महादेव का दर्शन करने जरूर आते हैं। बाबा लोकनाथ के पुजारी गौरी शंकर ने बताया कि नाथ संप्रदाय के मछंदरनाथ या मत्स्येंद्रनाथ ने प्रचीनकाल में यहां चतुर्मास पूरा किया था। इस मंदिर में भगवान लोकनाथ के साथ उनकी सवारी नंदी महाराज, भगवान गणेश व भवानी स्वरूप माता पार्वती और शेषनाग की प्राचीन प्रतिमाएं हैं। इसके अतिरिक्त स्थानीय लोगों ने माता दुर्गा, हनुमान जी व अन्य देवी-देवताओं की मूर्तियां भी स्थापित की है। उन्होंने बताया कि प्रयाग की प्रसिद्ध हस्तियां मदन मोहन मालवीय, छुन्नन गुरु, पं श्रीधर पाठक नियमित रूप से मंदिर आते थे। इसके अलावा प्रधानमंत्री रहते हुए इंदिरा गांधी और वी.पी. सिंह ने भी बाबा लोकनाथ का दर्शन और पूजन किया था।



● स्कंद पुराण के रेवा खण्ड में मिलता है वर्णन

## महाकुंभ 2025: सुरक्षा व्यवस्था को लेकर महराजगंज-नेपाल सीमा पर पुलिस सतर्क

**महराजगंज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में होने जा रहे भव्य महाकुंभ को लेकर सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद कर दी गई है। भारत-नेपाल सीमा पर भी सघन चेकिंग अभियान जारी है। हाल ही में डीजीपी प्रशांत कुमार ने नेपाल सीमा पर पुलिस को एसएसबी के साथ समन्वय करके सघन चेकिंग सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए थे। इसके बाद महराजगंज जिले के भारत-नेपाल सीमा पर एसएसबी और पुलिस के जवान पूरी तरह से अलर्ट हो गए हैं। महाकुंभ में किसी भी आतंकी खतरे को देखते हुए भारत-नेपाल के 84 किलोमीटर लंबे सीमा क्षेत्र में एसएसबी के जवान पेट्रोलिंग करते हुए नजर आ रहे हैं। इसके अलावा, सोनौली बॉर्डर पर नेपाल से भारत आने-जाने वाले सभी व्यक्तियों की सघन तलाशी के बाद ही उन्हें प्रवेश दिया जा रहा है। डॉग स्क्वॉड द्वारा उनके सामानों की जांच की जा रही है और सीसीटीवी से भी निगरानी रखी जा रही है ताकि कोई भी देश विरोधी तत्व भारत में प्रवेश न कर सके। पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा ने बताया कि महाकुंभ को लेकर सीमावर्ती पुलिसकर्मियों को निर्देश दिया गया है।

## अलीगढ़ : महाकुंभ में दिखेगा कैदियों के हुनर का कमाल, श्रद्धालु खरीदेंगे ताले 'खास'

**अलीगढ़।** देश और दुनिया में अपने ताले और तालीम के लिए प्रसिद्ध अलीगढ़ अब एक नई पहचान बना रही है। अलीगढ़ जिला कारागार में बंद कैदी ताला बनाने के काम में जुट गए हैं। अलीगढ़ जेल में बने ताले देश-विदेश में प्रसिद्ध प्रयागराज महाकुंभ में उपयोग के लिए भेजे जाएंगे। जिला कारागार में रोजाना लगभग 1200 ताले बनाए जा रहे हैं, जिन्हें महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं को सस्ते दामों पर उपलब्ध कराया जाएगा। इस पहल से कैदियों को अपनी कला और कौशल को निखारने का मौका भी मिलेगा। जेल अधीक्षक ने आगे कहा कि इस बार महाकुंभ के आयोजन में जेल विभाग का एक स्टॉल भी लगाया जाएगा, जहां कैदियों द्वारा निर्मित ताले और लकड़ी से बने विभिन्न सामान की प्रदर्शनी आयोजित की जाएगी। महाकुंभ में आए लोग इन सामानों को खरीद सकते हैं। यह एक बड़ी पहल है, जिससे महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालु ताले और अन्य सामान सस्ते दामों पर प्राप्त कर सकेंगे। जेल में बंद कैदी विनोद कुमार ने बताया कि वह आजीवन कारावास की सजा काट रहा है। करीब दस महीने से जेल में है। विनोद ने कहा, " जेल में ही मैंने ताला बनाने का काम सीखा है। हमारे अलीगढ़ के जेल के ताले अब देश-विदेश में मशहूर हैं। हमारे ताले अब महाकुंभ में भेजे जाएंगे। तैयारी पूरी है। हम और हमारे सभी प्रशासनिक अधिकारी पूरी तरह से इस प्रयास में लगे हुए हैं कि जितने भी बंदी यहां हैं, वह रोजगार की ओर बढ़ें। इस मौके पर हम अपने अधिकारियों का दिल से धन्यवाद करना चाहते हैं। विनोद ने आगे कहा कि हमें बहुत अच्छा लग रहा है। जब हमारे ताले देश-विदेश जाएंगे, तो हमारा और हमारे जिले का नाम रोशन होगा। हम सभी बंदियों के लिए यह एक बहुत अच्छा अवसर है। अब हम बड़े खुशनसीब महसूस करते हैं कि हम यहां से कुछ नया सीख रहे हैं और हमें अपने काम का सम्मान मिल रहा है। हम रोजाना लगभग बारह से तेरह सौ ताले तैयार करते हैं।

# पीएम ने किया कुंभ की प्राचीनता को आधुनिकता के साथ जोड़ने का कार्य

**एजेंसी। अयोध्या**

प्रयागराज में महाकुंभ 13 जनवरी 2025 से शुरू होने जा रहा है और इसके लिए सरकार की ओर से तैयारियां अपने अंतिम चरण में हैं। केंद्र और राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे कार्यों को लेकर संत समाज ने संतुष्टि और हर्ष दोनों जताए हैं। अयोध्या धाम के संत दिवाकराचार्य महाराज ने महाकुंभ के आयोजन को विशेष बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद दिया है। उन्होंने इस अवसर पर आईएएनएस से खास बातचीत की। संत दिवाकराचार्य महाराज अयोध्या धाम ने कहा, "आज माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात एपिसोड में न सिर्फ मन की बात की है, बल्कि भारत की बात भी की है। उन्होंने भारत की संस्कृति और परंपरा की बात की है। उन्होंने जहां महाकुंभ का जिक्र किया तो संविधान की भी बात की। संविधान ने हर समय अग्नि परीक्षा दी है और वह समय की कसौटियों पर खरा उतरा है। इस बात को आज नकारा नहीं जा सकता है कि संविधान ने न केवल मानव मात्र को बल्कि हमारे भगवान राम लला को भी न्याय दिलाया और वह भव्य मंदिर में विराजमान हुए। उन्होंने कहा कि इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद देना चाहिए कि उन्होंने महाकुंभ को हिंदू महा एकता के साथ जोड़कर देखा है। निश्चित ही जब हम महाकुंभ में जाते हैं तो हम जातियों से, भेदभाव से, द्वेष से मुक्त होकर त्रिवेणी संगम में स्नान करते हैं। मां गंगा, यमुना और सरस्वती की पवित्र धारा में जब हम स्नान करते है तो उस समय ही हमारे मन में यह पवित्र धारणा होती है। लेकिन जब हम वहां से निकलकर अपने-अपने स्थान के लिए प्रस्थान करते हैं तो शायद हमारे अंदर वही प्रवृत्ति फिर से समाहित हो जाती है। इस बार हमें महाकुंभ में यह संकल्प लेना चाहिए कि हम संगठित, एकजुट, सतत और संघर्षरत होकर अपने राष्ट्र के प्रति कार्य करें। पीएम मोदी की यही विचारधारा है। निश्चित ही प्रधानमंत्री के नेतृत्व में आज भारत विकास कर रहा है। दिवाकराचार्य महाराज के अनुसार, पीएम मोदी भारत की परंपरागत विरासत पर कार्य कर रहे हैं। आज हम देख सकते हैं कैसे सनातन की शुरुआत के साथ शुरू होने वाले महाकुंभ को उसकी अत्यंत प्राचीनता के साथ आज 21वीं शताब्दी में अत्यंत आधुनिकता से भी जोड़ दिया गया है।



# पटना के गांधी मैदान में प्रदर्शनकारी छात्रों के बीच पहुंचे प्रशांत किशोर



**एजेंसी। पटना**

जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर रविवार को बीपीएससी अभ्यर्थियों के लिए गांधी मैदान में बुलाए गए छात्र संसद में पहुंचे। हालांकि इस छात्र संसद के लिए जिला प्रशासन ने अनुमति नहीं दी थी। प्रशांत किशोर गांधी मैदान में प्रदर्शनकारी छात्रों के बीच पहुंचे और उन्होंने छात्रों से "बंटकर नहीं बल्कि एक साथ आने" का आह्वान किया है। दरअसल, रविवार सुबह बड़ी संख्या में बीपीएससी परीक्षा के अभ्यर्थी पटना के गांधी मैदान पहुंच गए हैं। अभ्यर्थी जिला प्रशासन की मनाही के बाद भी छात्र संसद के लिए यहां पहुंचे हैं। वे गांधी प्रतिमा के नीचे बैठकर जमकर नारेबाजी कर रहे हैं। गांधी मैदान पुलिस छावनी में तब्दील हो गया है। दूसरी ओर प्रशांत किशोर भी गांधी मैदान पहुंच गए हैं। इस दौरान आवास से निकलने के पहले प्रशांत किशोर ने कहा, "हम लोग प्रदर्शन के लिए नहीं जा रहे, वहां बैठे छात्रों से मिलने जा रहे हैं। इसमें किसी की अनुमति की जरूरत नहीं है। गांधी मैदान में प्रतिदिन हजार, दो हजार लोग जाते हैं। यह कोई कार्यक्रम तो नहीं है, जिसके लिए सरकार की अनुमति लेनी पड़े। हमने सरकार को कल (शनिवार को) जानकारी दे दी थी। जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर शनिवार को गर्दनीबाग स्थित धरना स्थल पर भी पहुंचे थे और रविवार को गांधी मैदान में छात्र संसद की घोषणा की थी। जिला प्रशासन ने हालांकि विभिन्न कारणों का हवाला देते हुए छात्र संसद की अनुमति नहीं दी थी। उल्लेखनीय है कि बीपीएससी 70वीं परीक्षा का पीटी रद्द करने की मांग को लेकर सैकड़ों अभ्यर्थी पटना के गर्दनीबाग धरना स्थल पर पिछले 12 दिन से धरना दे रहे हैं।

## किशोर कुणाल ने समाजिक और आध्यात्मिक जीवन में हासिल की ऊंचाई



**पटना।** पटना के महावीर मंदिर न्यास के सचिव आचार्य किशोर कुणाल का कार्डियक अरेस्ट की वजह से रविवार सुबह निधन हो गया। आचार्य किशोर कुणाल के निधन पर केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने शोक जताया है। केंद्रीय मंत्री ने वीडियो संदेश जारी करते हुए कहा कि आचार्य किशोर कुणाल का देहांत हम सब के लिए दुखदायी और समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। किशोर कुणाल केवल एक प्रशासनिक अधिकारी नहीं थे, बल्कि सामाजिक तौर पर वह सक्रिय थे। एक आईपीएस अधिकारी के रूप में उन्होंने अपनी एक छाप छोड़ी थी। उसके बाद उन्होंने आध्यात्मिक जीवन में भी ऊंचाइयां हासिल की। उन्होंने कहा कि पटना का महावीर मंदिर लोगों के लिए आस्था का सबसे बड़ा केंद्र है। मंदिरों के माध्यम से उन्होंने सामाजिक जागरण का काम किया। उनकी ओर से शुरू किए गए सामाजिक प्रकल्प के काम समाज के लिए उदाहरण हैं।

# चुनाव हराने के लिए 5 हजार से ज्यादा वोट कटवाने के एप्लीकेशन दिए गए : केजरीवाल

**एजेंसी। नई दिल्ली**

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने भाजपा पर बड़ा आरोप लगाया है। उन्होंने कहा है कि भाजपा हर हाल में चुनाव जीतना चाहती है। इसलिए लगातार वोट कटवाने के एप्लीकेशन डाले जा रहे हैं। इसके साथ-साथ नए वोट जोड़ने के भी एप्लीकेशन दिए जा रहे हैं। जिनका कोई अता-पता नहीं है। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि भाजपा के पास ना कोई सीएम का चेहरा है और ना ही कोई उम्मीदवार। दिल्ली में भाजपा अपनी हार मान चुकी है। इसलिए अलग-अलग हथकंडे अपना कर किसी भी हालत में चुनाव जीतना चाहती है। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि मेरी विधानसभा नई दिल्ली इलाके में बीते 15 दिनों में ही अभी तक 5 हजार से ज्यादा वोट कटवाने के एप्लीकेशन दिए गए हैं और 10 हजार से ज्यादा नए वोट जोड़ने के एप्लीकेशन भी दिए गए हैं।

उन्होंने बताया कि 1 लाख 6 हजार वोट कुल नई दिल्ली विधानसभा में मौजूद हैं। 29 अक्टूबर से 14 दिसम्बर तक सिर्फ 900 वोट डिलीट के लिए एप्लीकेशन आए थे और 15 दिसंबर से अभी तक 5 हजार वोट डिलीट करने के लिए भाजपा ने एप्लिकेशन डाली है। जबकि 29 अक्टूबर को चुनाव आयोग ने समरी रिवीजन के बाद वोटर लिस्ट जारी की थी। 2 महीना चुनाव आयोग घर-घर जाकर रिवीजन का काम करता है तो उसके बाद यह एप्लीकेशन क्यों आ रही है। उन्होंने कहा कि वोट तो नागरिकता का प्रमाण है। ऐसे में वोट डिलीट करने की एप्लीकेशन से उनको मिलने वाले लाभ से लोगों को वंचित किया जा रहा है। अरविंद केजरीवाल ने बताया कि जब भी किसी विधानसभा इलाके में 2 प्रतिशत से ज्यादा वोट डिलीट करने की एप्लीकेशन आती है तो वह फाइल बीएलओ के पास से सीधे रिटर्निंग ऑफिसर को चली जाती है और रिटर्निंग ऑफिसर उनका मुआयना कर फैसला लेता है। ऐसे ही अगर वोट जोड़ने की भी 4 प्रतिशत से ज्यादा एप्लीकेशन आती है तो उसका भी सर्वे होता है। अरविंद केजरीवाल ने आरोप लगाया कि भाजपा हरियाणा के फर्जी वोटरों के वोट जुड़वाकर उन्हें वोट देने के लिए तैयार कर रही है और एक-एक घर से 15-15, 22-22 वोटों को जोड़ने की एप्लीकेशन आ रही है।

अरविंद केजरीवाल ने आरोप लगाया है कि भाजपा तीन हथकंडे अपना रही है। जिसमें पहला वोट कटवाने का, दूसरा फर्जी वोट जुड़वाने का और तीसरा पैसे बांटकर वोट खरीदने का। इन हथकंडों के जरिए भाजपा लगातार हारे हुए चुनाव को जीतने का प्रयास कर रही है।



**देश/विदेश**

# प्रवासी मतदाताओं ने जिस उत्साह से पंजीकरण कराया, उस उत्साह से वोट नहीं दिया

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** प्रवासी भारतीय मतदाताओं में उतना उत्साह वोट देने में नहीं रहा , जितना पंजीकरण कराने में। इसके बारे में कुछ लोगों का कहना है कि उन्होंने पंजीकरण कराने में इसलिए रुचि ली ताकि पंजीकरण होना एक और दस्तावेज हो जाएगा। जो बाद में जरूरी कानूनी दस्तावेज के तौर पर काम आएगा। चुनाव आयोग ने जो आंकड़े जारी किए हैं, उसके मुताबिक लगभग 1.2 लाख प्रवासी भारतीयों ने मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराया था, लेकिन इस साल लोकसभा चुनावों में बहुत कम लोग अपने मताधिकार का प्रयोग करने भारत आए। आंकड़ों के अनुसार, साल 2024 में प्रवासी मतदाताओं के रूप में 1,19,374 लोग पंजीकृत हुए, जिनमें केरल में सबसे अधिक 89,839 पंजीकृत हुए। हालांकि साल 2019 में, प्रवासी मतदाताओं के रूप में केरल में 99,844 लोग पंजीकृत हुए थे। आयोग के अनुसार, इस साल हुए लोकसभा चुनाव में केवल 2,958 प्रवासी मतदाता भारत आए। इनमें से अकेले केरल से 2,670 मतदाता थे। कर्नाटक, उत्तर प्रदेश और तमिलनाडु जैसे कई बड़े राज्यों में प्रवासी मतदाताओं ने मतदान किया ही नहीं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गृह राज्य गुजरात में लोकसभा चुनाव में 885 प्रवासी मतदाता वोट देने आए। महाराष्ट्र में भी यही स्थिति रही, जहां 5,097 ए न आ र आ ई मतदाताओं में से केवल 17 ने ही मतदान किया। चुनावी कानून के अनुसार, पंजीकृत प्रवासी मतदाताओं को वोट डालने के लिए अपने संबंधित लोकसभा व विधानसभा क्षेत्रों में आना पड़ता है। उन्हें अपनी पहचान के प्रमाण के रूप में अपना मूल पासपोर्ट दिखाना पड़ता है। डेटा से पता चलता है कि आंध्र प्रदेश में 7,927 पंजीकृत अप्रवासी मतदाता थे, लेकिन केवल 195 ही मतदान करने के लिए आए। असम में, 19 पंजीकृत मतदाताओं में से किसी ने भी मतदान नहीं किया। बिहार में भी यही स्थिति रही, जहां 89 पंजीकृत ए न आ र आ ई मतदाता हैं। गोवा में भी ऐसा ही नजारा देखने को मिला, जहां 84 में से किसी भी मतदाता ने मतदान नहीं किया। अगस्त 2018 में, 16वीं लोकसभा ने पात्र प्रवासी भारतीयों को प्रॉक्सी वोटिंग अधिकार देने के लिए एक विधेयक पारित किया गया। हालांकि, यह विधेयक राज्यसभा में नहीं लाया जा सका। साल 2020 में, चुनाव आयोग ने केंद्रीय कानून मंत्रालय को इलेक्ट्रॉनिक रूप से प्रेषित डाक मतपत्र प्रणाली (का प्रस्ताव दिया था। अभी केवल सेवारत मतदाता ही इसका इस्तेमाल कर सकते हैं। प्रवासी मतदाताओं को इस सुविधा का लाभ देने के लिए चुनाव नियमों में बदलाव की जरूरत होगी, लेकिन अभी तक सरकार ने इस मुद्दे पर कोई फैसला नहीं लिया है। चुनाव आयोग का कहना है कि उसे डाक मतपत्रों के माध्यम से मतदान की सुविधा के लिए प्रवासी भारतीयों से कई अनुरोध मिले हैं। लेकिन उसके मार्फत धांधली होने की संभावना के मद्देनजर विवाद है।हालांकि चुनाव आयोग इस तर्क पर इसकी इजाजत चाहता है कि मतदाताओं ने यात्रा लागत, विदेश में रोजगार की बाध्यता और शिक्षा के अलावा अन्य कारणों से व्यक्तिगत रूप से मतदान करने भारत आने में असमर्थता जताई है, इसलिए डाक द्वारा मतदान की सरकार अनुमति दे, ताकि प्रवासी जहां हैं वहीं से डाक से वोट भेज सकें।

- लगभग 1.2 लाख प्रवासी भारतीयों ने मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराया था
- लोस चुनाव में 2,958 प्रवासी मतदाता भारत आए, इनमें केरल से थे 2,670
- कई लाख रु. खर्च कर भारत आ वोट नहीं देना चाहते प्रवासी मतदाता
- डाक से वोट भेजने की इजाजत नहीं

## पीएम मोदी ने भारतीय सिनेमा के धुरंधरों को किया याद

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को मन की बात कार्यक्रम में फिल्म जगत के दिग्गजों को याद किया। गायक रफी से लेकर ग्रेट शो मैन राज कपूर, तपन सिन्हा और दक्षिण के अक्किनेनी नागेश्वर राव की प्रशंसा की। इसके साथ ही पीएम मोदी ने बस्तर के अनूठे ओलंपिक का भी जिक्र किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'मन की बात' के 117वें एपिसोड में कहा, "साल 2024 में हम फिल्म जगत की कई महान हस्तियों की 100वीं जयंती मना रहे हैं। इन हस्तियों ने भारतीय सिनेमा को वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाई है। राज कपूर जी ने फिल्मों के जरिए दुनिया को भारत की सॉफ्ट पावर से परिचित कराया। प्रधानमंत्री मोदी ने रफी साहब का भी जिक्र किया। बोले, रफी साहब की आवाज में वो जादू था, जो हर दिल को छू जाता था। उनकी आवाज अद्भुत थी। भक्ति गीत हों या रोमांटिक गाने, दुख भरे गाने, उन्होंने अपनी आवाज से हर भावना को जीवंत कर दिया। एक कलाकार के रूप में उनकी महानता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि आज भी युवा पीढ़ी उनके गीतों को उसी जुनून के साथ सुनती है।

## बांग्लादेश में मतदान आयु घटाने के प्रस्ताव पर भारी हंगामा

# यूनुस सरकार की जमकर आलोचना

**एजेंसी। ढाका**


बांग्लादेश में मतदान आयु घटाकर 17 वर्ष करने के अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस के प्रस्ताव ने राजनीतिक हलकों में विवाद खड़ा कर दिया है। बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) ने इस सिफारिश की कड़ी आलोचना करते हुए इसे चुनाव प्रक्रिया में देरी का कारण बताया है। 84 वर्षीय मोहम्मद यूनुस, जिन्हे इसी साल अगस्त में शेख हसीना की सरकार के पतन के बाद अंतरिम सरकार का प्रमुख नियुक्त किया गया था। उन्होंनें बीते शुक्रवार को चुनावी संवाद के दौरान एक वीडियो संदेश में सुझाव दिया कि देश में मतदान की न्यूनतम आयु 18 से घटाकर 17 वर्ष कर दी जाए। उनका कहना था कि यह युवाओं को उनके भविष्य पर अपनी राय व्यक्त करने का अवसर देगा। यूनुस ने अपने वक्तव्य में यह भी साफ कहा कि, ह्लमुझे लगता है कि युवा अपने भविष्य के बारे में राय दे सकें, इसके लिए मतदान की न्यूनतम उम्र घटाकर 17 साल तय की जानी चाहिए।

**विपक्षी दलों की चिंताएं :** बीएनपी ने इस बयान पर भी सवाल उठाए, यह कहते हुए कि यदि आयु सीमा घटाने का प्रस्ताव लागू किया गया, तो मतदाता सूची को निरीक्षण करने में और समय लगेगा। इससे चुनाव की प्रक्रिया और लंबी हो सकती है, जिससे देश में राजनीतिक अस्थिरता का माहौल बनेगा।

**चुनाव की संभावित तिथियां:** 16 दिसंबर को विजय दिवस के अवसर पर अपने संबोधन में यूनुस ने कहा था कि अगले आम चुनाव 2025 के अंत और 2026 की पहली छमाही के बीच कराए जा सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि चुनाव से पहले मतदाता सूची को निरीक्षण किया जाएगा।

**बीएनपी की कड़ी प्रतिक्रिया:** यूनुस की इस सिफारिश पर बीएनपी ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। पार्टी महासचिव मिर्जा फखरूल आलमगीर ने ढाका में आयोजित एक चर्चा के दौरान कहा कि मतदान की आयु घटाने से देश में एक नई मतदाता सूची तैयार करनी होगी, जो कि एक जटिल प्रक्रिया होगी। आलमगीर ने कहा, अब लोगों को यह डर सताएगा कि और अधिक समय बर्बाद होगा और चुनाव प्रक्रिया में देरी होगी।

**निर्णय का असर और आगे का रास्ता क्या होगा? :** यूनुस का प्रस्ताव युवा मतदाताओं को चुनाव प्रक्रिया में शामिल करने का एक प्रयास हो सकता है, लेकिन इसे लेकर राजनीतिक दलों और हितधारकों में भारी असहमति है। बीएनपी ने स्पष्ट किया है कि सरकार को इस मुद्दे को निर्वाचन आयोग पर छोड़ देना चाहिए ताकि सभी संबंधित पक्षों की सहमति से एक निर्णय लिया जा सके। यूनुस की सिफारिश को लेकर बढ़ता विरोध और बीएनपी की चिंताएं यह संकेत देती हैं कि इस मामले पर व्यापक चर्चा और विचार-विमर्श की आवश्यकता है। इस विवाद के बीच, यह स्पष्ट है कि बांग्लादेश में आगामी चुनावों को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है।



# रूस में मुसलमानों के लिए 4 शादियों का फतवा वापस

**एजेंसी। मास्को**

रूस में मुस्लिम पुरुषों के लिए चार शादियों की अनुमति देने वाला फतवा, विवाद और आलोचनाओं के बाद वापस ले लिया गया है। इस फैसले के बाद रूस के मुस्लिम समुदाय और स्थानीय समाज में तनाव बढ़ गया था, क्योंकि यह निर्णय इस्लामिक कानून और रूस के धर्मनिरपेक्ष कानून के बीच टकराव को उजागर कर रहा था। यह मामला तब सामने आया जब रूस में इस्लामिक धर्मगुरुओं ने मुस्लिम पुरुषों के लिए एक साथ चार शादियों की अनुमति देने का फतवा जारी किया था। फतवा में कहा गया था कि इस्लामिक कानून के तहत, पुरुषों को चार शादियाँ करने का अधिकार है, बशर्ते कि वे सभी पत्नियों के साथ समान व्यवहार करें और उनके अधिकारों का सम्मान करें। हालांकि, रूस में यह फतवा विवाद का कारण बन गया, क्योंकि यह देश के धर्मनिरपेक्ष संविधान के खिलाफ था, जो किसी भी धार्मिक समूह को एक से अधिक विवाह की अनुमति नहीं देता। रूस के अधिकारियों और मानवाधिकार संगठनों ने इस फैसले की कड़ी आलोचना की, यह आरोप लगाते हुए कि यह निर्णय महिलाओं के अधिकारों और समानता के खिलाफ है। समाज में बढ़ते विरोध के बाद, इस्लामिक मौलवियों ने फतवे को वापस ले लिया। मौलाना ने कहा, "यह निर्णय हमने केवल अल्लाह की इच्छा के अनुसार लिया था, लेकिन अब हम इसे वापस ले रहे हैं क्योंकि समाज में इस फैसले को लेकर गलतफहमियाँ और विरोध उत्पन्न हो रहे हैं।

## मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट पर तेजी से चल रहा कार्य : केंद्र

**नई दिल्ली।** मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट पर काम तेजी से चल रहा है, जिसके तहत 13 नदियों और कई राजमार्गों पर पुल बनाए जा रहे हैं। इसमें कई रेलवे लाइनों को सात स्टील और प्रीस्ट्रेस्ड कंक्रीट पुलों के माध्यम से पार किया जाएगा। रेलवे द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक, प्रोजेक्ट के अंतर्गत 243 किलोमीटर से अधिक पुल निर्माण का कार्य पूरा हो चुका है।

# एक साल में 230 से अधिक व्यापारिक जहाजों को दी सुरक्षा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

पश्चिमी अरब सागर में हूती आतंकवादियों द्वारा मालवाहक जहाजों पर हमलों और समुद्री डकैती की बढ़ती घटनाओं के बीच, भारतीय नौसेना ने पिछले एक साल में 230 से ज्यादा व्यापारिक जहाजों को सुरक्षा प्रदान की। इस दौरान, नौसेना ने 25 से अधिक घटनाओं पर त्वरित कार्रवाई की, जिससे 400 से ज्यादा लोगों की जान बचाई गई। रक्षा मंत्रालय ने यह जानकारी दी। नौसेना ने एक समीक्षा में बताया कि उसने 4 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक मूल्य के 90 लाख मीट्रिक टन से अधिक माल का परिवहन करने वाले जहाजों को सुरक्षा दी। इस दौरान, विशेष रूप से हूती आतंकवादियों के हमलों का सामना कर रहे जहाजों को मदद दी गई। इन हमलों का उद्देश्य इजराइल पर दबाव डालना था, ताकि वह गाजा में अपनी सैन्य कार्रवाइयों को रोके। इजराइल-हमास संघर्ष के बीच, भारतीय नौसेना ने समुद्री सुरक्षा अभियान को सक्रिय रखा और भारतीय ध्वज वाले व्यापारिक जहाजों तथा भारत के लिए महत्वपूर्ण वस्तुओं का परिवहन करने वाले जहाजों की सुरक्षा सुनिश्चित की। मंत्रालय ने बताया कि "भारतीय नौसेना ने पिछले एक साल में 30 से ज्यादा जहाजों को तैनात किया और 25 से अधिक घटनाओं पर त्वरित कार्रवाई की। इसके अलावा, नवम्बर 2024 तक, भारतीय नौसेना ने 230 से अधिक व्यापारिक जहाजों की सुरक्षा सुनिश्चित की, जो 90 लाख मीट्रिक टन माल का परिवहन कर रहे थे। नौसेना की विश्वसनीय और त्वरित कार्रवाई की अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर सराहना की गई है, जिससे उसकी स्थिति एक 'पसंदीदा सुरक्षा साझेदार' और 'प्रथम प्रतिक्रियाकर्ता' के रूप में मजबूत हुई है।




400 से ज्यादा जानें बचाई



# दूसरी बार विश्व रैपिड शतरंज खिताब जीतकर कोनेरू हम्पी ने रचा इतिहास

- इंडोनेशिया की इरीन सुकंदर को हराकर दूसरी बार विश्व रैपिड शतरंज चैंपियनशिप खिताब जीता।
- 2019 में मॉस्को में जीत के बाद यह इस प्रारूप में उनकी दूसरी खिताबी जीत है।
- 8.5 अंकों के साथ टूर्नामेंट का समापन किया।

**नई दिल्ली(हि.स.)।** भारतीय ग्रैंडमास्टर कोनेरू हम्पी ने रविवार को न्यूयॉर्क में इतिहास रचते हुए विश्व रैपिड शतरंज चैंपियनशिप में जीत हासिल की। उन्होंने इंडोनेशिया की इरीन सुकंदर को हराकर दूसरी बार विश्व रैपिड शतरंज चैंपियनशिप खिताब जीता। ऐसा करने वाली वे पहली भारतीय महिला शतरंज खिलाड़ी हैं। 2019 में मॉस्को में जीत के बाद यह इस प्रारूप में उनकी दूसरी खिताबी जीत है। चीन की जू वेनजुन के बाद हम्पी महिला वर्ग में एक से अधिक बार खिताब जीतने वाली दूसरी शतरंज खिलाड़ी बन गई हैं। 37 वर्षीय हम्पी ने 11 में से 8.5 अंकों के साथ टूनामेंट का समापन किया। यह भारतीय ग्रैंडमास्टर के लिए निर्णायक जीत थी।

## पीएम मोदी ने कोनेरू हम्पी को दी बधाई

**नई दिल्ली(आईएएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2024 फिडे महिला विश्व रैपिड चैम्पियनशिप जीतने पर कोनेरू हम्पी को बधाई दी है। भारत की शीर्ष रेटेड महिला शतरंज खिलाड़ी कोनेरू हम्पी ने रविवार (भारतीय समयानुसार) को न्यूयॉर्क में 8.5/11 के स्कोर के साथ टूनामेंट समाप्त करते हुए अपना दूसरा विश्व रैपिड खिताब हासिल किया। उन्होंने मॉस्को में 2019 संस्करण में अपना पहला स्वर्ण पदक जीता था। पीएम मोदी ने कोनेरू को बधाई देते हुए कहा कि उनकी दृढ़ता और प्रतिभा लाखों लोगों को प्रेरित करती है। यह जीत और भी ऐतिहासिक है क्योंकि यह उनका दूसरा विश्व रैपिड चैम्पियनशिप खिताब है, जिससे वह यह अविश्वसनीय उपलब्धि हासिल करने वाली एकमात्र भारतीय बन गई हैं। फाइनल, 11वें राउंड की शुरूआत में शीर्ष पर सात-तरफा मुकाबले में, कोनेरू जीत हासिल करने वाली एकमात्र खिलाड़ी के रूप में उभरीं। काले मोहरों से खेलते हुए, उन्होंने चुनौतीपूर्ण एंडगेम में इंडोनेशिया की इंटरनेशनल मास्टर इरीन खारिस्मा सुकंदर को मात दी और शानदार अंदाज में खिताब अपने नाम किया। कोनेरू ने जीत के बाद कहा,37 साल की उम्र में विश्व चैंपियन बनना आसान नहीं है। जब आप बूढ़े हो जाते हैं तो प्रेरणा बनाए रखना और जरूरत पड़ने पर तेज बने रहना काफी मुश्किल होता है। मुझे खुशी है कि मैंने यह कर दिखाया।" उन्होंने कहा, मैं दूसरी बार जीत कर बहुत खुश हूं। वास्तव में, मुझे इसकी बिल्कुल भी उम्मीद नहीं थी क्योंकि मैं अपना पहला राउंड गेम हार गई थी, और मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं विश्व चैंपियन के रूप में टूनामेंट खत्म कर पाउंगी। यह जीत बहुत खास है। जब मैं अपने निचले स्तर पर होती हूं, तो मुझे लगता है कि इसने मुझे लड़ने और शतरंज पर फिर से काम करने के लिए प्रेरित किया।

# चौथे दिन का खेल खत्म
# 333 रनों की हुई ऑस्ट्रेलिया की बढ़त



**04** विकेट जसप्रीत बुमराह ने मो. सिराज ने तीन विकेट लिए हैं। रवींद्र जडेजा को एक विकेट मिला है।

**भारतीय टीम की पहली पारी 369 रन पर समाप्त**

**मेलबर्न (हि.स.)।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के तहत खेली जा रही पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के चौथे मैच के चौथे दिन का खेल खत्म हो गया है। ऑस्ट्रेलिया टीम ने अपनी दूसरी पारी में 9 विकेट खोकर 228 रन बना लिए हैं। नाथन लियोन 41 रन और स्कॉट बोलैंड और 10 बनाकर नाबाद हैं। दोनों ने आखिरी विकेट के लिए अब तक 55 रन की साझेदारी कर ली है। मेजबान टीम ने अपनी पहली पारी में 474 रन बनाए थे। इसके बाद भारतीय टीम ने अपनी पहली पारी में 369 रन बनाए। इससे पहली पारी के आधार पर ऑस्ट्रेलिया के पास 105 रन की बढ़त थी। ऐसे में अब उसकी कुल बढ़त 333 रन की हो चुकी है।

**● ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी**

ऑस्ट्रेलिया टीम की दूसरी पारी की शुरूआत अच्छी नहीं रही और 20 रन के स्कोर पर पहला झटका लगा। सलामी युवा बल्लेबाज सैम कोंस्टास को जसप्रीत बुमराह ने पवेलियन भेजा। कोंस्टास ने 8 रन बनाए। इसके बाद मोहम्मद सिराज ने उस्मान ख्वाजा को आउट कर दिया। ख्वाजा ने 21 रन बनाए। फिर सिराज ने स्टीव स्मिथ को अपना शिकार बनाया। वह 13 रन बना सके। इसके बाद बुमराह ने एक ही ओवर में पहले ट्रेविस हेड और मिचेल मार्श को चलता कर दिया। हेड केवल 1 रन बना सके, जबकि मिचेल मार्श खाता भी नहीं खोल सके। ऑस्ट्रेलिया का 91 के स्कोर पर छठा विकेट गिरा। बुमराह ने विकेटकीपर बल्लेबाज एलेक्स कैरी को बोल्ड कर दिया। कैरी दो रन बना सके। हालांकि दूसरे छोर से मार्नस लाबुशेन ने अच्छी बल्लेबाजी करते हुए टेस्ट करियर का 23वां अर्धशतक पूरा किया। लाबुशेन को सिराज ने अपने जाल फंसाया और उन्हें एल्बीडब्ल्यू कर पलेवियन भेजा। लाबुशेन ने 139 गेंद में 70 रन बनाए।

## बुमराह में कोई कमजोरी नहीं है: संजय मांजरेकर

**मेलबर्न(आईएएनएस)।** बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में बॉक्सिंग डे टेस्ट मैच के चौथे दिन के बाद, पूर्व भारतीय क्रिकेटर संजय मांजरेकर और ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कोच जस्टिन लैंगर ने भारत के गेंदबाजी प्रदर्शन का विश्लेषण किया, जिसमें खास तौर पर जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज पर ध्यान केंद्रित किया गया।

## आईसीसी महिला वनडे क्रिकेटर ऑफ द ईयर के खिताब के दावेदारों में स्मृति मंधाना भी



**दुबई।** भारत की स्टार बल्लेबाज स्मृति मंधाना को बल्ले से शानदार प्रदर्शन के बाद आईसीसी महिला वनडे क्रिकेटर ऑफ द ईयर के लिए दावेदारों में चुना गया है। 50 ओवर के प्रारूप के वार्षिक सम्मान के लिए मंधाना को दक्षिण अफ्रीका की लॉरा वोल्वार्ट, ऑस्ट्रेलिया की एनाबेल सदरलैंड और श्रीलंका की चामरी अथापथु के साथ नामांकित किया गया है। जून में बेंगलुरु में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दो शतकों ने मंधाना के 2024 अभियान को गति दी, और बाएं हाथ की इस बल्लेबाज ने साल के अंत में दो और शतक लगाए और दिसंबर तक अच्छी फॉर्म में रहीं। मंधाना ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन पारियों में कुल 343 रन बनाए और आईसीसी महिला टी20 विश्व कप के बाद न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत की घरेलू सीरीज के अंतिम मैच में 100 रन बनाकर 2024 का अपना तीसरा शतक बनाया। दिसंबर में ऑस्ट्रेलिया के साथ उनकी टीम की तीन मैचों की सीरीज के अंतिम मैच में एक और शतक लगाया।

## 'मुझे नहीं लगता कि भारतीय ड्रॉ के लिए बल्लेबाजी करेंगे': ओ'कीफे

**मेलबर्न(आईएएनएस)।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉक्सिंग डे टेस्ट के लिए मंच तैयार होने के साथ ही, पूर्व ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर स्टीव ओ'कीफे ने कहा कि भारत ड्रॉ की तलाश नहीं करेगा और मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर होने वाले चौथे टेस्ट मैच के अंतिम दिन जीत के लिए कड़ी मेहनत करेगा। भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और साथी तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने ऑस्ट्रेलियाई टीम के शीर्ष और मध्य क्रम को ध्वस्त कर दिया, लेकिन मेजबान टीम ने मार्नस लाबुशेन (70) और पैट कमिंस (41) की बदौलत कड़ी टक्कर दी। टेलेंडर्स नाथन लियोन (नाबाद 41) और स्कॉट बोलैंड (नाबाद 10) ने रविवार को स्टंप तक ऑस्ट्रेलिया की बढ़त को 333 रनों तक पहुंचा दिया। यह जोड़ी पांचवें दिन फिर से खेलेगी, और अंतिम विकेट के लिए 55 रन की साझेदारी कर चुकी है।

अगर भारत को चौथे दिन के रोमांचक खेल के बाद बॉक्सिंग डे टेस्ट जीतना है तो उसे सोमवार को मेलबर्न में चौथी पारी में सबसे बड़े सफल रन चेज की जरूरत होगी। सोमवार के रन चेज से पहले भारत की मानसिकता पर एसईएन क्रिकेट से स्टीव ओ'कीफे ने कहा, मुझे नहीं लगता कि भारत कल ड्रॉ के लिए बल्लेबाजी करेगा; मुझे लगता है कि वे पांचवें दिन सब कुछ जीतने की कोशिश करेंगे।

मेलबर्न में टेस्ट जीतने के लिए पिछली सबसे सफल चौथी पारी का स्कोर इंग्लैंड का 1928 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 332/7 था।बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज फिलहाल 1-1 से बराबर है क्योंकि दोनों टीमें जून 2025 में लॉर्ड्स में खेले जाने वाले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल स्थान के लिए लड़ रही हैं।ऑस्ट्रेलिया शीर्ष दो में रहने की मजबूत स्थिति में है। वे अगले साल अतिरिक्त दो टेस्ट के लिए श्रीलंका का दौरा भी करेंगे, जिसका अर्थ है कि वे सैद्धांतिक रूप से भारत के साथ 2-2 से ड्रा कर सकते हैं और फाइनल में जगह बनाने की दौड़ में बने रह सकते हैं।दूसरी ओर, भारत को योग्यता सुनिश्चित करने के लिए ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चल रहे और अंतिम टेस्ट को जीतना होगा।

## लीजेंड 90 लीग में दिल्ली रॉयल्स नवीनतम फ्रेंचाइजी के रूप में हुई शामिल

**नई दिल्ली(हि.स.)।** फरवरी 2025 में शुरू होने वाली बहुप्रतीक्षित लीजेंड 90 लीग में नवीनतम फ्रेंचाइजी के रूप में दिल्ली रॉयल्स का आधिकारिक तौर पर अनावरण किया गया। अनावरण के साथ ही टीम ने अपना लोगो भी लॉन्च किया है। कवच और ढाल से सजा दिल्ली रॉयल्स का आधिकारिक लोगो ताकत, दृढ़ संकल्प, लचीलेपन और वीरता का सटीक चित्रण करता है।

दिल्ली रॉयल्स फ्रेंचाइजी का अधिग्रहण उत्तर भारत के सबसे बड़े राजमार्ग ब्रांड मन्नत ग्रुप द्वारा किया गया है। मन्नत ग्रुप ने लीजेंड्स क्रिकेट लीग में दिल्ली रॉयल्स का अधिग्रहण करके खेल उद्योग में पहली बार कदम रखा है। अपने लग्जरी हाइवे रेस्तरां, रिसॉर्ट्स और क्विक सर्विस रेस्तरां (क्यूएसआर) के लिए जाना जाने वाला मन्नत अपने 11 आउटलेट्स पर प्रतिदिन 60,000 से अधिक ग्राहकों को सेवा प्रदान करता है। मन्नत ग्रुप जिस तरह से अपने व्यवसाय में अग्रणी है, ठीक उतना ही बड़ा नजरिया उसका खेलों को बढ़ावा देने को लेकर भी है।




फ्रेंचाइजी के लॉन्च पर मन्नत ग्रुप के प्रतिनिधि मंदीप मलिक ने कहा कि दिल्ली रॉयल्स राष्ट्रीय राजधानी के गौरव का प्रतीक है। हम एक ऐसी टीम बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं जो दृढ़ संकल्प के साथ अपने खेल कौशल से सभी को प्रभावित कर सकें। लीजेंड 90 लीग क्रिकेट के दिग्गजों को मैदान पर एक साथ लाने का एक शानदार मंच है और हम इसका हिस्सा बनकर बहुत रोमांचित हैं।

मन्नत ग्रुप के चेयरमैन देवेंद्र कादयान ने कहा कि मन्नत ग्रुप में हम युवाओं को प्रेरित कर उनके करियर को आगे बढ़ाने वाले अवसरों के माध्यम से सशक्त बनाने में विश्वास रखते हैं। ठीक उसी तरह दिल्ली रॉयल्स भी हमारे लिए सिर्फ टीम नहीं, बल्कि हमारा परिवार ही है।

लीजेंड 90 लीग अपने अनूठे 90 गेंद प्रारूप के साथ प्रशंसकों के क्रिकेट अनुभव को परिभाषित करने को तैयार है। इसी महीने पूर्व भारतीय क्रिकेटर और स्पिनर हरभजन सिंह ने लीग के अनावरण कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई थी। वह लीजेंड 90 लीग के ब्रांड एंबेसडर भी हैं। इस लीग के अनूठे प्रारूप पर हरभजन सिंह ने अपना उत्साह व्यक्त करते हुए कहा था कि यह लीग सिर्फ 90 बॉल क्रिकेट के लिए ही नहीं, क्रिकेट दिग्गजों को एक मंच पर जोड़ने वाली बेहतरीन लीग साबित होगी। लीग में सात फ्रेंचाइजी शामिल होंगी और 90 दिग्गज खिलाड़ी अपना कौशल प्रदर्शन करते नजर आएंगे।

## ग्लोबल इंडियन प्रवासी कबड्डी लीग ने पहले सीजन के लिए 12 टीमों की घोषणा की

### छह पुरुष और छह महिला टीमें शामिल



**गुरुग्राम(हि.स.)।** ग्लोबल इंडियन प्रवासी कबड्डी लीग (जीआई-पीकेएल) ने आधिकारिक तौर पर 12 फ्रेंचाइजी टीमों और लीग के लोगो का अनावरण किया है, जिससे इसके पहले सीजन के लिए उत्सुकता और बढ़ गई है। यह लीग, जिसमें पुरुषों और महिलाओं की प्रतियोगिताओं पर समान रूप से जोर दिया जा रहा है, अपने अभिनव प्रारूप और समावेशी दृष्टिकोण के साथ खेल में एक महत्वपूर्ण बदलाव का प्रतिनिधित्व करती है। टीमों के नाम रणनीतिक रूप से उनकी क्षेत्रीय पहचान को दर्शाने के लिए रखे गए हैं। इनमें महिला टीमें मराठी फाल्कन्स, भोजपुरी लेपड्र्स, तेलुगु चीता, तमिल लायनेस, पंजाबी टाइग्रेस और हरियाणवी ईगल्स हैं। पुरुषों की टीमें मराठी वल्चर्स, भोजपुरी लेपड्र्स, तेलुगु पैंथर्स, तमिल लायंस, पंजाबी टाइगर्स और हरियाणवी शार्क्स शामिल हैं। जीआई-पीकेएल ने अपनी टैगलाइन कबड्डी की नई जंग भी जारी की, जो पुरुषों और महिलाओं को एक बैनर के तहत लाकर और समान शर्तों पर प्रतिस्पर्धा करके खेल को फिर से परिभाषित करने के लीग के मिशन का प्रतीक है। प्रत्येक फ्रेंचाइजी के पास एक पुरुष और एक महिला टीम होगी। इस महीने की शुरूआत में, ग्लोबल प्रवासी कबड्डी लीग (जीपीकेएल) ने इंडियन प्रीमियर कबड्डी लीग (आईपीकेएल) के साथ अपने विलय की घोषणा की।

## दक्षिण अफ्रीका पहली बार विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में

**सेंचुरियन।** दक्षिण अफ्रीका ने रविवार को सेंचुरियन में पहले टेस्ट में पाकिस्तान पर दो विकेट से रोमांचक जीत के बाद विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है। सेंचुरियन में बॉक्सिंग डे टेस्ट की शुरूआत से पहले, दक्षिण अफ्रीका अगले साल लॉर्ड्स में होने वाले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल के लिए स्टैंडिंग में शीर्ष पर था। पाकिस्तान के खिलाफ जीत ने सुनिश्चित किया कि वे अपने पहले डब्ल्यूटीसी फाइनल में जगह बनाने के लिए शीर्ष दो में रहेंगे। घरेलू मैदान पर श्रीलंका के खिलाफ 2-0 से सीरीज जीतने के बाद प्रोटियाज पहले ही डब्ल्यूटीसी स्टैंडिंग में शीर्ष पर थे। चल रहे चक्र में 11 टेस्ट खेलने के बाद, दक्षिण अफ्रीका ने सात जीत और 66.67 अंक प्रतिशत हासिल किए हैं। भारत के खिलाफ घरेलू मैदान पर ड्रॉ सीरीज के साथ मौजूदा दौर की शुरूआत करने के बाद, न्यूजीलैंड के हाथों क्लीन स्वीप करने के बाद, प्रोटियाज ने वेस्टइंडीज और बांग्लादेश के खिलाफ घरेलू मैदान से बाहर प्रभावशाली जीत के साथ वापसी की।

# व्यापार/लाइफ व साइंस

## ई-कॉमर्स कंपनी स्नैपडील को वित्त वर्ष 24 में हुआ 160 करोड़ रुपये का नुकसान

**नई दिल्ली(आईएएनएस)।** ई-कॉमर्स कंपनी स्नैपडील को वित्त वर्ष 24 में 160.38 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है, जो कि वित्त वर्ष 23 में 282.20 करोड़ रुपये था। इसके अलावा का वित्त वर्ष 24 में कंपनी का एबिटा नुकसान 88 प्रतिशत कम होकर 16 करोड़ रुपये रह गया है। यह वित्त वर्ष 23 में 144 करोड़ रुपये था।

कंपनी के नुकसान में कमी आने की वजह खर्च में गिरावट आना है। वित्त वर्ष 24 में कंपनी का कुल खर्च 540.76 करोड़ रुपये रहा है, जो कि वित्त वर्ष 23 में 687.93 करोड़ रुपये था। वित्त वर्ष 24 में कंपनी का कर्मचारी खर्च सालाना आधार पर 48.5 प्रतिशत घटकर 158.4 करोड़ रुपये रह गया है। यह वित्त वर्ष 23 में 307.53 करोड़ रुपये था। इस दौरान कंपनी का विज्ञापन खर्च सालाना आधार पर 23.5 प्रतिशत घटकर 70.37 करोड़ रुपये रह गया है।

स्नैपडील की परिचालन से आय वित्त वर्ष 24 में 2.1 प्रतिशत बढ़कर 379.76 करोड़ रुपये हो गई है, जो कि वित्त वर्ष 23 में 371.96 करोड़ रुपये थी।

कंपनी की आय में सबसे बड़ा 252.55 करोड़ रुपये का योगदान मार्केट सर्विसेज का है। हालांकि, इसमें वित्त वर्ष 23 के मुकाबले सालाना आधार पर 9.6 प्रतिशत कमी आई है। वित्त वर्ष 24 में कंपनी की इनेबलमेंट आय सालाना आधार पर 14.8 प्रतिशत बढ़कर 103.36 करोड़ हो गई है। पिछले वित्त वर्ष में कंपनी की अन्य मदों से आय 8 गुना बढ़कर 23.85 करोड़ रुपये हो गई है।

स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग के अनुसार, स्नैपडील ने यूनिकॉमर्स में अपनी हिस्सेदारी कम कर दी है। कंपनी को आईपीओ से पहले मई-जून 2024 के दौरान 3.4 प्रतिशत हिस्सेदारी की सेकेंडरी सेल से 33 करोड़ रुपये प्राप्त हुए थे और अगस्त 2024 में आए आईपीओ में ऑफर फॉर सेल के तहत 9.2 प्रतिशत हिस्सेदारी बिक्री से 81 करोड़ रुपये प्राप्त हुए थे।




## नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर अगले साल मई से उड़ान भर पाएंगे यात्री : एयरपोर्ट अधिकारी



**नवी मुंबई(आईएएनएस)।** नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट (एनएमआईए) पर रविवार को पहली कमर्शियल उड़ान के सफल ट्रायल को एयरपोर्ट के अधिकारियों ने ऐतिहासिक बताया और कहा मई 2025 से यात्रियों के लिए यहां से विमान सेवा शुरू हो जाएगी।

आईएएनएस से बातचीत करते हुए अदाणी एयरपोर्ट होल्डिंग के सीईओ अरुण बंसल ने कहा, नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर कमर्शियल फ्लाइट उतरना ऐतिहासिक है। अब हम एयरपोर्ट शुरू करने की दिशा में एक कदम और आगे बढ़ गए हैं। हम एयरपोर्ट के पहले टर्मिनल का उद्घाटन 17 अप्रैल, 2025 के करीब करेंगे और इसके करीब एक महीने बाद मई में इस पर कमर्शियल ऑपरेशन शुरू हो जाएंगे। पहले टर्मिनल की क्षमता करीब 2 करोड़ यात्री प्रतिवर्ष होगी।

उन्होंने कहा, भारत का एविएशन मार्केट यहां से 5 गुना हो जाएगा। इसके कारण देश में ऐसे ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट्स का होना जरूरी है। इससे हजारों नौकरियों के भी अवसर पैदा होंगे। बंसल के मुताबिक, सभी चरणों का काम पूरा होने के बाद इसकी क्षमता 9 करोड़ यात्री प्रतिवर्ष की होगी। साथ ही एयरपोर्ट पर 30 लाख टन कार्गो प्रति वर्ष संभालने की क्षमता भी विकसित की जा रही है। इसमें से 8 लाख टन क्षमता पहले चरण में शुरू हो जाएगी। सिडको के एमडी विजय सिंघल ने कहा कि इस एयरपोर्ट की कनेक्टिविटी काफी अच्छी है।

## मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट पर तेजी से चल रहा कार्य : केंद्र

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट पर काम तेजी से चल रहा है, जिसके तहत 13 नदियों और कई राजमार्गों पर पुल बनाए जा रहे हैं। इसमें कई रेलवे लाइनों को सात स्टील और प्रीस्ट्रेस्ड कंक्रीट पुलों के माध्यम से पार किया जाएगा। यह जानकारी भारतीय रेलवे द्वारा वार्षिक समीक्षा में दी गई।

रेलवे द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक, प्रोजेक्ट के अंतर्गत 243 किलोमीटर से अधिक पुल निर्माण का कार्य पूरा हो चुका है, साथ ही 352 किलोमीटर पियर कार्य और 362 किलोमीटर पियर नींव का कार्य भी पूरा हो चुका है।



गुजरात में ट्रैक निर्माण का काम तेजी से चल रहा है, आनंद, वडोदरा, सूरत और नवसारी जिलों में आरसी ट्रैक बेड का निर्माण कार्य हो रहा है। लगभग 71 किलोमीटर आरसी ट्रैक बेड का निर्माण पूरा हो चुका है और वायडक्ट पर रेल की वेल्डिंग शुरू हो गई है।

महाराष्ट्र में मुंबई बुलेट ट्रेन स्टेशन के लिए पहला कंक्रीट बेस स्लैब 32 मीटर की गहराई पर सफलतापूर्वक डाला जा चुका है, जो 10 मंजिला इमारत के बराबर है। बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स (बीकेसी) और शिल्पाता के बीच 21 किलोमीटर लंबी सुरंग पर काम चल रहा है, जिसमें मुख्य सुरंग निर्माण की सुविधा के लिए 394 मीटर की इंटरमीडिएट सुरंग (एडीआईटी) पूरी हो चुकी है।

पालघर जिले में न्यू ऑस्ट्रियन टनलिंग मेथड (एनएटीएम) का उपयोग करके सात पर्वतीय सुरंगों का निर्माण कार्य प्रगति पर है। गुजरात में एकमात्र पर्वतीय सुरंग पहले ही सफलतापूर्वक पूरी हो चुकी है। समीक्षा में कहा गया है कि इस कॉरिडोर पर 12 स्टेशन हैं, जिन्हें थीम आधारित एलीमेंट्स और ऊर्जा-कुशल सुविधाओं के साथ डिजाइन किया गया है और इनका निर्माण चल रहा है। ये यूजर फ्रेंडली और ऊर्जा-सकारात्मक स्टेशन विश्व स्तरीय यात्री अनुभव प्रदान करने के लिए डिजाइन किए गए हैं, साथ ही इनमें सस्टेनेबिलिटी को प्राथमिकता भी दी गई है।

# बिरसा मुंडा फन पार्क में पौष मेला का समापन



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** बिरसा मुंडा फन पार्क में रविवार को पौष मेला का समापन हो गया। लोगों के स्वागत के लिए मुख्य द्वार के सामने तीन स्थानों पर एक जोड़ा बैल रखा गया था। जो लोगों को मेला में प्रवेश करते ही दिखाई दे रहा था। संध्या पांच बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम शुरू हुआ। जहां 32 कलाकारों ने अपनी प्रतिभा दिखायी। मेला में तीन कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए। पुरलिया के ललित महतो ने छऊ नृत्य प्रस्तुत किया। जो दर्शकों का मन मोह लिया। कोलकाता से आए गिल डांस ग्रुप म्यूजिक के साथ बहुत ही खूबसूरत नृत्य प्रस्तुत किया। इसमें कुल 14 कलाकारों ने भाग लिया। 10 महिला और तीन पुरुष शामिल थे। कोलकाता से आई गायिका अर्पिता चटर्जी मैं माटी का संगीत प्रस्तुत की। झूमर, भाटियाली, पोल्ली गीति इत्यादि संगीतों से परिसर संगीतमय हो गया। मालूम हो कि अर्पिता चक्रवर्ती पुष्पा टू का फिल्म में बंगाली भाषा में अपनी गीत दी है।

### बच्चों में दिखा पेंटिंग्स प्रतियोगिता का जोश

मेला के मुख्य स्टेज को सूप में ड्राइंग किया गया था। जिसमे छऊ नृत्य का मुखौवटा दुर्गा मां, शिव, महिषासुर, गणेश, टोकरी व पंखा समेत अन्य चीजों को शामिल किया गया। 12:30 बजे चित्रांकन प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें तीन ग्रुप बनाया गया था। जिसमें ए ग्रुप, बी ग्रुप औ? सी ग्रुप बनाया गया था। इसमें छोटे से लेकर बडें लोगों ने हिस्सा लिया। मेले में कुल 20 स्टॉल लगाये गये। जिसमें पारंपरिक परिधानों और अलंकार का स्टॉल लगाया गया।

### मेला में बिका पारंपरिक भोजन

पौष मेला में लोगों को आनंद दिलाने के लिए विभिन्न प्रकार की पारंपरिक व्यजन का व्यवस्था की गयी। जिसमें पीठा, गोकुल पीड़ा, पाटी साफटा, खीर, गंधराज पनीर टिक्का, गंधराज चिकन टिक्का, पोस्ट चिकन, मटन मुगलई पराठा, राधा पल्लवी, रसगुल्ला, चुसी पीड़ा शामिल था। 15 नम्बर स्टॉल में क्रषि निदेशालय झारखंड द्वारा विभिन्न प्रकार की पालन योग्य मछलियां रखी गयी थी।

इसमें 5200 सौ से अधिक मछलियां थी। इसमें दस से 15 प्रकार की छोटी-छोटी मछलायां थी। जो कांच के बोतल में तैरता नजर आ रहा था। जिसमें गोल्ड फीस, बेटा फीस, ब्लैक मोली, टाइगर बार, मयोन टेरटा, ज्योग्राफिक, गोल्ड फीस व ओस्कर,समेत अन्य शामिल हैं। मौके पर सुप्रीयो भटाचार्य, राजा घोष, अमित दास, सुब्रो ज्योति चटर्जी, प्रदीप चक्रवती, सोमजीत दता, संजीब बोस, सुब्रोतो, गौतम साहा, देवराज सेन गुप्ता समेत अन्य मौजूद थे।

## राष्ट्रीय खादी एवं सरस महोत्सव मेला

# पापड़, लड्डू की मांग बढ़ी, एक स्टॉल से हुई 4 लाख की बिक्री

- *दसवें दिन मेले में पहुंचे 24 हजार लोग*
- *पारंपरिक व्यंजनों का भी स्वाद लोगों को भा रहा है*




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राष्ट्रीय खादी एवं सरस महोत्सव मेला में पापड़, लड्डू की मांग बढ़ी है। एक स्टॉल से चार लाख तक की बिक्री हो रही है जिसमें पचास प्रतिशत तक का फायदा हो रहा है। इस संबंध में गुमला जिले की अनीता देवी बताती हैं कि अचार, पापड़, लड्डू की अच्छी बिक्री हो रही है। वहीं हस्तकरघा रेशम एवं हस्तशिल्प निदेशालय के स्टॉल में भागलपुर, असम, गुजरात, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश के हैंडलूम के कपड़े एवं ब्लॉक प्रिंटिंग की साड़ी, सूट, दुपट्टा, फैब्रिक इत्यादि के स्टॉल में महिलाओं की भारी भीड़ देखी जा रही है। झारखंड माटी कला बोर्ड के स्टॉल में मिट्टी के आकर्षण बर्तन, टेराकोटा ज्वेलरी, टेराकोटा हैंगिंग बेल इत्यादि की बिक्री भी खूब हो रही है। बुजुर्गों को मेला घूमने के लिए निशुल्क ई-रिक्शा की व्यवस्था की गई है। महोत्सव परिसर में छोटे शिशुओं को स्तनपान कराने के लिए बेबी फीडिंग रूम की व्यवस्था है। वहीं खाना खजाना फूड कोर्ट में तरह-तरह के स्वादिष्ट व्यंजन जैसे मडुवा का छिलका, चावल का छिलका, देसी पीठा, पकौड़ी पारंपरिक व्यंजन का स्वाद लोगों को भा रहा है।

## एक नजर

### नवनिर्वाचित विधायकों को राजद रांची महानगर करेगा सम्मानित

**रांची।** विधानसभा चुनाव 2024 में राजद के जीते हुए चार विधायकों को रांची महानगर राजद सम्मानित करेगा। रांची महानगर द्वारा नए साल में 12 जनवरी को कोकर के ब्लेसिंग बैंक्वेट हॉल में एक स्वागत और सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी पूर्व महानगर अध्यक्ष अर्जुन यादव ने रविवार को प्रेस बयान जारी कर दी है। उन्होंने बताया कि समारोह में जिन नवनिर्वाचित विधायकों को सम्मानित किया जाएगा, उनमें श्रम एवं उद्योग मंत्री संजय प्रसाद यादव, प्रदेश राजद अध्यक्ष संजय कुमार सिंह यादव, सुरेश पासवान और नरेश प्रसाद सिंह शामिल हैं।

### डॉ प्रदीप वर्मा बने प्रदेश चुनाव अधिकारी

**रांची।** भाजपा के राष्ट्रीय चुनाव अधिकारी डॉ के लक्ष्मण ने झारखंड के चुनाव अधिकारी और सह चुनाव अधिकारी की घोषणा करते हुए पत्र जारी किए हैं। प्रदेश महामंत्री एवं सांसद डॉ प्रदीप वर्मा को झारखंड का चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया है। जबकि प्रदेश मंत्री गणेश मिश्र, सुनीता सिंह एवं दुर्गा मरांडी को सह चुनाव अधिकारी बनाया गया है।

### स्नैक बाइट को लेकर राज्य टीओटी प्रशिक्षण कार्यक्रम

**रांची।** राज्य के सभी 24 जिलों के एमओआईसी और चिकित्सा अधिकारियों के लिए स्नैक बाइट के नैदानिक प्रबंधन पर राज्य स्तरीय टीओटी प्रशिक्षण हुआ। इसमें रिसोर्स पर्सन के रूप में रिम्स मेडिसिन विभाग के डॉ सुजीत और डॉ आरिफ ने भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान सांप के काटने के बाद आए मरीज के लिए प्रबंधन की तरफ से प्रारंभिक प्रोटोकॉल पर जोर दिया। सांप काटने के बाद क्या करें और क्या न करें पर समुदाय के साथ चर्चा पर जोर दिया, ताकि सांप के काटने की रोकथाम पर काम किया जा सके।

## गुजरात में राष्ट्र कथा शिविर में शामिल हुए रक्षा राज्य मंत्री, कहा

# भारतीय ज्ञान, विज्ञान व अध्यात्म के प्रसार को संकल्पित हैं हम

- *शिविर के युवाओं से आह्वान : भारत को सुपर पावर नहीं, विश्व गुरु बनाने के लिए काम करें*



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** गुजरात के राजकोट में प्रत्येक वर्ष आयोजित राष्ट्रकथा शिविर में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ शामिल हुए। यह शिविर 10 दिनों तक चलता है, जिसमें देश के विभिन्न हिस्सों से लगभग 2 लाख से अधिक विभिन्न क्षेत्रों के विद्वान, शोधार्थी, विद्यार्थी और शिक्षक शामिल होते हैं। प्राचीन भारतीय ज्ञान, विज्ञान और अध्यात्म की परिचर्चा के लिए आयोजित यह शिविर पिछले 25 वर्षों से आयोजित हो रहा है।

इस कार्यक्रम आज रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ शामिल हुए और सबसे संवाद किया। श्री सेठ ने कहा कि राष्ट्र के इस महायज्ञ में शामिल होकर खुद को कृतार्थ महसूस कर रहा हूं। इसके आयोजक स्वामी धर्मबंधु जी के द्वारा विद्वानों के सानिध्य में आयोजित राष्ट्रकथा शिविर राष्ट्र के जागरण का बड़ा माध्यम है। जिसमें देश भर के लाखों विद्यार्थी और शिक्षक भाग लेते हैं। यह शिविर भारत के ऐतिहासिक गौरव का बोध कराने के उद्देश्य से आयोजित होता है, जहां ज्ञान-विज्ञान के साथ ही भारत की प्राचीन सभ्यता और संस्कृति पर विस्तृत परिचर्चा होती है। उन्होंने इस परिचर्चा में सबसे आह्वान किया कि भारत पुनः विश्व गुरु के पद पर प्रतिष्ठित हो, इसके लिए हम साथ मिलकर काम करें। हमें सुपर पावर, सुपर इकोनामिक पावर, सुपर न्यूक्लियर पावर नहीं बनना है; हमें विश्वगुरु बनना है, जो दुनिया को मार्गदर्शन दे। हमें अहंकार के साथ नहीं जीना है, हमें विश्व बंधुत्व के भाव से दुनिया को मार्गदर्शन देना है। भारत के प्राचीन ज्ञान और विज्ञान का प्रसार दुनिया में हो, इसके लिए हमें काम करना है। विकसित भारत के लिए काम करना है।

रक्षा राज्य मंत्री ने कहा कि इस शिविर में हर वर्ग से उमड़ा समूह भारत का प्राचीन गौरव फिर से लौटाने को कृत संकल्पित है। स्वामी धर्मबंधु जी के मार्गदर्शन में यह संकल्प पूर्ण होगा। ज्ञान, विज्ञान, आध्यात्म; हर क्षेत्र में भारत दुनिया का मार्गदर्शक बनेगा और हम सब उसके वाहक बनेंगे।

शिविर में केरल उच्च न्यायालय के न्यायाधीश श्री बसंत बालाजी, प्रधानमंत्री आर्थिक सलाहकार परिषद के सदस्य श्री संजीव सानयाल, रिटायर्ड मेजर जनरल जीडी बक्शी, केरल के विधायक श्री सीजी राजगोपालाचारी की गरिमामय उपस्थिति रही।

### कार्निवल में जेसीबी के ऊपर चढ़कर सेल्फी का रहा क्रेज

**रांची।** एक्वा वर्ल्ड कार्निवल में वर्ष के अंतिम रविवार को लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। लोगों ने देर शाम तक विभिन्न कार्यक्रमों और प्रतियोगिताओं का आनंद लिया। ऊंची वाली सेल्फी प्रतियोगिता में जेसीबी के ऊपर चढ़कर सेल्फी लेने का क्रिज दिखा। युवाओं और महिलाओं ने जेबीसी पर 25 फीट ऊपर जाकर सेल्फी ली। इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए लोगों की लाइन लगी रही। मुख्य आकर्षण धूम मचा दे ग्रुप डांस प्रतियोगिता थी। विभिन्न ग्रुपों ने साकी साकी, मैं नहीं तो कौन रे, बम-बम भोले, चांद ढलता नहीं आदि गीतों पर लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। इससे पहले कार्यक्रम की शुरूआत बेस्ट ड्राइंग प्रतियोगिता से हुई। उसके बाद दंगल टाइम हुआ। बेस्ट साड़ी कंपीटिशन का आयोजन किया गया, जिसमें महिलाओं ने स्टेज पर रैंप वॉक करके अपनी साड़ी की नुमाइश की। सबसे ज्यादा भीड़ चॉकलेट ईटिंग कंपीटिशन में हुई। यह सभी वर्गों के लिए रखा गया। लोगों को कम समय में ज्यादा से ज्यादा चॉकलेट खाने की चैलेंज था। फैंसी ड्रेस का भी आयोजन था, जिसमें बड़ी संख्या में बच्चे अलग-अलग वेशभूषा पहनकर आए थे।

## न्यूज बॉक्स

### आर्थिक सुधारों के जनक थे डॉ. मनमोहन सिंह : कमलेश



**रांची।** पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के निधन पर गुरु सिंह सभा गुरुद्वारा, मेनरोड में रविवार को शोक सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर झारखंड सिख फेडरेशन की ओर से विशेष दीवान सजाया गया। शोकसभा के बाद आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि स्व. मनमोहन सिंह आज देश में बह रही आर्थिक सुधारों के जनक थे। बतौर वित्त मंत्री और फिर प्रधानमंत्री के रूप में उन्होंने देश में गिरती हुई अर्थव्यवस्था को ही नहीं संभाला, बल्कि कई अन्य क्षेत्रों में अभूतपूर्व सुधार कर नई योजनाएं प्रारंभ की। देश में बढ़ते राजस्व घाटे को उन्होंने रोक कर उसमें नई जान फूंकी। झारखंड अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष एवं फेडरेशन के महासचिव ज्योति सिंह मथारु ने कहा कि स्व सिंह ने सूचना, शिक्षा, भोजन का अधिकार, मनरेगा तथा आधार कार्ड जैसे पांच क्रांतिकारी कार्यक्रम प्रारंभ किए। सभा को गगनदीप सेठी, परमजीत सिंह टिंकू ने भी संबोधित किया। मंच संचालन प्रोफेसर हरविंदर वीर सिंह ने किया। इस अवसर पर फेडरेशन के अध्यक्ष अमरजीत सिंह धूरा, गुरुद्वारा गुरमीत सिंह, मार्केटिंग बोर्ड के अध्यक्ष रविंद्र सिंह, युवा आयोग अध्यक्ष कुमार गौरव, उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक आयोग शमशेर आलम, सतीश पॉल मुंजनी, कमल ठाकुर, विनय सिन्हा दीपू, अरुण चावला, हरजीत सिंह स्विंकी, प्रीतपाल सिंह, गोल्डी सिंह, जयदीप चड्ढा, रंजीत सिंह, ऋषि छाबड़ा, त्रिलोचन अकाली, कुलवंत सिंह, राजेंद्र सिंह सहित बड़ी संख्या में महिलाएं एवं अन्य उपस्थित थे।

### बिल्ली की मौत पर केस दर्ज पोस्टमॉर्टम कराने की मांग

**रांची।** राजधानी रांची से एक हैरान करने वाला मामले सामने आया है। यहां बहु बाजार निवासी सत्य नारायण शर्मा की बेटी कीर्ति और नम्रता शर्मा ने लोअर बाजार थाना में बिल्ली और उसके बच्चों की हत्या मामले में केस दर्ज कराया है। थाना में दिए आवेदन में बताया गया है कि बिल्ली और उसके 4 बच्चों के साथ उनका परिवार के जैसा रिश्ता था। लेकिन रात में किसी ने उनकी बाउंडरी पर खाने में जहर मिलाकर रख दिया। जिसे खाकर बिल्ली के 3 बच्चे तड़प-तड़प कर मर गए। युवती ने बताया कि बिल्ली के मुंह से झाग निकलता देख वह उन्हें लेकर पशु चिकित्सक के पास गई, जहां चिकित्सक ने बिल्ली के बच्चों को मृत घोषित कर दिया। पशु चिकित्सक ने बताया कि बिल्लियों को कड़ा जहर दिया गया है। इस मामले में युवती ने कहा है कि बिल्ली और उसका एक अन्य बच्चा भी सुबह से गायब है। उसने संभावना जतायी है कि वो दोनों भी शायद मर गए होंगे। इस मामले में युवती ने घर से कुछ दूरी पर रहने वाले कमल महतो के भाई पर हत्या करने की शंका व्यक्त की है। इसके साथ ही उसने मृत बिल्लियों का पोस्टमॉर्टम करवाने की भी मांग की है।

### झारखंड जर्नलिज्म अवार्ड्स के लिए नामांकन 15 जनवरी तक

**रांची।** रांची प्रेस क्लब और आरबीएस वैदिक ट्रस्ट की ओर से झारखंड जर्नलिज्म अवार्ड्स 2024 का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए राज्य भर के पत्रकारों से आवेदन आमंत्रित किया गया है। तीन श्रेणी में पत्रकार सम्मान के लिए 15 जनवरी तक करमटोली चौक के पास स्थित प्रेस क्लब में आवेदन जमा लिया जाएगा। आवेदन का प्रारुप रांची प्रेस क्लब की वेबसाइट से या फिर कार्यालय से हासिल किया जा सकता है। आयोजन कमेटी द्वारा बनाई गई सात सदस्यीय निर्णायक मंडली लाइफ टाइम अचीवमेंट, बेस्ट रिपोर्टर और बेस्ट फोटोग्राफी अवार्ड के लिए नामित प्रतिभागियों में से अंतिम तीन का चयन करेगी। निर्णायक मंडली में वरिष्ठ पत्रकार बैजनाथ मिश्र, सोनाली दास, रांची विवि के कुलपति प्रो अजीत कुमार सिन्हा, रिटायर्ड आईएएस रणेंद्र कुमार, रांची प्रेस क्लब के अध्यक्ष सुरेंद्र लाल सोरेन, महासचिव अमरकांत और ट्रस्ट के अध्यक्ष नित्यानंद शुक्ला शामिल हैं। आयोजन कमेटी की रविवार को हुई बैठक में अवार्ड को लेकर चर्चा हुई।

### आचार्य किशोर कुणाल का निधन अपूरणीय क्षति : डॉ लंबोदर महतो



**रांची।** आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव एवं पूर्व विधायक डॉ लंबोदर महतो ने श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट अयोध्या के संस्थापक सदस्य, महावीर मंदिर न्यास पटना के संस्थापक सचिव एवं भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी रहें आचार्य किशोर कुणाल के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि आचार्य किशोर कुणाल सामाजिक एवं धार्मिक क्षेत्र में जहां कई कार्यो को किया है। वहीं दलितों एवं पिछड़ों के हित में भी कार्य किया है। उनका निधन सामाजिक व धार्मिक क्षेत्र में अपूरणीय क्षति है। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करने और शोकाकुल परिजनों को धैर्य रखने की शक्ति प्रदान करने प्रार्थना की।

# बदलते भारत की गाथा है मन की बात कार्यक्रम : बाबूलाल



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रत्येक महीने के अंतिम रविवार को दूरदर्शन एवं रेडियो पर किया गया मन की बात संबोधन अत्यंत प्रेरणादायी, महत्वपूर्ण जानकारियों से परिपूर्ण संबोधन होता है। श्री मरांडी रविवार को मन की बात कार्यक्रम के 117वें एपिसोड के प्रसारण सुनने के बाद कही। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम भारत की सांस्कृतिक विरासत, परंपराओं को संजोए हुए, उसकी गौरव गाथाओं के साथ सभी क्षेत्रों में भारत की प्रगति,बढ़ते भारत और बदलते भारत की झलक होता है।कहा कि आगामी 14जनवरी से प्रयागराज में लग रहे कुंभ में दिखने वाली भारत की एकता और श्रेष्ठता को समाज जीवन में लगातार बनाए रखने की आवश्यकता है। हमारी विविधताएं देश की कमजोरी नहीं बल्कि विशिष्टता है, विशेषता है। यह देश विविधता में एकता का जीता जगता उदाहरण है। कहा कि भारत के प्रत्येक नागरिक को प्रधानमंत्री के आह्वान पर निरंतर चलते हुए एक भारत, श्रेष्ठ भारत के निर्माण में योगदान करने केलिए संकल्पित होना चाहिए। उन्होंने कहा कि देश की युवा शक्ति की विश्व पटल पर बढ़ती ताकत, भारत की प्रतिभाओं को मिलता सम्मान भारत को विश्व की अगुवाई केलिए तैयार कर रहा।

# लोक सेवा समिति ने कई को किया झारखंड रत्न से सम्मानित



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** लोक सेवा समिति ने अपनी 33वीं वर्षगांठ पर नई दिल्ली के यएमसीए सभागार में एक राष्ट्रीय सामाजिक शिखर सम्मेलन का आयोजन किया। इस सम्मेलन में देश में नशा और धार्मिक हिंसा की बढ़ती समस्या पर चर्चा हुई और इन समस्याओं का समाधान निकालने के लिए सामाजिक लोगों की जिम्मेदारी पर जोर दिया गया। सम्मेलन में कई प्रतिष्ठित हस्तियों को झारखंड रत्न और राष्ट्रीय सम्मान-2024 से सम्मानित किया गया, जिनमें पप्पू यादव सांसद, डॉ. हनुमान प्रसाद शर्मा, आलोक मिश्री, नियोल फिलिप, हुजाइफा वस्तानवि, गुरु के सी दास, वालि मोहम्मद भट, रुखसाना प्रवीन, शबाना आजमी, कनीज फतमा, डॉ. हुमा मेराज खान और किशोरी राणा शामिल थे। मुख्य अतिथि और विशिष्ट मुख्य अतिथि ने लोक सेवा समिति की 33 वर्षों की सामाजिक सेवा की सराहना की और समिति के कार्य में सहयोग करने की बात कही। समिति के डॉ. टीए सिद्दीकी, हेमलता मिंज, गंगा राम, डॉ. मोहन बरैक और अंजारुल बरी को भी सरहानीय सहयोग पर सम्मानित किया गया। समारोह में प्रो. सलीम, इंजीनियर मोहम्मद खालिद खाँ, डॉ. बलराज सिंह, नियोल फिलिप, डॉ. जय प्रकाश गुप्ता और अनस बिन नौशाद शामिल थे। लोक सेवा समिति की दिल्ली प्रदेश चैप्टर संरक्षक आलोक मिश्री ने स्वागत भाषण दिया। संस्थापक अध्यक्ष मोहम्मद नौशाद खान ने 33 वर्षों की उपलब्धियों पर रिपोर्ट पेश की और सभी सदस्यों और सहयोगियों का शुक्रिया अदा किया। उन्होंने कहा कि समिति सामाजिक कार्यों और देश सेवा के लिए समर्पित रहेगी।

## पृष्ठ एक के शेष

**मुख्यमंत्री के निर्देश पर कैमरून में...**
झारखण्ड पहुंचने पर श्रम विभाग के सचिव मुकेश कुमार के निर्देश पर विभागीय अधिकारियों ने श्रमिकों का स्वागत बिरसा हवाई अड्डे पर किया। विभागीय सचिव द्वारा इन श्रमिकों का पारिवारिक विवरण संग्रह कर सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से संबद्ध करने का निर्देश सभी संबंधित श्रम अधीक्षकों को दिया है।

**संविधान हमारे लिए...**
मदद से आप महाकुंभ 2025 में विभिन्न घाटों, मंदिरों और साधुओं के अखाड़ों तक पहुंच सकेंगे। यही नेविगेशन सिस्टम आपको पार्किंग स्थलों तक पहुंचने में भी मदद करेगा। पूरे मेला क्षेत्र को एआई संचालित कैमरों से कवर किया जा रहा है। कुंभ के दौरान अगर कोई अपने परिजनों से बिछड़ जाता है तो ये कैमरे उसे ढूंढने में मदद करेंगे। श्रद्धालुओं को डिजिटल खोया-पाया केंद्र की सुविधा भी मिलेगी।

**हाथियों के झुंड ने...**
के बाद हाथियों से मौत की संख्या आठ हो गयी। इसके पूर्व हाथियों के झुंड ने इस वर्ष में सात लोगों की जान ले ली है इनमें बलिगढ़ के नागेश्वर सिंह, परारो के सुभाष सिंह, महरु डीलर, जोन्हीखांड़ में चुटिया के रामशकल सिंह, बैरिया की स्वाति मिंज व रमकंडा के ऊपरटोला निवासी सीताराम मोची सहित अन्य शामिल है।

**अब लातेहार जिले से होकर...**
सासाराम, भभुआ रोड, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, मीरजापुर, प्रयागराज के रास्ते टुंडला तक जाएगी। यह ट्रेन लातेहार के टोरी, बरवाडीह रेलवे स्टेशन पर रूकेगी। कुंभ स्पेशल ट्रेन की जानकारी रेलवे के हाजीपुर जोन के मुख्य जनसंपर्क पदाधिकारी सतीश चंद्र ने साझा की है। वहीं रेलवे की ओर से एक और जानकारी साझा की गई है कि बरकाकाना-वाराणसी और वाराणसी- बरकाकाना पैसेंजर ट्रेन जो स्पेशल होकर चलती थी अब सामान्य हो गई है। 03359 बरकाकाना-वाराणसी पैसेंजर ट्रेन का नंबर अब 63557 हो गया है, वहीं वाराणसी-बरकाकाना पैसेंजर ट्रेन 03370 अब 63358 हो गई है।

**रांची के तमाड़ में सड़क हादसा...**
जमशेदपुर से जोन्हा फॉल के लिए निकले थे। इसी बीच सड़क हादसे के शिकार हो गए। परिजनों को हादसे की सूचना दे दी गयी है। वे तमाड़ के लिए निकल चुके हैं। परिजनों के आने के बाद ही इनकी विस्तृत जानकारी मिल सकेगी।

**महावीर मंदिर न्यास के सचिव...**
से भाग लिया। वे बिहार राज्य धार्मिक न्यास बोर्ड के अध्यक्ष और पटना के प्रसिद्ध महावीर मंदिर न्यास के सचिव के रूप में कार्यरत थे। उनकी सेवा और योगदान से समाज में महत्वपूर्ण बदलाव आए। किशोर कुणाल के जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा सामाजिक और धार्मिक कार्यों से जुड़ा हुआ था। वे अयोध्या मंदिर ट्रस्ट के संस्थापकों में से एक थे और बाबरी मस्जिद विवाद में मध्यस्थ की भूमिका भी निभाई थी। किशोर कुणाल का जन्म 10 अगस्त 1950 को हुआ था। उनकी प्रारंभिक शिक्षा मुजफ्फरपुर जिले के बरुराज गांव में हुई थी। इसके बाद उन्होंने पटना विश्वविद्यालय से इतिहास और संस्कृत का अध्ययन किया और 1970 में स्नातक की डिग्री प्राप्त की। उन्होंने 1983 में मास्टर डिग्री भी प्राप्त की। उसके बाद पुलिस सेवा से जुड़ गए और तमाम बड़े पदों पर अपनी सेवाएं दी। पूर्व आईपीएस अधिकारी किशोर कुणाल बिहार सरकार में मंत्री अशोक चौधरी के समधि भी थे। अशोक चौधरी की बेटी शांभवी की शादी किशोर कुणाल के बेटे से हुई थी।

**दक्षिण कोरिया विमान...**
रहा। दूसरी बार उतरने के प्रयास के दौरान इसे बेली लैंडिंग की स्थिति में इमरजेंसी में उतारा गया, लेकिन विमान जमीन पर पहुंचते ही टूटकर टुकड़ों में बिखर गया। दुर्घटना स्थल पर धुएं का घना गुबार उठता दिखाई दिया। विमान के टकराने के तुरंत बाद जोरदार धमाका हुआ और यह आग की चपेट में आ गया। हादसे की भयावहता को दिखाने वाले वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि विमान फिसलते हुए एक बाड़ से टकराया और उसमें तुरंत आग लग गई। राहत और बचाव कार्य जारी है, लेकिन यह हादसा दक्षिण कोरिया के सबसे भीषण विमान दुर्घटनाओं में से एक माना जा रहा है।

**विमान हादसे पर भारत ने दुख जताया :** सिओल। भारत ने रविवार को दक्षिण कोरिया के मुआन शहर में हुए विमान हादसे पर गहरा दुख जताया। सिओल में भारत के राजदूत अमित कुमार ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, ह्यआज मुआन हवाई अड्डे पर हुए दुखद विमान हादसे की खबर सुनकर हम बेहद दुखी हैं। हम शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदनाएं व्यक्त करते हैं। भारतीय दूतावास इस कठिन समय में दक्षिण कोरिया की सरकार और जनता के साथ खड़ा है।

**जेजू एयर एयरलाइन ने घटना पर मांगी माफी :** सिओल। हादसे के बाद, जेजू एयर एयरलाइन ने माफी मांगी और कहा कि वे हरसंभव मदद करेंगे। एयरलाइन ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए एक बयान में कहा, ह्लहम इस तरह के हादसों को भविष्य में रोकने के लिए अपनी पूरी कोशिश करेंगे। एयरलाइन ने इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना के लिए फिर से माफी मांगी। हादसे के बाद, स्थानीय अधिकारियों और बचाव दल ने तत्काल राहत कार्य शुरू किया। बचे हुए लोगों को अस्पताल भेजा गया और विमान से निकाले गए शवों को सुरक्षित स्थानों पर भेजा गया।

**राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी कुमुदनी...**
प्रतिनिधित्व करते हुए राज्य के लिए कई पदक जीत चुकी कुमुद्नी कुल्लू वर्तमान में सीमा सशत्र बल में कार्यरत है और अभी भी इसी टीम से राष्ट्रीय प्रतियोताओ में भागीदारी करती है, जबकि उसके पति झारखंड पुलिस में कार्यरत है। करंगागुड़ी चर्च में धार्मिक रितिरिवाज से विवाह के उपरांत उसके घर में सारे कार्यक्रम हुए। विवाह कार्यक्रम में हॉकी सिमडेगा के अध्यक्ष मनोज कोनबेगी, पैंखरासियुस टोप्पो, टिंटस बड़ा,अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी अल्फा केरकेट्टा, जूनियर भारतीय महिला टीम की सदस्य सह कुमुदनी की छोटी बहन नीरू कुल्लू, राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी मक्सीमा एक्का, रंजिता मिंज, अल्बिना तिर्की, इभा केरकेट्टा, रेशमा सोरेंग,निक्की कुल्लू ,एलिन डुंगडुंग, रोशनी डुंगडुंग,राहुल तिर्की, समीर डुंगडुंग,सहित कई राष्ट्रीय हॉकी सामिल होकर वर वधु को आशीर्वाद और शुभकामनाएं दी। हॉकी सिमडेगा के अध्यक्ष मनोज कोणबेगी ने वर वधु को गिफ्ट स्वरूप पौधे देकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।



# नेतरहाट है छोटा नागपुर की रानी

नेतरहाट पर्यटन स्थल को छोटा नागपुर की रानी कहा जाता हैं। नेतरहाट झारखंड के लातेहार जिले में स्थित हैं। झारखंड जब भी आएं तो नेतरहाट जरूर घूमनें जाएं, झारखंड का प्राकृतिक स्थान नेतरहाट पर्यटन अपनी सुंदरता और आकर्षित कर देने वाले सनराइज और सनसेट पॉइंट के लिए पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करता हैं। नेतरहाट पर्यटन स्थल को छोटा नागपुर की रानी की संज्ञा भी दी गई हैं। नेतरहाट झारखंड के लातेहार जिले में स्थित हैं।

**छोटानागपुर की रानी :** झारखंड की धरा पर प्रकृति की सबसे खुबसूरत भेंट नेतरहाट है। जिसे छोटानागपुर की रानी के नाम से भी जाना जाता है और हिल स्टेशन ऑफ झाप के ना म से भी जाना जाता है। इस हिल स्टेशन के मनोहारी दृश्य यहां की सूर्योदय एवं सूर्यास्त का नजारा है।


**आसपास घूमने की जगहें :** सुंदर सूर्योदय और सूर्यास्त इस जगह को अपनी गर्मी और चमक से जीवंत बना देते हैं। ऐसा लगता है जैसे पूरी जगह एक उज्ज्वल, गर्म और आरामदायक कंबल में नहाया हुआ है। गंतव्य के पास देने के लिए बहुत कुछ है। यहां, हम आपके लिए नेतरहाट और उसके आसपास के कुछ प्रमुख आकर्षणों की एक अच्छी तरह से बनाई गई सूची लेकर आए हैं।

## खूबसूरत वादियों में खो जाते हैं पर्यटक




**छोटानागपुर** की रानी के टॉप पर्यटन स्थल घूमने की जानकारी नेतरहाट झारखंड के लातेहार जिले में स्थित एक पर्यटन स्थल है जिसे लोकप्रिय रूप से छोटानागपुर की रानी के नाम से भी जाना जाता है। नेतरहाट एक बेहद आकर्षक जगह है जो भारी संख्या में पर्यटकों को अपनी तरफ आकर्षित करता है। आपको बता दें कि नेतरहाट मुख्य रूप से अपने अपने सबसे अच्छे सूर्योदय और सूर्यास्त के दृश्य के लिए जाना जाता है। नेतरहाट छोटानागपुर पठार का उच्चतम बिंदु है। नेतरहाट भारत का एक ऐसा पर्यटन स्थल है जिसके बारे में बहुत कम लोग जानते हैं। यहां पर पर्यटकों की ज्यादा भीड़ नहीं होती जिसकी वजह से यहां की यात्रा करने से आपको अदभुद शांति प्राप्त होगी। नेतरहाट में आप उंचाई पर खड़े होकर कई दूर तक फैली हरियाली को देख सकते है।

## नेतरहाट घूमने के लिए क्यों है इतना खास



**नेतरहाट** एक ऐसा पर्यटन स्थल है जिसके बारे में कम ही लोग जानते हैं लेकिन यहां पर काफी पर्यटक आते हैं। छोटानागपुर की रानी में आपको अन्य पर्यटन स्थलों जैसे भीड़ देखने को नहीं मिलेगी। नेतरहाट रांची के पश्चिम में लगभग 156 किमी और डाल्टनगंज से 210 किमी की दूरी पर स्थित है। यहां जगह गर्मियों के मौसम में अपने सूर्यास्त और सूर्योदय के लिए जानी जाती है। नेतरहाट में और इसके आसपास कई पर्यटन स्थल है जहां की यात्रा के लिए आप जा सकते हैं। अगर आप किसी शांतिपूर्ण जगह की तलाश में हैं तो आपको एक बार नेतरहाट पर्यटन स्थल की यात्रा के लिए अवश्य जाना चाहिए। नेतरहाट एक ऐसी सुंदर जगह है जहा आने के बाद आप बेहद हल्का महसूस करेंगे। अगर आप अपने जीवन से उब गए हैं तो इस पर्यटन स्थल की यात्रा करने के बाद आप फिर से जीवंत महसूस करेंगे।

## खूबसूरत राष्ट्रीय उद्यान है बेतला नेशनल पार्क



**खूबसूरत** राष्ट्रीय उद्यान है जो झारखंड रांची के पश्चिम में पलामू जिले के पहाड़ी इलाके में फैला हुआ है। इस उद्यान के जंगल में आप जंगली हाथी को घूमने हुए देख सकते हैं। बेतला नेशनल पार्क कई तरह के वनस्पतियों और जीवों से भरा हुआ है जो पर्यटकों को मंत्रमुग्ध करने के लिए पर्याप्त हैं। हालांकि इस अभ्यारण्य में बाघ काफी कम मात्र में हैं। बेतला की यात्रा के दौरान आप यहां पर बाइसन, हाथी, बाघ, तेंदुए जैसे जंगली जानवरों देख सकते हैं। बेतला नेशनल पार्क नॉर्थ-ईस्ट के सबसे लोकप्रिय राष्ट्रीय उद्यानों में से एक है जो लगभग 979 वर्ग किमी के क्षेत्र में फैला हुआ है। इस अभ्यारण्य में 232 वर्ग किमी क्षेत्र मुख्य है। इस अभ्यारण्य में पर्यटक कई झरने और गर्म पानी के झरने भी देख सकते हैं।

## नेतरहाट टूरिज्म में देखने लायक जगह ऊपरी घाघरी झरने



ऊपरी घाघरी झरने नेतरहाट के प्रमुख आकर्षण में से एक है। यह झरने हरी भरी घाटी के बीच आकाश के नीचे स्थित एक बहुत खूबसूरत जगह है, जहां की यात्रा आपको जरुर करना चाहिए। अगर आप अपनी यात्रा को और भी ज्यादा खास बनाना चाहते हैं तो आपको नेतरहाट से 4 किलोमीटर दूर स्थित ऊपर घाघरी झरने की यात्रा जरुर करना चाहिए।

***नेतरहाट का प्रसिद्ध आकर्षण स्थल मैगनोलिया सनसेट पॉइंट :*** *मैगनोलिया सनसेट पॉइंट नेतरहाट की एक और अन्य खूबसूरत जगह है जहां से आप ढलते हुए सूरज के आकर्षक दृश्य को देख सकते हैं। यहां जब आप ढलते हुए सूरज को देखेंगे तो पूरा आसमान नारंगी रंग का दिखाई देता है। यहां से जब आप सूरज को गौर से देखेंगे तो ऐसा लगेगा जैसे सूरज आकाश से धीरे- धीरे नीचे की ओर जा रहा है। अगर आप नेतरहाट की यात्रा करने जा रहें हैं तो इस जगह को देखने के लिए जरूर जाएं।*




## 32 फीट की ऊंचाई से गिरता है निचला घाघरी झरना



निचले घाघरी झरने नेतरहाट के प्रमुख पर्यटन आकर्षणों में से एक है जहां की यात्रा आपको अवश्य करना चाहिए। निचले घाघरी झरने घने जंगल में स्थित एक ऐसी जगह है जहां पर 32 फीट से गिरता हुआ झरना है। ये झरना जंगल के बीच से अपना रास्ता बनाते हुए एक छोटी नदी के समान नजर आता है। इस झरने के दोनों किन्नारों पर पेड़ लगे हुए हैं जो इसे और भी ज्यादा खूबसूरत बनाते हैं।


## झारखंड घूमने का है मन, तो इस छिपे हुए सुंदर हिल स्टेशन का बनाएं प्लान



**आपने** हिमाचल और उत्तराखंड में पहाड़ों की खूबसूरती देखी होगी। जब भी पहाड़ देखने का मन करता है तो हमारे जेहन मे इन दो राज्यों का ही ख्याल आता है लेकिन ऐसा है नहीं। पहाड़ों की सुंदरता झारखंड में भी है। यकीन मानिए आप यहाँ आएंगे तो उत्तराखंड-हिमाचल को भूल जाएंगे। झारखंड बेहद खूबसूरत है लेकिन ये राज्य अभी भी लोग के लिए अनछुआ है। इसी झारखंड में एक खूबसूरत और छिपा हुआ हिला स्टेशन है, नेतरहाट।



**नेतरहाट** को झारखंड का दिल कहा जाता है जहां हर तरफ अपार खूबसूरती है। जहां आप प्रकृति के बीच चिड़ियों का चहचहाना सुन सकते हैं। ये हिल स्टेशन सनराइज और सनसेट के लिए भी फेमस है। अगर आप सुकून और शांति चाहते हैं तो नेतरहाच हिल स्टेशन उसके लिए परफेक्ट है। यकीन मानिए झारखंड का नेतरहाट आपको किसी भी तरह से निराश नहीं करेगा। हर घुमक्कड़ को एक बार झारखंड के इस हिल स्टेशन की यात्रा जरूर करनी चाहिए।



**नेतरहाट** को झारखंड का मसूरी भी कहा जाता है। नेतरहाट झारखंड के लातेहार जिले में स्थित है जो रांची से 144 किमी. की दूरी पर है। पहाड़ों और जंगलों से घिरी इस जगह पर आदिवासी बहुत रहते हैं। यहां बिरहोर, उरांव और बिरजिया जनजाति के लोग रहते हैं। इसे छोटा नागपुर रानी भी कहते हैं। पहले यहां बांस का बहुत बड़ा जंगल था जिसे नेतरहातु कहा जाता था। बांस को स्थानीय भाषा में नेतुर कहते हैं। उसी के नाम पर इस जगह का नाम नेतरहाट पड़ा। नेतर यानी कि बांस और हातु मतलब हाट। समुद्र तल से 3,622 फीट की ऊंचाई पर स्थित इस हिल स्टेशन पर वाटरफॉल से लेकर कई खूबसूरत झीलें हैं जो आपके सफर को यादगार बना देंगी।



**नेतरहाट** में एक खूबसूरत गॉर्डन है, नाशपति गॉर्डन। यहां आप नेतरहाट की एक अलग खूबसूरती से रूबरू होंगे। इस गॉर्डन में चारों तरफ फूल ही फूल दिखाई देंगे। जिनकी खूबसूरती को देखकर आप मन खुश हो उठेगा। यहाँ से जाने के बाद भी नाशपति का ये खूबसूरत गॉर्डन आपके जेहन में बना रहेगा। अक्सर लोग नेतरहाट आते हैं लेकिन इस जगह पर जाना भूल जाते हैं। अगर आप नेतरहाट आते हैं तो इस जगह को अपनी बकेट लिस्ट में जरूर रखना चाहिए।

1. **बेतला राष्ट्रीय उद्यान :** यदि आप एक प्रकृति प्रेमी हैं तो आपको बेतला राष्ट्रीय उद्यान घूमने के लिए काफी अद्भुत जगह मिलेगी, खासकर अपने बच्चों के साथ। यह राष्ट्रीय उद्यान आकर्षक पलामू जिले के पहाड़ी इलाके में स्थित है। बेतला राष्ट्रीय उद्यान वनस्पतियों और जीवों की विविध प्रजातियों का घर है, जिन्हें आप पार्क में एक साहसिक सफारी पर देख सकते हैं।

2. **ऊपरी घाघरी जलप्रपात :** ये झरने देखने में बेहद सुखद हैं और नेतरहाट से 4 किमी दूर स्थित हैं। विशाल और बादलों से भरा आकाश इस पूरे मामले को काफी रोचक बना देता है। अपने सामने गिरती पानी की तेज धाराओं का अनुभव करने के लिए देश भर से लोग यहां पहुंचते हैं। इस स्थान के चारों ओर जो दिव्य वातावरण है और इस जादुई दृश्य को देखकर जो आनंद महसूस होता है उसे शब्दों में व्यक्त नहीं किया जा सकता है।

3. **मैगनोलिया प्वाइंट :** अपने प्रियजनों के साथ घूमने के लिए मैगनोलिया पॉइंट सबसे दिलचस्प जगहों में से एक है। शाम को लगभग छह बजे, पर्यटक अपने दिन के काम को लपेटते हुए सूर्य को आकाश से विदा होते हुए देख सकते हैं। अब वह पल आपकी आंखों और यादों में हमेशा के लिए कैद हो गया है।

4. **सदनी जलप्रपात :** सदनी फॉल्स घूमने के लिए काफी दिलचस्प जगह है। यह नेतरहाट के क्षेत्र से लगभग 35 किमी दूर स्थित है। यहां एक आश्चर्यजनक बात यह है कि यह झरना एक सांप के आकार में है जो बेहद दिलचस्प है।

5. **कोयल व्यू पॉइंट :** कोयल व्यू पॉइंट नेतरहाट से लगभग 3 किमी की दूरी पर स्थित है। यदि आप इस स्थान पर जाते हैं तो आपको कोयल नदी के स्पष्ट और मंत्रमुग्ध कर देने वाले दृश्य देखने को मिलेंगे।

6. **नेतरहाट हिल्स :** अपने प्रियजनों के साथ घूमने के लिए नेतरहाट हिल्स काफी अद्भुत जगह है। पहाड़ियों के आसपास स्थित घने जंगल इस जगह के हरे-भरे प्राकृतिक दृश्य पेश करते हैं।

7. **सनराइज प्वाइंट :** अगर आप टाइम-लैप्स को अपने कैमरे में कैद करना चाहते हैं, तो सनराइज पॉइंट वह जगह है जहां आप ऐसा कर सकते हैं। क्षितिज पर सूर्य के शानदार उदय को पकड़ने के लिए जल्दी जाएं।

8. **नेतरहाट पहुंचने के मार्ग :** नेतरहाट के लिए रांची से बस, टैक्सी से जाया जा सकता है ।पर्यटक इस प्राकृतिक पर्यटन स्थल तक पहुंचने के लिए अपने निजी वाहन का भी प्रयोग करते हैं । जो भी पर्यटक सड़क मार्ग से जाना चाहते हैं उन्हें झारखंड की वन अभ्यारण्य की असली खुबसूरती नजर देखने का अनुभव होगा । सड़को के दोनों ओर हरे भरे पेड़ मन को धीमे धीमे अपनी ओर आकर्षित करते हैं ।रांची से लोहरदगा होते हुए लगभग 102 किमी पर स्थित घाघरा चौक से दाहिनी तरफ से नेतरहाट की दूरी लगभग 55 किमी है। रास्ते में आने वाले ग्रामीण क्षेत्र की बस्तियों का नजारा भी मनमोहक लगता है।

9. **ठहरने की व्यवस्था :** झारखंड पर्यटन विभाग द्वारा नेतरहाट रिजॉर्ट प्रभात विहार होटल का निर्माण किया गया है। यहां ठहरने एवं खाने का उत्तम प्रबंध है। प्रभात विहार होटल से करीबन 3 किलोमीटर की दूरी पर स्थित नेतरहाट डैम से संपूर्ण नेतरहाट का पानी सप्लाई किया जाता है।